4. कुलपति को उत्तरोत्तर आदेशों को पारित करने की शक्ति प्राप्त है—*कुलपति, वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय* बनाम *जगदीश नारायण पाण्डेय,* ए० आई० आर० 1969 इलाहाबाद 376 के वाद में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पूर्णपीठ को इस धारा की उपधारा (10) के समान, उ० प्र० वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम (1956 का 28) की धारा 12 (6) पर विचार करने का अवसर प्राप्त हुआ एवं उस वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया था कि कुलपति को उत्तरोत्तर आदेशों को पारित करने की शक्ति प्राप्त है। अग्रेतर यह अभिनिर्धारित किया गया कि यदि इस शक्ति का दुरुपयोग किया जाता है अथवा छद्म रूप से प्रयोग किया जाता है अथवा यदि इस शक्ति का अपेक्षित शर्तों की विद्यमानता के अभाव में प्रयोग किया जाता है, तो उस शक्ति के प्रयोग को समुचित विधिक कार्यवाहियों में प्रश्नगत किया जा सकेगा और समुचित वादों में उसे समाप्त किया जा सकेगा, लेकिन उसका अभिप्राय यह नहीं होगा कि वह शक्ति विद्यमान ही नहीं है।

5. जाँच की प्रकृति—जाँच को न्याय और निष्पक्षता की मूल धारणा से सुसंगत रीति से किया जायेगा। *उड़ीसा राज्य* बनाम *डॉ० (कु०) बीना पानी,* ए० आई० आर० 1967 एस० सी० 1269 (1271)।

6. Power to appoint not to be arbitrary.—The power to appoint a Vice-Chancellor has its source in the University. It must not be exercised arbitrarily. It can be exercised only for good cause, i.e. in the interested of the University and only when it is found after due inquiry held in the manner consistent with the rules of natural justice, that the holder of the office is unfit to continue as Vice-Chancellor. *Bool Chand v. Kurukshetra University,* A.I.R. 1968 S.C. 292.

7. Removal of the Vice-Chancellor.—Under the First Statutes framed by the University, in case, the Chancellor is of the opinion that the Vice-Chancellor has, intentionally and wilfully, violated the provisions as this Act or omitted to carry out them or misused the powers vested in him and if it appears to the Chancellor that the said Vice-Chancellor's continuance in his office is not in the interests or the University, the Chancellor, after due inquiry, by an order, may remove him from his office. *Comments based on the provisions of the Act.*

13. Powers and duties of the Vice-Chancellor.—(1) The Vice-Chancellor shall be the principal executive and academic officer of the University and shall—

(a) exercise general supervision and control over the affairs of the University including the constituent colleges and the Institutes maintained by the University and its affiliated and associated colleges;

(b) give effect to the decisions of the authorities of the University;

(c) in the absence of the Chancellor, preside at meetings of the Court and at any convocation of the University;

(d) be responsible for the maintenance of discipline in the University;

[1][(e) be responsible for holding and conducting the University examinations properly and at due time and for ensuring that the results of such examinations are published expeditiously and that the academic session of the University starts and ends on proper dates].

(2) He shall be an *ex officio* member and Chairman of the Executive Council, Academic Council and the Finance Committee.

(3) He shall have the right to speak in and otherwise to take part in the meeting of any other authority or body of the University but shall not by virtue of his sub-section be entitled to vote.

(4) It shall be the duty of the Vice-Chancellor to ensure the faithful observance of the provisions of this Act, the Statutes and the Ordinances and he shall, without prejudice to the powers of the Chancellor [2][under Sections 10 and 68] possess all such powers as may be necessary in that behalf.

(5) The Vice-Chancellor shall have the power to convene or cause to be convened meetings of the Executive Council, the Court, the Academic Council and the Finance Committee :

Provided that he may delegate this power to any other officer of the University.

---

1. Ins. by U.P. Act No. 5 of 1977.
2. Subs. by U.P. Act No. 29 of 1974.

6. नियुक्ति करने की शक्ति निरंकुश नहीं होनी चाहिए—उपकुलपति को नियुक्त करने की शक्ति का स्रोत विश्वविद्यालय अधिनियम में है। इसका प्रयोग निरंकुश ढंग से नहीं किया जाना चाहिए। इसका प्रयोग केवल अच्छे हेतुक के लिए अर्थात् विश्वविद्यालय के हित में ही किया जा सकता है और केवल तभी जब, नैसर्गिक न्याय के नियमों से सुसंगत रीति से जांच करने के पश्चात् यह पाया जाये कि उस पद का धारक उपकुलपति के रूप में बने रहने के लिए अनुपयुक्त है। *बूल चन्द* बनाम *कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,* ए० आई० रि० 1968 एस० सी० 292।

7. उपकुलपति का अपसारण—विश्वविद्यालय द्वारा विरचित प्रथम परिनियमों के अधीन, यदि कुलपति को यह राय है कि उपकुलपति ने जानबूझ कर और इच्छायुक्त ढंग से इस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है और उनका पालन करने से लोप किया है अथवा अपने में निहित की गयी शक्तियों का दुरुपयोग किया एवं कुलपति को यह लगता है कि उक्त उपकुलपति का अपने पद में बने रहना विश्वविद्यालय के हित में नहीं है, तो कुलपति सम्यक् जांच के पश्चात्, आदेश से उसे उसके पद से अपसारित कर सकेगा। (टिप्पणी अधिनियम के प्रावधानों पर आधारित)।

13. उपकुलपति की शक्तियाँ एवं कर्तव्य—(1) उपकुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक और शैक्षणिक अधिकारी होगा और वह—

(क) विश्वविद्यालय और उसके सम्बद्ध एवं सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा अनुरक्षित संघटक महाविद्यालयों और संस्थानों सहित विश्वविद्यालय के कार्यकलापों का सामान्य पर्यवेक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा;

(ख) विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों के विनिश्चयों को प्रभावी बनायेगा;

(ग) कुलपति की अनुपस्थिति में, सभा की बैठकों एवं विश्वविद्यालय के किसी भी दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेगा;

(घ) विश्वविद्यालय में अनुशासन को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होगा;

[1][(ङ) विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को आयोजित करने एवं उन्हें समुचित ढंग से और सम्यक् समय पर संचालित करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा कि उन परीक्षाओं के परिणामों को शीघ्र ही प्रकाशित किया जाये और यह कि विश्वविद्यालय का शैक्षिक सत्र समुचित तारीखों पर प्रारम्भ हो तथा समाप्त हो।]

(2) वह कार्यपरिषद्, विद्या परिषद् एवं वित्त समिति का पदेन सदस्य एवं अध्यक्ष होगा।

(3) उसे विश्वविद्यालय के किसी अन्य प्राधिकारी अथवा निकाय की बैठक में बोलने और अन्य प्रकार से उसमें भाग लेने का अधिकार प्राप्त होगा, लेकिन वह इस उपधारा के आधार पर मतदान करने का हकदार नहीं होगा।

(4) उपकुलपति का यह कर्तव्य होगा कि वह इस अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों के प्रावधानों का सत्यनिष्ठा से पालन करे और वह [2][धारा 10 एवं 68 के अधीन] कुलपति की शक्तियों पर कोई भी प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उन सभी शक्तियों को धारित करेगा जो उस निमित्त आवश्यक हो।

(5) उपकुलपति को कार्यपरिषद्, सभा, विद्या परिषद् और वित्त समिति की बैठकों को आयोजित करने अथवा उन्हें आयोजित कराने की शक्ति प्राप्त होगी :

परन्तु यह कि वह विश्वविद्यालय के अन्य किसी भी अधिकारी को यह शक्ति प्रत्यायोजित कर सकेगा।

---

1. 1977 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 5 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. 1974 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 29 द्वारा प्रतिस्थापित।

(6) Where any matter [1][other than the appointment of teacher of t University] is of urgent nature requiring immediate action and the same cou not be immediately dealt with by any officer or the authority or, other body the University empowered by or under this Act to deal with it, the Vic Chancellor may take such action as he may deem fit and shall forthwit report the action taken by him to the Chancellor and also to the office authority, or other body who or which in the ordinary course would have deal with the matter :

Provided that no such action shall be taken by the Vice-Chancello without the previous approval of the Chancellor, if it would involve a deviation from the provisions of the Statutes or the Ordinances :

Provided further that if the officers, authority or other body is of opinion that such action ought not to have been taken, it may refer the matter to the Chancellor who may either confirm the action taken by the Vice-Chancellor or annual the same or modify it in such manner, as he thinks fit and thereupon, it shall cease to have effect or, as the case may be, take effect in the modified form, so however, that such annulment or modification shall be without prejudice to the validity of anything previously done by or under the order of the Vice-Chancellor :

Provided also that any person in the service of University who is aggrieved by the action taken by the Vice-Chancellor under this sub-section, shall have the right to appeal against such action to the Executive Council within three months from the date on which decision on such action is communicated to him and thereupon, the Executive Council may confirm, modify or reverse the action taken by the Vice-Chancellor.

(7) Nothing in sub-section (6) shall be deemed to empower the Vice-Chancellor to incur any expenditure not duly authorised and provided for in the budget.

(8) Where the exercise of the power by the Vice-Chancellor under sub-section (6) involves the appointment of an officer [2][* * *], such appointment shall terminate on appointment being made in the prescribed manner or on the expiration of a period of six months from the date of the order of the Vice-Chancellor, whichever is earlier.

(9) The Vice-Chancellor shall exercise such other powers as may be laid down by the Statutes and the Ordinances.

SYNOPSIS

1. Nature of the opportunity to be provided by the Vice-Chancellor.
2. Offence involving moral turpitude.
3. Entertaining of oral complaint/Explanation by the Vice-Chancellor.
4. No power to make *ad hoc* appointment.
5. Power of the Vice-Chancellor quasi-judicial.

1. Ins. by U.P. Act No. 1 of 1992 (w.e.f. 22-11-1991).
2. The words "or a teacher of the University" omited by U.P. Act No. 1 of 1992 (w.e.f. 22-11-1991).

(6) जहां [1][विश्वविद्यालय के अध्यापक की नियुक्ति को छोड़कर] अन्य कोई भी मामला अत्यावश्यक प्रकृति का है जिसमें तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है और उससे विश्वविद्यालय के किसी भी अधिकारी या प्राधिकारी या अन्य ऐसे किसी निकाय द्वारा तत्काल संव्यवहार नहीं किया जा सकता था, जो इस अधिनियम द्वारा अथवा उसके अधीन उससे संव्यवहार करने के लिए सशक्त था, तो वहां उपकुलपति ऐसी कार्रवाई कर सकेगा जिसे वह उपयुक्त समझे और वह अपने द्वारा की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट अविलम्ब कुलपति को और साथ ही उस अधिकारी, प्राधिकारी, अथवा अन्य निकाय को देगा जिसने साधारण अनुक्रम में उस मामले से संव्यवहार किया होता :

परन्तु यह कि कुलपति के पूर्वानुमोदन के बिना उपकुलपति द्वारा ऐसी कोई भी कार्रवाई नहीं की जायेगी यदि वह परिनियमों या अध्यादेशों के प्रावधानों से विचलन में लिप्त होता हो :

परन्तु अग्रेतर यह कि यदि उन अधिकारियों, प्राधिकारी अथवा अन्य निकाय की यह राय हो कि उस कार्रवाई को नहीं किया जाना चाहिए था तो वह मामला कुलपति के समक्ष निर्दिष्ट कर सकेगा जो या तो उपकुलपति द्वारा की गयी कार्रवाई की पुष्टि कर सकेगा अथवा उसे रद्द कर सकेगा या उसे ऐसी रीति से उपान्तरित कर सकेगा जिसे वह उपयुक्त समझे और तत्पश्चात् उसका प्रभावी होना बन्द हो जायेगा अथवा जैसा विषय हो उस उपान्तरित रूप में प्रभावी होगा किन्तु ऐसे निष्प्रभावी होने या उपान्तरित होने का उपकुलपति द्वारा अथवा उसके आदेश के अधीन पूर्वतन की गयी किसी भी बात की वैधता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा :

परन्तु यह भी कि विश्वविद्यालय की सेवा में ऐसा कोई भी व्यक्ति, जो इस उपधारा के अधीन उपकुलपति द्वारा की गयी कार्रवाई से क्षुब्ध है, को उस कार्रवाई के विरुद्ध कार्यपरिषद् के समक्ष उस तारीख से तीन माह के भीतर अपील करने का अधिकार प्राप्त होगा जिस पर उस कार्रवाई पर विनिश्चय की सूचना उसे दी जाती है और उसके पश्चात् कार्यपरिषद् उपकुलपति द्वारा की गयी कार्रवाई की पुष्टि कर सकेगी, उसे उपान्तरित कर सकेगी या उसे अभिशून्य करार दे सकेगी।

(7) उपधारा (6) में कही गयी किसी भी बात का उपकुलपति को ऐसे किसी भी व्यय को उपगत करने के लिए सशक्त करना नहीं समझा जायेगा जिसे करने के लिए वह सम्यक् रूप से प्राधिकृत नहीं है और जिसका बजट में प्रावधान नहीं किया गया है।

(8) जहाँ उपधारा (6) के अधीन उपकुलपति द्वारा शक्ति के प्रयोग में किसी अधिकारी [2][* * *] की नियुक्ति अन्तर्वलित है तो वहाँ वह नियुक्ति निर्धारित रीति से नियुक्ति के किए जाने पर अथवा जो भी पहले हो, उपकुलपति के आदेश की तारीख से छः माह की अवधि के समाप्त होने पर समाप्त हो जायेगी।

(9) उपकुलपति ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जिन्हें परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा निर्दिष्ट किया जाये।

टिप्पणियाँ

1. अवसर की प्रकृति का उपकुलपति द्वारा बताया जाना
2. नैतिक अधमता को अन्तर्वलित करते हुए अपराध
3. कुलपति द्वारा मौखिक परिवाद/स्पष्टीकरण ग्रहण करना
4. तदर्थ नियुक्ति की कोई शक्ति
5. उपकुलपति की शक्ति न्यायिक-कल्प प्रकृति की

---

1. 1972 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 1 द्वारा अन्त:स्थापित (22-11-1991 से प्रभावी)।
2. पदावली ''अथवा विश्वविद्यालय के अध्यापक'' का 1992 के उ०प्र० अधिनियम संख्यांक 1 द्वारा लोपित (22-11-1991 से प्रभावी)।

1. *Nature of the opportunity to be provided by the Vice-Chancellor.*—Unless a person is made aware of the fact that he is being accused of some thing, question of refuting the allegations or putting in his defence does not arise. If action has been taken against any person without making him aware of the accusation levelled against him, it would necessarily follow that an opportunity to put in his defence has been denied to him. *Shafi Ahmad* v. *Roorkee University*, 1978 All. L.J. 567.

2. *Offence involving moral turpitude.*—The respondent-University had reinstated petitioner Shri Jaswant Singh Sajwan who had been convicted under Section 60 of the Excise Act, and was imposed a fine of Rs. 150 for possessing two pouches of illicit liquor. From the factual background, it may be presumed that the University was not treating the possession of illicit liquor as an offence involving moral turpitude. The action of the respondents in terminating the services of the petitioner who have been held guilty of similar offence under Section 60 of the Excise Act was arbitrary and discriminatory. *Parashu Ram Semwal* v. *The Registrar, Hemwati Nandan Bahuguna, Garhwal University, Srinagar, Garhwal*, (2001) 1 U.P.L.B.E.C. 93 (All.).

3. *Entertaining of oral complaint/Explanation by the Vice-Chancellor.*—Where a person does not make a complaint or give an explanation in writing, the Vice-Chancellor or the Proctor cannot over look the complaint or explanation made orally. Non-consideration of the oral explanation of the person proceeded against even though he does not put in appearance, would be a flaw which would vitiate the proceedings of the inquiry committee as it would amount to violation of the principle of natural justice. Special Appeal No. 193 of 1973, *Vice Chancellor of University of Allahabad* v. *Shri Jagdish Chandra Dixit and others* decided by Division Bench on 27-9-1973.

4. *No power to make* ad hoc *appointment.*—As is clear from the provision of this section, the Vice-Chancellor should not be given any power to make *ad hoc* appointment of a teacher of the University. *Dr. Prabhu Narain Saxena* v. *Vice-Chancellor, Dr. Bheem Rao Ambedkar University, Agra*, (2001) 1 U.P.L.B.E.C. 86 (All.).

5. *Power of the Vice-Chancellor quasi-judicial.*—According to Clause (d) of sub-section (1), the Vice-Chancellor is expected to exercise quasi-judicial powers in punishing students for breach of discipline. *Gajadhar Prasad* v. *Allahabad University*, A.I.R. 1966 All. 477.

14. The Pro-Vice-Chancellor.—(1) This section applies only to the Universities of Lucknow, [1][* * *] and Gorakhpur and to any other University specified in that behalf by the State Government by notification in the Gazette.

(2) The Vice-Chancellor, if he considers necessary, may appoint a Pro-Vice-Chancellor from amongst the Professors of the University.

(3) The Pro-Vice-Chancellor appointed under sub-section (2) shall discharge his duties in addition to his duties as a Professor.

(4) The Pro-Vice-Chancellor shall hold office at the pleasure of the Vice-Chancellor.

(5) The Pro-Vice-Chancellor shall get an honorarium of Rupees three hundred per month.

---

1. The word "Allahabad" omitted by Act No. 26 of 2005 (w.e.f. 14-7-2005).

1. अवसर की प्रकृति का उपकुलपति द्वारा बताया जाना—जब तक व्यक्ति को इस तथ्य से भिज्ञ नहीं किया जाता कि उसे किसी बात के लिए दोषारोपित किया जा रहा है, तब तक आरोपों को खण्डित करने अथवा अपनी प्रतिरक्षा को करने का प्रश्न नहीं उठता है। यदि उसे उसके विरुद्ध लगाये गये आरोप से भिज्ञ किये बिना कोई कार्रवाई की जाती है, तो आवश्यक रूप से यह परिणामित होगा कि उसे अपनी प्रतिरक्षा प्रस्तुत करने से वंचित किया गया है। *शाहब अहमद* बनाम *रुड़की विद्यालय,* 1978 ए० एल० जे० 567।

2. नैतिक अधमता की अन्तर्वलित करते हुए अपराध—प्रत्युत्तरदाता-विश्वविद्यालय ने याची श्री जसवन्त सिंह सजवान को पुनर्बहाल किया था जिसे उत्पादक शुल्क अधिनियम की धारा 60 के अधीन सिद्धदोष किया गया था और उसे दो पाउच अवैध मदिरा रखने के लिए 150 रु० का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया था। तथ्यात्मक भूमि से यह उपधारित किया जा सकता है कि विश्वविद्यालय अवैध मदिरा के कब्जे को नैतिक अधमता अन्तर्वलित करते हुए अपराध के रूप में नहीं मान रहा था। याची, जिसे उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 60 के अधीन इसी प्रकार के अपराध का दोषी पाया गया, की सेवाओं को समाप्त करने में प्रत्युत्तरदातागण की कार्रवाई मनमानापूर्ण एवं भेदभावकारी था। *परशु राम सेमवाल* बनाम *रजिस्ट्रार, हेमवती नन्दन बहुगुणा, गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल,* (2001) 1 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 53 (इला०)।

3. कुलपति द्वारा मौखिक परिवाद/स्पष्टीकरण ग्रहण करना—जहाँ कोई व्यक्ति लिखित रूप में परिवाद नहीं करता है अथवा लिखित स्पष्टीकरण नहीं देता है, तो उपकुलपति अथवा प्रॉक्टर मौखिक रूप से किये गये परिवाद अथवा स्पष्टीकरण की अनदेखी नहीं कर सकता है। उस व्यक्ति के, जिसके विरुद्ध कार्यवाही की गयी हो, मौखिक स्पष्टीकरण के बारे में अविचारण, भले ही उसने उपसंजाति न की हो, ऐसा दोष होगा जो जांच समिति की कार्यवाहियों को दूषित कर देगा क्योंकि वह नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के उल्लंघन की कोटि में आयेगा। *उपकुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय* बनाम *श्री जगदीश चन्द्र दीक्षित एवं अन्य,* शीर्षकान्तर्गत वर्ष 1973 की विशेष अपील सं० 193, खण्डपीठ द्वारा 27-9-1973 को विनिश्चित।

4. तदर्थ नियुक्ति की कोई शक्ति—जैसा कि इस धारा के प्रावधानों से स्पष्ट है, उपकुलपति को विश्वविद्यालय के अध्यापक की तदर्थ नियुक्ति की कोई नियुक्ति प्रदान नहीं की जानी चाहिए। *डॉ० प्रभु नारायण सक्सेना* बनाम *उपकुलपति, डॉ० भीम राव अम्बेदकर विश्वविद्यालय, आगरा,* (2001) 1 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 86 (इला०)।

5. उपकुलपति की शक्ति न्यायिक-कल्प प्रकृति की—उपधारा (1) के खण्ड (घ) के अनुसार, उपकुलपति से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अनुशासन के भंग हेतु विद्यार्थियों को दण्डित करने में न्यायिक-कल्प शक्तियों का प्रयोग करेगा। *गजाधर प्रसाद* बनाम *इलाहाबाद विश्वविद्यालय,* ए० आई० आर० 1966 इलाहाबाद 477।

14. प्रति उपकुलपति—(1) यह धारा केवल लखनऊ, [1][* * *] और गोरखपुर के विश्वविद्यालयों के लिए और गजट में अधिसूचना द्वारा राज्य सरकार द्वारा उस निमित्त विनिर्दिष्ट किये गये अन्य किसी भी विश्वविद्यालय के लिए लागू होती है।

(2) उप-कुलपति, यदि वह आवश्यक समझे, विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों में से प्रति उप-कुलपति को नियुक्त कर सकेगा।

(3) उपधारा (2) के अधीन नियुक्त प्रति उपकुलपति प्रोफेसर के रूप में अपने कर्तव्यों के अतिरिक्त अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

(4) प्रति उपकुलपति उपकुलपति के प्रसाद पर पद को धारित करेगा।

(5) प्रति उपकुलपति को तीन सौ रुपये प्रतिमाह का मानदेय प्राप्त होगा।

---

1. शब्द "इलाहाबाद" का 2005 के अधिनियम संख्या 26 द्वारा लोपित (14-7-2005 से प्रभावी)।

(6) The Pro-Vice-Chancellor shall assist the Vice-Chancellor in respect of such matters, as may be specified by the Vice-Chancellor in this behalf from time to time and shall preside over the meetings of the University in the absence of the Vice-Chancellor and shall exercise such other powers and perform such duties as may be assigned or delegated to him by the Vice-Chancellor.

NOTIFICATION

English translation of Shiksha Anubhag-10, Noti. 3452/XV-X-94-6 (6)-94, dated November 14, 1994, published in the U.P. Gazette, Extra., Part 4 Section (Kha), dated 14th November, 1994

In exercise of the powers under sub-section (1) of Section 14 of the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973 (President's Act No. 10 of 1973) as amended and re-enacted by the Uttar Pradesh Universities (Re-enactment and Amendment) Act, 1974 (U.P. Act No. 29 of 1974), the Governor is pleased to specify with effect from the date of publication of this notification in the Gazette, the following other Universities to which Section 14 of the said Act shall apply :

(1) The University of Agra.

(2) The University of Kanpur.

(3) Chaudhary Charan Singh University, Meerut.

(4) Sampurnanand Sanskrit Vishwavidyalaya, Varanasi.

(5) Kashi Vidyapith, Varanasi.

(6) The University of Kumaun.

(7) Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University.

(8) Doctor Ram Manohar Lohia University, Faizabad.

(9) The University of Bundelkhand.

(10) The University of Rohilkand.

15. The Finance Officer.—(1) There shall be a Finance Officer for the University, who shall be appointed by the State Government by a notification published in the Official Gazette and his remuneration and allowances shall be paid by the University.

(2) The Finance Officer shall be responsible for presenting the budget (annual estimates) and the statement of accounts to the Executive Council and also for drawing and disbursing funds on behalf of the University.

(3) He shall have the right to speak in and otherwise to take part in the proceedings of the Executive Council but shall not be entitled to vote.

(4) The Finance Officer shall have the duty—

(a) to ensure that no expenditure, not authorised in the budget, is incurred by the University (otherwise than by way of investment);

(b) to disallow any proposed expenditure which may contravene the provisions of this Act or the terms of any Statutes or Ordinances;

(6) प्रति उपकुलपति उपकुलपति की ऐसे मामलों के सम्बन्ध में सहायता करेगा जिन्हें उपकुलपति द्वारा इस निमित्त समय-समय पर विनिर्दिष्ट किया जा सकेगा और वह उपकुलपति की अनुपस्थिति में विश्वविद्यालय की बैठकों में अध्यक्षता करेगा और ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्तव्यों का पालन करेगा जिन्हें उपकुलपति द्वारा उसे समनुदेशित या प्रत्यायोजित किया जा सकेगा।

अधिसूचना

दिनांक 14 नवम्बर, 1994 के उ० प्र० गजट, असाधारण, भाग-4, अनुभाग (ख) के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित दिनांक 14 नवम्बर, 1994 की शिक्षा अनुभाग-10 अधिसूचना 3452/XV-X-94-6(6)-94 का अंग्रेजी अनुवाद

उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय (पुन: अधिनियमितीकरण और संशोधन) अधिनियम, 1974 (1974 का उ० प्र० अधिनियम संख्या 29) द्वारा यथा संशोधित और पुन: अधिनियमित उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (वर्ष 1973 का राष्ट्रपति महोदय का अधिनियम संख्या 10) की धारा 14 की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्यपाल महोदय ने गजट में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से निम्नलिखित अन्य विश्वविद्यालयों को विनिर्दिष्ट करने में संतोष का अनुभव किया है जिनके लिए उक्त अधिनियम की धारा 4 लागू होगी,—

(1) आगरा विश्वविद्यालय;

(2) कानपुर विश्वविद्यालय;

(3) चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ;

(4) सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी;

(5) काशी विद्यापीठ, वाराणसी;

(6) कुमायूं विश्वविद्यालय;

(7) हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्वविद्यालय, गढ़वाल;

(8) डॉ० राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, फैजाबाद;

(9) बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय;

(10) रोहिलखण्ड विश्वविद्यालय।

15. वित्त अधिकारी—(1) विश्वविद्यालय के लिए एक वित्त अधिकारी होगा जिसकी नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा शासकीय गजट में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा की जायेगी एवं उसके पारिश्रमिक तथा भत्तों को विश्वविद्यालय द्वारा संदाय किया जायेगा।

(2) वित्त अधिकारी बजट (वार्षिक प्राक्कलन) और लेखा विवरणों को कार्यपरिषद् के समक्ष प्रस्तुत करने और साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से निधियों को निकालने एवं उनका संवितरण करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(3) उसे कार्यपरिषद् की कार्यवाहियों में बोलने और अन्य प्रकार से उनमें भाग लेने का अधिकार प्राप्त होगा, लेकिन वह मतदान करने का हकदार नहीं होगा।

(4) वित्त अधिकारी के निम्न कर्तव्य होंगे—

(क) यह सुनिश्चित करना कि ऐसा कोई भी व्यय, जिसे बजट में प्राधिकृत नहीं किया गया है, विश्वविद्यालय द्वारा (विनियोग को छोड़कर अन्य किसी प्रकार से) उपगत नहीं किया जायेगा;

(ख) ऐसे किसी भी प्रस्तावित व्यय को अननुज्ञात करना जिससे इस अधिनियम के प्रावधानों अथवा किन्हीं परिनियमों अथवा अध्यादेशों के निबन्धनों का अतिलंघन होता हो;

(c) to ensure that no other financial irregularity is committed and to take steps to set right any irregularities pointed out during audit;

(d) to ensure that the property and investments of the University are duly preserved and managed.

(5) The Finance Officer shall have access to and may require the production of such records and documents of the University and the furnishing of such information pertaining to its affairs as in his opinion may be necessary for the discharge of his duties.

(6) All contracts shall be entered into and signed by the Finance Officer on behalf of the University.

(7) Other powers and functions of the Finance Officer shall be such as may be prescribed.

16. The Registrar.—(1) The Registrar shall be a whole-time Officer of the University.

(2) The Registrar shall be appointed in accordance with, and his conditions of service shall be governed by rules made under Section 17.

(3) The Registrar shall have the power to authenticate records on behalf of the University.

(4) The Registrar shall be responsible for the due custody of the records and the common seal of the University. He shall be *ex officio* Secretary of the Executive Council, the Court, [1][the Academic Council and the Admissions Committee] and of every Selection Committee for appointment of teachers of the University, and shall be bound to place before these authorities all such information as may be necessary for transaction of their business. He shall also perform such other duties as may be prescribed by the Statutes and Ordinances are required, from time to time, by the Executive Council or the Vice-Chancellor but he shall not, by virtue of this sub-section, be entitled to vote.

[2][(5) [* * *]

(6) The Registrar shall not be offered nor shall he accept any remuneration for any work in the University save such as may be provided for by rules made under Section 17.

[3][**16-A. The Controller of Examination.**—(1) This section applies only to the Universities of Lucknow, Allahabad, Gorakhpur and Kanpur and to any other University specified in that behalf by the State Government by notification in the Official Gazette.

(2) The Controller of Examination shall be a whole time Officer of the University.

(3) The Controller of Examination shall be appointed by the State Government by a notification published in the Official Gazette and his remuneration and allowances shall be paid by the University.

1. Subs. by U.P. Act No. 14 of 1995 (w.e.f. 25-2-1995).
2. Omitted by U.P. Act No. 14 of 1995 (w.e.f. 25-2-1995).
3. Ins. by U.P. Act No. 14 of 1995 (w.e.f. 25-2-1995).

(ग) यह सुनिश्चित करना कि अन्य कोई वित्तीय अनियमितता कारित न की जाये और अंकेक्षण के दौरान बतायी गयी किन्हीं अनियमितताओं को ठीक करने के लिए कदमों को उठाना;

(घ) यह सुनिश्चित करना कि विश्वविद्यालय की सम्पत्ति एवं विनियोगों को सम्यक् रूप से परिरक्षित एवं प्रबन्धित किया जाये।

(5) वित्त अधिकारी को विश्वविद्यालय के ऐसे अभिलेखों और दस्तावेजों तक पहुंच प्राप्त होगी और वह उनके प्रस्तुत किये जाने तथा उसके कार्यकलापों से सम्बन्धित ऐसी सूचना के प्रदान करने की अपेक्षा कर सकेगा जो उसकी राय में, उसके कर्तव्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक हो।

(6) सभी संविदाओं को वित्त अधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय की ओर से किया जायेगा और उसके द्वारा उन पर हस्ताक्षर किये जायेंगे।

(7) वित्त अधिकारी की अन्य शक्तियां एवं कार्य वो होंगे जिन्हें निर्धारित किया जा सकेगा।

16. **रजिस्ट्रार**—(1) रजिस्ट्रार विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा।

(2) रजिस्ट्रार को धारा 17 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार नियुक्त किया जायेगा और उसकी सेवा की शर्तें उनके द्वारा शासित होंगी।

(3) रजिस्ट्रार को विश्वविद्यालय के अधीन अभिलेखों को अधिप्रमाणित करने की शक्ति प्राप्त होगी।

(4) रजिस्ट्रार विश्वविद्यालय के अभिलेखों और सामान्य मुहर की सम्यक् अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा। वह कार्यपरिषद् सभा, [1][विद्या परिषद् और प्रवेश समिति] का और विश्वविद्यालय के अध्यापकों की नियुक्ति हेतु प्रत्येक चयन समिति का पदेन सचिव होगा और वह इन प्राधिकारियों के समक्ष उन सभी सूचनाओं को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य होगा जो उनके कामकाज को करने के लिए आवश्यक हों। वह ऐसे अन्य कर्तव्यों का भी पालन करेगा जिन्हें परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा विहित किया जा सकेगा, जिनकी कार्यपरिषद् या उपकुलपति द्वारा समय-समय पर अपेक्षा की जाये, लेकिन वह इस उपधारा के आधार पर मतदान करने का हकदार नहीं होगा।

(5) [2][* * *]

(6) रजिस्ट्रार को धारा 17 के अधीन बनाये गये नियमों द्वारा यथा उपबन्धित को छोड़कर विश्वविद्यालय में किसी भी कार्य के लिए कोई भी पारिश्रमिक नहीं दिया जायेगा न ही वह उसे स्वीकार करेगा।

[3][**16-क. परीक्षा नियंत्रक**—(1) यह धारा केवल लखनऊ, इलाहाबाद, गोरखपुर और कानपुर के विश्वविद्यालयों के लिए और शासकीय गजट में अधिसूचना द्वारा राज्यपाल द्वारा उस निमित्त विनिर्दिष्ट अन्य किसी भी विश्वविद्यालय के लिए लागू होती है।

(2) परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अधिकारी होगा।

(3) परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा शासकीय गजट में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा की जायेगी और उसके पारिश्रमिक एवं भत्तों को विश्वविद्यालय द्वारा संदाय किया जायेगा।

---

1. 1995 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 14 द्वारा प्रतिस्थापित (25-2-1995 से प्रभावी)।
2. 1995 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 14 द्वारा लोपित (25-2-1995 से प्रभावी)।
3. 1995 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 14 द्वारा अन्तःस्थापित (25-2-1995 से प्रभावी)।

(4) The Controller of Examinations shall be responsible for the due custody of the records pertaining to his work. He shall be *ex-officio* Secretary of the Examinations Committee of the University and shall be bound to place before such Committee all such information as may be necessary for transaction of its business. He shall also perform such other duties as may be prescribed by the Statutes and Ordinances as required, from time to time, by the Excutive Council or the Vice-Chancellor but he shall not, by virtue of this sub-section, be entitled to vote. He may require, from any office or institute of the University, the production of such return or the furnishing of such information as may be necessary for the discharge of his duties.

(5) The Controller of Examinations shall have Administrative control over the employees working under him and have, in this regard all the powers of the Registrar.

(6) Subject to the Superintendence of the Examinations Committee the Controller of Examinations shall conduct the Examinations and make all other arrangements therefore and be responsible for the due execution of all processes connected thereiwth.

(7) The Controller of Examinations shall not be offered nor shall he accept any remuneration for any work in the University, except in accordance with the order of the State Government.

(8) While the Controller of Examinations is for any reason is unable to act or the office of Controller of Examinations is vacant, all the duties of the office shall be performed by such person as may be appointed by the Vice-Chancellor, untill the Controller of Examinations resumes his duties or, as the case may be, the vacancy is filled.

[1][**16-B. Duties of Registrar with respect to examinations in certain Universities.**—In the Universities to which the provisions of Section 16-A do not apply, the duties of the Controller of Examinations shall be discharged by the Registrar and with respect to such Universities the Registrar shall be deemed to be the Controller of Examinations for the purposes of this Act].

17. Centralisation of services of Registrars, Deputy Registrars and Assistant Registrars.—(1) The State Government shall, by rules made by notification in the Official Gazette, provide for the creation of a separate service of Registrars, Deputy Registrars and Assistant Registrars, common to all the Universities and regulate the recruitment to and conditions of service of persons appointed to any such service :

[2][Provided that any rules made under this sub-section may be made retrospectively to a date not earlier than October 31, 1975].

(2) When any such service is created, the persons then serving on [3][the administrative posts of Registrars, Deputy Registrars and Assistant Registrars], if confirmed before May 14, 1973, shall be absorbed in the service

1. Ins. by U.P. Act No. 14 of 1995 (w.e.f. 25-2-1995).
2. Ins. by U.P. Act No. 5 of 1977.
3. Subs. by U.P. Act No. 29 of 1974.

(4) परीक्षा नियंत्रक अपने कार्य से सम्बन्धित अभिलेखों की सम्यक् अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा। वह विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति का पदेन सचिव होगा और वह उन सभी सूचनाओं को उस समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बाध्य होगा जो उसके कामकाज को करने के लिए आवश्यक हो सकेंगी। वह ऐसे अन्य कर्तव्यों का भी संपादन करेगा जो कार्यपरिषद् अथवा उपकुलपति द्वारा समय-समय पर यथा अपेक्षित परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा विहित किये जा सकेंगे, लेकिन वह इस उपधारा के आधार पर मतदान करने का हकदार नहीं होगा। वह विश्वविद्यालय के किसी भी कार्यालय अथवा संस्थान से उस विवरणी के प्रस्तुत किये जाने अथवा उस सूचना के प्रदान करने की अपेक्षा कर सकेगा जो उसके कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक हों।

(5) परीक्षा नियंत्रक को अपने अधीनस्थ कार्य कर रहे कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण प्राप्त होगा और उसे इस सम्बन्ध में रजिस्ट्रार की सभी शक्तियां प्राप्त होंगी।

(6) परीक्षा समिति के अधीक्षण के अध्यधीन परीक्षा नियंत्रक को परीक्षाओं को संचालित करना होगा और उनके लिए अन्य सभी प्रबन्धों को करना होगा एवं वह उससे सम्बद्ध सभी प्रक्रियाओं के सम्यक् निष्पादन के लिए उत्तरदायी होगा।

(7) परीक्षा नियंत्रक को राज्य सरकार के आदेश को छोड़कर अन्य किसी भी प्रकार से विश्वविद्यालय में किसी भी कार्य के लिए कोई भी पारिश्रमिक नहीं दिया जायेगा न ही वह उसे स्वीकार करेगा।

(8) जबकि परीक्षा नियंत्रक किसी भी कारण से कार्य करने के लिए असमर्थ है अथवा परीक्षा नियंत्रक का पद रिक्त है तो उस पद के सभी कर्तव्यों का पालन उस व्यक्ति द्वारा किया जायेगा जिसे कुलपति द्वारा नियुक्त किया जाये, जब तक कि परीक्षा नियंत्रक अपने कर्तव्यों का भार ग्रहण न कर ले अथवा जैसा विषय हो रिक्ति न भर दी जाये।

[1][**16-ख. कतिपय विश्वविद्यालयों में परीक्षाओं के सम्बन्ध में रजिस्ट्रार के कर्तव्य**—उन विश्वविद्यालय में, जिनके लिए धारा 16-क के प्रावधान लागू नहीं होते हैं, परीक्षा नियंत्रक के कर्तव्यों का निर्वहन रजिस्ट्रार द्वारा किया जायेगा और उन विश्वविद्यालयों के सम्बन्ध में, रजिस्ट्रार का इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए परीक्षा नियंत्रक होना समझा जायेगा।

17. रजिस्ट्रारों, उप रजिस्ट्रारों और सहायक रजिस्ट्रारों की सेवाओं का केन्द्रीकरण—(1) राज्य सरकार शासकीय गजट में अधिसूचना द्वारा बनाये गये नियमों के माध्यम से सभी विश्वविद्यालयों के लिए सामान्य रजिस्ट्रारों, उप-रजिस्ट्रारों और सहायक रजिस्ट्रारों की पृथक् सेवा के सृजन का उपबन्ध करेंगे और ऐसी किसी सेवा के लिए नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती को और सेवा की शर्तों को शासित करेंगे :

[2][परन्तु यह कि इस उपधारा के अधीन बनाये गये किन्हीं नियमों को ऐसी तारीख से भूतलक्षी प्रभाव से किया जायेगा जो 31 अक्टूबर, 1975 के पूर्व न हो।]

(2) जब ऐसी किसी सेवा का सृजन किया जाता है तो [3][रजिस्ट्रारों, उप-रजिस्ट्रारों तथा सहायक रजिस्ट्रारों के प्रशासनिक पदों] पर उस समय सेवारत व्यक्तियों को यदि 14 मई, 1973 के पूर्व स्थायी किये गये हों, अन्तिम रूप से सेवा में आमेलित कर लिया जायेगा, और उक्त पदों पर सेवारत अन्य व्यक्तियों को,

---

1. 1995 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 14 द्वारा अन्तःस्थापित (25-2-1995 से प्रभावी)।
2. 1977 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 5 द्वारा अन्तःस्थापित।
3. 1974 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 29 द्वारा प्रतिस्थापित।

finally, and other persons serving on the said posts may, if found suitable, be absorbed in such service either provisionally or finally, and if, in the later case, any person is not absorbed finally, then his services shall be deemed to have been terminated on payment of one month's salary as compensation.

(3) Where any person referred in sub-section (2) is absorbed in the service, the conditions of service applicable to him shall not be less advantageous than those applicable to him before his absorption, except that he shall be liable to transfer from one University to another :

[1][Provided that such absorption in the service shall not operate as a bar against holding or continuing to hold any disciplinary proceeding against a member of the service in respect of any act committed before the date of such absorption].

(4) All rules made under this section shall, as soon as may be after they are made, be laid before each House of the State Legislature, while it is in session for a total period of not less than thirty days extending in its one session or more than one successive sessions and shall unless some later date is appointed, take effect from the date of their publication in the Gazette subject to such modifications or annulments as the two Houses of the Legislature may during the said period agree to make, so, however, that any such modification or annulment shall be without prejudice to the validity of anything previously done thereunder.

18. Other Officers.—The powers of officers of the University other than the Chancellor, the Pro-Chancellor, the Vice-Chancellor, the Pro-Vice-Chancellor [2][The Finance Officer, the Registrar and the Controller of Examinations, if any appointed], shall be such as may be laid down by the Statutes and the Ordinances.

[3][CHAPTER IV-A

CO-ORDINATION COUNCIL AND CENTRAL BOARD OF STUDIES

18-A. Co-ordination Council.—(1) There shall be a Co-ordination Council which shall consist of the Chancellor as its Chairman, and the following other members, namely :

(i) the Vice-Chancellors of the Universities;

(ii) the Chairman of the Uttar Pradesh State Council of Higher Education;

(iii) the Secretary to the State Government in the judicial Department;

(iv) the Secretary to the State Government in the Finance Department;

(v) the Secretary to the Governor;

(vi) the Secretary to the State Government in the Higher Education Department who shall be *ex-officio* at the Co-ordination Council.

(2) Subject to the recommendations of, or guidelines issued by, the University Grants Commission, the powers and functions of the Co-ordination Council shall be as follows, namely :

1. Ins. by U.P. Act No. 5 of 1977 and shall be deemed to have always been inserted.
2. Subs. by U.P. Act No. 14 of 1995 (w.e.f. 25-2-1995).
3. Chapter IV-A ins. by President's Act No. 4 of 1996 (w.e.f. 11-7-1995).

यदि उपयुक्त पाये जायें, उस सेवा में या तो अस्थायी रूप से या अन्तिम रूप से आमेलित किया जा सकेगा। और यदि पश्चात्वर्ती दशा में किसी व्यक्ति को अन्तिम रूप से आमेलित नहीं किया जाता है तो उसकी सेवाओं का मुआवजे के रूप में एक माह के वेतन के संदाय पर समाप्त कर दिया जाना समझा जायेगा।

(3) जहां उपधारा (2) में निर्दिष्ट किसी व्यक्ति को सेवा में आमेलित किया जाता है तो उसे उपलब्ध सेवा की शर्तें उसके आमेलन के पूर्व उसके लिए प्रयोज्य शर्तों से कम लाभकारी नहीं होंगी, सिवाय इसके कि वह एक विश्वविद्यालय से किसी अन्य विश्वविद्यालय में अन्तरित किये जाने के लिए दायी होगा :

[1][परन्तु यह कि सेवा में ऐसा आमेलन उस आमेलन की तारीख के पूर्व कारित किसी भी कार्य के सम्बन्ध में सेवा के सदस्य के विरुद्ध किसी भी आनुशासनिक कार्यवाही को करने या करते रहने के विरुद्ध कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा।]

(4) इस धारा के अधीन बनाये गये सभी नियम, जैसे ही उन्हें उनके बनाये जाने के पश्चात् यथा शीघ्र राज्य विधानमण्डल के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह अपने एक सत्र में अथवा एक से अधिक उत्तरोत्तर सत्रों में विस्तारित होते हुए कम से कम तीस दिन की कुल अवधि के लिए सत्र में हो और वह, जब तक कोई पश्चात्वर्ती तारीख नियत न की गयी हो, ऐसे उपान्तरणों या निष्प्रभावों के अध्यधीन गजट में अपने प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होगा; जिन्हें संसद के दोनों सदन उक्त अवधि के दौरान करने के लिए सहमत हों, किन्तु इस प्रकार कि ऐसे किसी भी उपान्तरण या निष्प्रभाव का उसके अधीन पूर्व में की गयी किसी भी बात की वैधता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

18. **अन्य अधिकारी**—कुलपति, प्रति कुलपति, उप कुलपति, प्रति उप कुलपति, [2][वित्त अधिकारी, रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक, यदि कोई नियुक्त किया गया हो], को छोड़कर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की शक्तियां वह होंगी जिन्हें परिनियमों तथा अध्यादेशों द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकेगा।

[3][अध्याय IV-क

समन्वय परिषद् और केन्द्रीय अध्ययन परिषद्

18-क. **समन्वय परिषद्**—(1) एक समन्वय परिषद् होगी जिसमें उसके अध्यक्ष के रूप में कुलपति और निम्नलिखित अन्य सदस्य अन्तर्विष्ट होंगे, अर्थात् :

(i) विश्वविद्यालयों के कुलपति;

(ii) उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा राज्य परिषद्;

(iii) न्यायिक विभाग में राज्य सरकार का सचिव;

(iv) वित्त विभाग में राज्य सरकार का सचिव;

(v) राज्यपाल का सचिव;

(vi) उच्चतर शिक्षा विभाग में राज्य सरकार का सचिव, जो समन्वय परिषद् का पदेन होगा।

(2) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सिफारिशों के, अथवा उसके द्वारा जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्तों के अध्यधीन, समन्वय परिषद् की शक्तियाँ एवं कार्य निम्नवत् होंगे, अर्थात् :

---

1. 1977 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 5 द्वारा अन्तःस्थापित और उसका सदैव अन्तःस्थापित किया जाना समझा जायेगा।
2. 1995 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 14 द्वारा प्रतिस्थापित (25-2-1995 से प्रभावी)।
3. 1996 के राष्ट्रपति अधिनियम संख्यांक 4 द्वारा अन्तःस्थापित अध्याय IV-क (11-7-1995 से प्रभावी)।

(a) to recommend common courses of study for a Bachelor's Degree;

(b) to recommend in respect of the constitution of a Central Board of Studies for the foundation course or for each subject or group of subjects;

(c) to recommend ways and means of co-operation in academic programmes amongst the Universities;

(d) to consider and recommend matters of common intrest to the Universities.

(3) The Co-ordination Council shall meet at Lucknow or at such other place and at such intervals as the Chancellor may determine.

18-B. Central Board of Studies.—(1) There shall be Central Board of Studies for the foundation course or such other subjects or group of subjects as the Chancellor may, on the recommendation of the Co-ordination Council, by order, direct.

(2) The Central Board of Studies for the foundation course shall consist of—

(i) one teacher from each University not below the rank of a Reader or a Principal of an affiliated or associated college, nominated by the Vice-Chancellor; and

(ii) five educationists who are on the Eminent Professors' lists of the University Grants Commission nominated by the Chancellor on the recommendation of the Co-ordination Council.

(3) The Central Board of Studies for other subjects or group of subjects shall consist of—

(i) the Convenor, Board of Studies of each University in respect of the subject or group of subjects for which the Central Board of Studies is to be constituted :

Provided that if a University does not have a Board of Studies in the subject or group of subjects, the Vice-Chancellor may nominate any teacher not below the rank of a Reader in the University or a Principal of an affiliated or associated college;

(ii) one Head of the Department in an affiliated or associated college nominated by the Chancellor, taching the subject up to the post-graduate level;

(iii) one Head of the Department in an affiliated or associated college nominated by the Chancellor, teaching the subject up to the degree level;

(iv) three experts on the subject who are on the Eminent Professors' list of the University Grants Commission, nominated by the Chancellor on the recommendation of the Co-ordination Council; and

(v) two other experts on the subject from outside the State nominated by the Chancellor.

(4) The Chancellor shall nominate the Chairman of the Central Board of Studies,—

(i) for foundation course from amongst the members referred to in Clause (i) of sub-section (2); and

(क) स्नातक की उपाधि के लिए अध्ययन के सामान्य पाठ्यक्रमों की सिफारिश करना;

(ख) आधार पाठ्यक्रम के लिए अथवा प्रत्येक विषय के लिए या विषयों के समूह के लिए केन्द्रीय अध्ययन परिषद् के गठन के सम्बन्ध में सिफारिश करना;

(ग) विश्वविद्यालयों में शैक्षिक कार्यक्रमों में सहयोग के तरीकों एवं माध्यमों की सिफारिश करना;

(घ) विश्वविद्यालयों के लिए सामान्य हित के मामलों पर विचार करना और सिफारिश करना।

(3) समन्वय परिषद् लखनऊ में अथवा ऐसे अन्य स्थान पर और ऐसे अन्तराल पर बैठक करेगी जिसे कुलपति अवधारित कर सकेगा।

18-ख. केन्द्रीय अध्ययन परिषद्—(1) आधार पाठ्यक्रम अथवा ऐसे अन्य विषयों या विषयों के समूह के लिए केन्द्रीय अध्ययन परिषद् होगा जिन्हें कुलपति, समन्वय परिषद् की सिफारिश पर, आदेश द्वारा निर्देशित कर सकेगा।

(2) आधार पाठ्यक्रम के लिए केन्द्रीय अध्ययन परिषद् में निम्न सम्मिलित होंगे—

(i) प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक अध्यापक जो रीडर अथवा सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य की पंक्ति से अनिम्न होगा जिसे उपकुलपति द्वारा मनोनीत किया जायेगा; और

(ii) पाँच शिक्षाविद् जो समन्वय परिषद् की सिफारिश पर कुलपति द्वारा मनोनीत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ख्यातिलब्ध प्रोफेसरों की सूचियों पर हों।

(3) अन्य विषयों अथवा विषयों के समूह के लिए केन्द्रीय अध्ययन परिषद् में निम्न सम्मलित होंगे—

(i) उस विषय या विषयों के समूह के सम्बन्ध में, जिनके लिए केन्द्रीय अध्ययन परिषद् का गठन किया जाना हो, प्रत्येक विश्वविद्यालय के अध्ययन परिषद् का आयोजन :

परन्तु यह कि यदि विश्वविद्यालय का विषय या विषयों के समूह में अध्ययन परिषद् न हो, तो उप-कुलपति विश्वविद्यालय में रीडर के अथवा सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य की पंक्ति से अनिम्न किसी भी अध्यापक को मनोनीत कर सकेगा;

(ii) कुलपति द्वारा मनोनीत सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय में एक विभागाध्यक्ष जो स्नातकोत्तर स्तर तक के विषय का अध्यापन करता हो;

(iii) कुलपति द्वारा मनोनीत सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय में एक विभागाध्यक्ष जो उपाधि स्तर तक के विषय का अध्यापन करता हो;

(iv) उस विषय पर तीन विशेषज्ञ, जो समन्वय परिषद् की सिफारिश पर कुलपति द्वारा मनोनीत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ख्यातिलब्ध प्रोफेसरों की सूची में हो; और

(v) कुलपति द्वारा मनोनीत राज्य से बाहर उस विषय पर दो अन्य विशेषज्ञ।

(4) कुलपति केन्द्रीय अध्ययन परिषद् के अध्यक्ष को मनोनीत करेगा—

(i) उपधारा (2) के खण्ड (i) में निर्दिष्ट सदस्यों में से आधार पाठ्यक्रम के लिए; और

(ii) for other subject or group of subjects, from amongst the memb referred to in Clauses (i) and (ii) of sub-section (3).

(5) The constitution of the Central Board of Studies and the nomination the Chairman and the members thereon, other than *ex officio* members, sh be notified by the State Government.

(6) The term of the Central Board of Studies shall be three years from th date of notification referred to in sub-section (5) and the term of the Chairm and the members shall be co-terminous with it :

Provided that the term of office of a member nominated to fill a casu vacancy shall be for the remainder of his predecessor's term.

(7) Subject to the recommendations of, or guidelines issued by, th University Grants Commission, the functions of the Central Board of Studi shall be as follows, namely :

(a) subject to the recommendations of the Co-ordination Council an the approval of the Chancellor, to prescribe the courses of stu and examinations, and the academic calendar, and to recomme text-books and other books for under-graduate level;

(b) to consider and report on any matter referred it by the Co ordination Council, or the Chancellor; and

(c) to perform such other functions consistent with this Act within su time as the Chancellor may, by an order in writing, require it perform.

(8) In carrying out its functions, the Central Board of Studies may consu such experts also who are not its members.

(9) The recommendations of the Central Board of Studies approved by th Chancellor shall come into force in respect of all Universities in the State wit effect from the date as may be specified by the Chancellor.

(10) The Chancellor may at any time suspend, modify or amend an decision of the Central Board of Studies on the ground that it does not fulfil th objective set out in this section and may direct such Board to consider the matte afresh.

18-C. Secretarial assistance.—The Uttar Pradesh State Council of Highe Education constituted under the Uttar Pradesh State Council of Highe Education Act, 1995, shall provide secretarial assistance to the Co-ordinatio Council and the Central Board of Studies.]

CHAPTER V

AUTHORITIES OF THE UNIVERSITY

19. Authorities of the University.—The following shall be the authoritie of the University—

(a) the Executive Council;

(b) the Court;

(c) the Academic Council;

(d) the Finance Committee;

(ii) उपधारा (3) के खण्ड (i) तथा (ii) में निर्दिष्ट सदस्यों में से अन्य विषय अथवा विषयों में से समूह के लिए।

(5) केन्द्रीय अध्ययन परिषद् के गठन और उस पर अध्यक्ष एवं सदस्यों, पदेन सदस्यों को छोड़कर, का मनोनयन राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जायेगा।

(6) केन्द्रीय अध्ययन परिषद् का कार्यकाल उपधारा (5) में निर्दिष्ट अधिसूचना की तारीख से 3 वर्ष होगा और अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल उसके साथ ही समाप्त हो जायेगा :

परन्तु यह कि आकस्मिक रिक्त को भरने के लिए मनोनीत सदस्य के पद की कार्यकाल उसके पूर्ववर्ती के कार्यकाल की शेष बची हुई अवधि के लिए होगा।

(7) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सिफारिशों के, अथवा उसके द्वारा जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्तों के अध्यधीन केन्द्रीय अध्ययन परिषद् के कार्य निम्नवत् होंगे, अर्थात् :

(क) अध्ययन पाठ्यक्रमों और परीक्षाओं, और शैक्षिक कलेण्डर को निर्धारित करने, और पूर्व स्नातक स्तर के लिए पाठ्यपुस्तकों एवं अन्य पुस्तकों को सिफारिश करने के लिए समन्वय परिषद् की सिफारिशों और कुलपति के अनुमोदन के अध्यधीन;

(ख) समन्वय परिषद्, अथवा कुलपति द्वारा उसके समक्ष निर्दिष्ट किसी भी मामले पर विचार करना और उस पर रिपोर्ट देना; और

(ग) ऐसे समय के भीतर जिसे कुलपति, लिखित आदेश द्वारा उससे संपादित करने की अपेक्षा करें, इस अधिनियम से सुसंगत ऐसे अन्य कार्यों को संपादित करना।

(8) अपने कार्यों को कार्यान्वित करने के लिए केन्द्रीय अध्ययन परिषद् उन विशेषज्ञों से भी परामर्श कर सकेगी जो उसके सदस्य नहीं हैं।

(9) कुलपति द्वारा अनुमोदित केन्द्रीय अध्ययन परिषद् की सिफारिशें राज्य में सभी विश्वविद्यालयों के सम्बन्ध में उस तारीख से प्रभावी होंगी जिसे कुलपति द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकेगा।

(10) कुलपति केन्द्रीय अध्ययन परिषद् के किसी भी विनिश्चय को इस आधार पर किसी भी समय निलम्बित, उपान्तरित अथवा इस आधार पर संशोधित कर सकेगा कि उसने इस धारा में अपवर्णित उद्देश्यों को पूरा नहीं किया है और वह उस परिषद् को मामले पर नये सिरे से विचार करने के लिए निदेशित कर सकेगा।

18-ग. सचिवीय सहायता—उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा राज्य परिषद् अधिनियम, 1995 के अधीन गठित उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा राज्य परिषद् समन्वय परिषद् और केन्द्रीय अध्ययन परिषद् को सचिवीय सहायता प्रदान करेगी।]

अध्याय V

विश्वविद्यालय के प्राधिकारी

19. विश्वविद्यालय के प्राधिकारी—विश्वविद्यालय के निम्नलिखित प्राधिकारी होंगे,—

(क) कार्यपरिषद्;

(ख) सभा;

(ग) विद्या परिषद्;

(घ) वित्त समिति;

(e) the Boards of Faculties;

(f) the Selection Committees for appointment of teachers University;

(g) the Admissions Committee;

(h) the Examinations Committee; and

(i) such other authorities as may be declared by the Statute authorities of the University.

20. Constitution of the Executive Council.—(1) The Executive Counc consist of—

(a) the Vice-Chancellor, who shall be the Chairman thereof;

(b) the Pro-Vice-Chancellor, if any;

(c) the Deans of two Faculties, by rotation in the manner prescrib

[1][(cc) two members from amongst the Professors or Readers belong the Scheduled Castes or Scheduled Tribes and two member amongst the Professors or Readers belonging to other back classes of citizen;]

[2][(d) in the case of Universities of Kumaon and Bundelkhand an Doctor Bhimrao Ambedkar University, Agra, the Chhat Shahu Ji Maharaj University, Kanpur, the Hemvati Na Bahuguna Garhwal University, the Chaudhary Charan University, Meerut, the Doctor Ram Manohar Lohia A University, Faizabad and Mahatma Jyotiba Phule Rohilk University, Bareilly,—

(i) one Professor other than the Pro-Vice-Chancellor or a referred to in Clause (c) above, one Reader and one Lectu the University to be selected in the manner prescribed;

(ii) three Principals and two other teachers of affili colleges, to be selected in the manner prescribed;

and in the case of any other University notified under sub-se (1) of Section 37, four Principals and four teachers of affili college to be selected in the manner presribed;

(dd) in the case of Deen Dayal Upadhyay Gorakhpur Univer Gorakhpur,—

(i) one Professor other than the Pro-Vice-Chancellor or a D referred to in Clause (c) above, one Reader and one Lecture the University to be selected in the manner prescribed;

(ii) one representative of Maharana Pratap Siksha Parish Gorakhpur to be elected by the said Parishad from among members;

(iii) three Principals and two other teachers of affiliate colleg to be selected in the manner prescribed;]

1. Ins. by U.P. Act No. 1 of 2004 (w.e.f. 11-7-2003).
2. Subs. by U.P. Act No. 20 of 1999.

(ङ) संकायों के परिषद्;

(च) विश्वविद्यालय के अध्यापकों की नियुक्ति के लिए चयन समितियाँ;

(छ) प्रवेश समिति;

(ज) परीक्षा समिति; और

(झ) ऐसे अन्य प्राधिकारी जिन्हें परिनियम द्वारा विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों के रूप में घोषित किया जा सकेगा।

20. कार्य परिषद् का गठन—(1) कार्य परिषद् में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे—

(क) उप-कुलपति जो उसका अध्यक्ष होगा;

(ख) प्रति उप-कुलपति, यदि कोई हो;

(ग) निर्धारित रीति से चक्रानुक्रम से दो संकायों के संकाया अध्यक्ष;

[1][(गग) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के प्रोफेसरों या रीडरों से दो सदस्य एवं नागरिकों अन्य पिछड़े वर्गों के प्रोफेसरों या रीडरों से दो सदस्य];

[2][(घ) कुमाऊ और बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालयों और डॉ० भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर, हेमवती नन्दन बहुगुणा, गढ़वाल विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद और महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली की दशा में,—

(i) उपरोक्त खण्ड (ग) में निर्दिष्ट प्रति उप-कुलपति अथवा संकायाध्यक्ष को छोड़कर एक प्रोफेसर, विश्वविद्यालय का एक रीडर और एक प्रवक्ता निर्धारित रीति से चयनित किया जायेगा;

(ii) सम्बद्ध महाविद्यालयों के 3 प्राचार्य और दो अन्य अध्यापक जिनका चयन निर्धारित रीति से किया जायेगा;

और धारा 37 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचित किसी अन्य विश्वविद्यालय की दशा में सम्बद्ध महाविद्यालय के 4 प्राचार्यों और चार अध्यापकों का चयन निर्धारित रीति से किया जायेगा;

(घघ) दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की दशा में,—

(i) उपरोक्त खण्ड (ग) में निर्दिष्ट प्रति उप-कुलपति अथवा संकायाध्यक्ष को छोड़कर एक प्रोफेसर, विश्वविद्यालय का एक रीडर तथा एक प्रवक्ता का चयन निर्धारित रीति से किया जायेगा;

(ii) महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर के एक प्रतिनिधि का चयन उक्त परिषद् द्वारा अपने सदस्यों में से किया जायेगा;

(iii) सम्बद्ध महाविद्यालयों के तीन प्राचार्य और दो अन्य अध्यापकों का चयन निर्धारित रीति से किया जायेगा];

---

1. वर्ष 2004 उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 1 द्वारा अन्तःस्थापित (11-7-2003 से प्रभावी)।
2. 1999 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 20 द्वारा प्रतिस्थापित।

(e) in the case of University mentioned in or notified under sub-section (1) of Section 38—

(i) two Professors [other than the Pro-Vice-Chancellor or a Dean referred to in Clause (c) above], two Readers and two Lecturers of the University, to be selected in the manner prescribed;

(ii) one Principal of an associated college to be selected in the manner prescribed;

(f) four persons to be elected by members of the Court from among such of them as are not enrolled as students of or in the service of the University or an Institute or of a constituent college or an affiliated or associated college or hall or hostel;

(g) four persons of academic eminence to be nominated by the Chancellor :

[1][Provided that one of the persons so nominated shall be a person who is or has been a Judge of the Supreme Court or High Court].

[2][(h) one person, from amongst the reputed industrialists who have made valuable contribution in the field of Higher Education to be nominated by the State Government].

[3][(2) The term of office of members mentioned in—

(i) Clauses (c), [4][(cc)], (d) and (e) of sub-section (1) shall be one year;

(ii) Clause (f) of sub-section (1) shall be three years; and

(iii) [5][Clause (g) or Clause (h)] of sub-section (1) shall be two years].

(3) No person shall be a member of the Executive Council under Clause (f) or Clause (g) [6][or Clause (h)] of sub-section (1) for more than two consecutive terms.

(4) Notwithstanding anything in sub-section (1), no person shall be elected or nominated as a member of the Executive Council unless he is a graduate.

(5) A person shall be disqualified for being chosen as, and for being, a member of the Executive Council if he or his relative accepts any remuneration for any work in or for the University or any contract for the supply of goods to or for the execution of any work for the University :

Provided that nothing in this sub-section apply to the acceptance of any remuneration by a teacher as such or for any duties performed in connection with an examination conducted by the University or for any duties as Superintendent or Warden of a training unit or any hall or hostel or proctor or tutor for any duties of a similar nature in relation to the University.

1. Ins. by U.P. Act No. 9 of 1988 (w.e.f. 15-1-1988).
2. Ins. by U.P. Act No. 14 of 1995 (w.e.f. 25-2-1995).
3. Subs. by U.P. Act No. 10 of 1982 (w.e.f. 8-7-1981).
4. Ins. by U.P. Act No. 1 of 2004 (w.e.f. 11-7-2003).
5. Subs. by U.P. Act No. 14 of 1995 (w.e.f. 25-2-1995).
6. Ins. by U.P. Act No. 14 of 1995 (w.e.f. 25-2-1995).

(ङ) धारा 38 की उपधारा (1) में अथवा उसके अधीन उल्लिखित विश्वविद्यालय की दशा में,—

(i) विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसर (उपरोक्त खण्ड (ग) में निर्दिष्ट प्रति उप-कुलपति या संकायाध्यक्ष को छोड़कर), दो रीडर एवं दो प्रवक्ता, जिनका चयन निर्धारित रीति से किया जायेगा;

(ii) सहयुक्त महाविद्यालय का एक प्राचार्य जिसका चयन निर्धारित रीति से किया जायेगा,

(च) सभा के सदस्यों द्वारा उनमें से ऐसे चार व्यक्तियों का चयन किया जायेगा जो उस विश्वविद्यालय या संस्था के अथवा संघटक महाविद्यालय या सम्बद्ध या सहयुक्त या छात्र निवास या छात्रावास के विद्यार्थियों के रूप में नामांकित अथवा उसकी सेवा में नहीं है;

(छ) कुलपति द्वारा चार शैक्षिक प्रतिष्ठा वाले व्यक्तियों को नामांकित किया जायेगा :

[1][परन्तु यह कि इस प्रकार मनोनीत व्यक्तियों में से एक ऐसा व्यक्ति होगा जो उच्चतम न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय का न्यायाधीश है अथवा रह चुका है।]

[2][(ज) प्रतिष्ठित उद्योगपतियों में से एक व्यक्ति जिसने उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान किया है, राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किया जायेगा।]

[3][(2) निम्न में उल्लिखित सदस्यों के पद का कार्यकाल—

(i) उपधारा (1) के खण्ड (ग), [4][(गग)], (घ) और (ङ) में एक वर्ष होगा;

(ii) उपधारा (1) के खण्ड (च) में तीन वर्ष होगा; और

(iii) [5][उपधारा (1) के खण्ड (छ) अथवा खण्ड (ज) में दो वर्ष होगा।]

(3) कोई भी व्यक्ति उपधारा (1) के खण्ड (च) खण्ड (छ) [6][अथवा खण्ड (ज)] के अधीन लगातार दो कार्यावधियों के लिए कार्य परिषद् का सदस्य नहीं होगा।

(4) उपधारा (1) में किसी भी बात के होते हुए, किसी भी व्यक्ति को कार्य परिषद् के सदस्य के रूप में तब तक चयनित या मनोनीत नहीं किया जायेगा जब तक कि वह स्नातक न हो।

(5) कोई व्यक्ति कार्य परिषद् के सदस्य के रूप में चुने जाने के लिए और सदस्य बनने के लिए उस दशा में निरर्हित हो जायेगा जब वह अथवा उसका रिश्तेदार विश्वविद्यालय में या उसके लिए किसी कार्य या विश्वविद्यालय के लिए माल के प्रदाय अथवा किसी कार्य के निष्पादन के लिए किसी संविदा के लिए पारिश्रमिक को स्वीकार कर लेता है :

परन्तु यह कि इस उपधारा में कही गयी कोई भी बात अध्यापक द्वारा उस रूप में अथवा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षा के सम्बन्ध में सम्पादित किन्हीं कर्तव्यों के लिए अथवा प्रशिक्षण इकाई के या किसी छात्र निवास अथवा छात्रावास के अधीक्षक अथवा वार्डेन के रूप में अथवा विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में इसी प्रकार की प्रकृति के किन्हीं कर्तव्यों के लिए, प्राक्टर अथवा आनुशिक्षक के रूप में किसी पारिश्रमिक के स्वीकार किये जाने के लिए लागू नहीं होगी।

---

1. 1988 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 9 द्वारा अन्तःस्थापित (15-1-1988 से प्रभावी)।
2. 1995 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 14 द्वारा अन्तःस्थापित (25-2-1995 से प्रभावी)।
3. 1982 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 10 द्वारा प्रतिस्थापित (8-7-1981 से प्रभावी)।
4. 2004 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 1 द्वारा अन्तःस्थापित (11-7-2003 से प्रभावी)।
5. 1995 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 14 द्वारा प्रतिस्थापित (25-2-1995 से प्रभावी)।
6. 1995 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 14 द्वारा अन्तःस्थापित (25-2-1995 से प्रभावी)।

Explanation.—In this section *"relative"* means the relations defined in Section 6 of the Companies Act, 1956 and includes the wife's (or husband's) brother, wife's (or husband's) father, wife's (or husband's) sister, brother's son and brother's daughter.

COMMENT

Meaning of "relative".—The word "relative" refers to only those persons who are related to a person by blood or marriage. *Raj Kishore Sharma* v. *Kisan Shiksha Samiti*, 1978 A.L.J. 1007.

21. Powers and duties of Executive Council.—(1) The Executive Council shall be the principal executive body of the University, and subject to the provisions of this Act, have the following powers, namely—

- (i) to hold and control the property and funds of the University;
- (ii) to acquire or transfer any movable or immovable property on behalf of the University;
- (iii) to make, amend or repeal Statutes and Ordinances;
- (iv) to administer any funds placed at the disposal of the University for specific purposes;
- (v) to prepare the budget of the University;
- (vi) to award scholarships, fellowships, bursaries, medals and other rewards in accordance with the Statutes and Ordinances;
- (vii) to appoint officers, teachers and other employees of the University and to define their duties and the conditions of their service, and to provide for the filling of temporary casual vacancies in their posts;
- (viii) [1][* * *] to fix the fees, emoluments and travelling and other allowances of the examiners;
- (ix) [2][Subject to the provisions of Section 37] to admit any college to the privileges of affiliation or recognition or enlarge the privileges of any college already affiliated, recognised or withdraw or curtail any such privilege;
- (x) to arrange for and direct the inspection of Institute, affiliated associated or constituent colleges, halls, hostels and other places of residence of students;
- (xi) to direct the form and use of the common seal of the University;
- (xii) to regulate and enforce discipline among members of the teaching administrative and other staff of the University in accordance with the Statutes and the Ordinances;
- (xiii) to manage and regulate the finance, accounts, investments property, business and all other administrative affairs of the University, and for that purpose, to appoint such agents as it may think fit;

---

1. Omitted by U.P. Act No. 5 of 1977.
2. Ins. by U.P. Act No. 5 of 1977.

***स्पष्टीकरण*—**इस धारा में, ''रिश्तेदार'' कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 6 में निर्धारित रिश्तेदारों से अभिप्रेत है और इसमें पत्नी का (अथवा पति का) भाई, पत्नी का (अथवा पति का) पिता, पत्नी की (अथवा पति की) बहन, भाई का पुत्र और भाई की पुत्री सम्मिलित है।

टिप्पणी

***रिश्तेदार का अभिप्राय*—**शब्द ''रिश्तेदार'' मात्र उन व्यक्तियों को निर्दिष्ट करता है जो किसी व्यक्ति के रक्त अथवा विवाह से सम्बन्धित हैं। *राज किशोर शर्मा* बनाम *किसान शिक्षा समिति,* 1978 ए० एल० जे० 1007।

21. कार्य परिषद् की शक्तियाँ और कर्तव्य—(1) कार्य परिषद् विश्वविद्यालय का प्रधान अधिशासी निकाय होगा और इस अधिनियम के प्रावधानों के अध्यधीन उसकी निम्नलिखित शक्तियां होंगी, अर्थात्—

(i) विश्वविद्यालय की सम्पत्ति और निधियों को धारित एवं नियंत्रित करना;

(ii) विश्वविद्यालय की ओर से किसी जंगम अथवा स्थावर सम्पत्ति को अर्जित अथवा अन्तरित करना;

(iii) परिनियमों एवं अध्यादेशों को बनाना, संशोधित करना अथवा उन्हें निरसित करना;

(iv) विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध निधियों का प्रशासन करना;

(v) विश्वविद्यालय के बजट को तैयार करना;

(vi) परिनियमों तथा अध्यादेशों के अनुसार छात्रवृत्ति, अधिछात्र वृत्तियां निर्धन छात्रवृत्तियां, पदक और अन्य पारितोषिकों को प्रदान करना;

(vii) विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों को नियुक्त करना तथा उनकी सेवा के सम्बन्ध में उनके कर्तव्यों एवं शर्तों को परिभाषित करना एवं उनके पदों में अस्थायी आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए प्रावधान करना;

(viii) परीक्षकों के शुल्कों, परिलब्धियों और यात्रा तथा अन्य भत्तों को नियत करने के लिए [1][* * *];

(ix) [2][धारा 37 के प्रावधानों के अध्यधीन] किसी भी महाविद्यालय की सम्बद्धता या मान्यता के सम्बन्ध में विशेषाधिकारों को प्रदान करना अथवा पहले से सम्बद्ध, मान्यता प्राप्त किसी भी महाविद्यालय के विशेषाधिकारों को प्रदान करना अथवा ऐसे किसी भी विशेषाधिकार को वापस लेना या उसमें कमी करना;

(x) संस्थाओं, सम्बद्ध, सहयुक्त या संघटक महाविद्यालयों, छात्र निवासों, छात्रावासों और विद्यार्थियों के निवास के अन्य स्थानों के लिए प्रबन्ध करना और उनके निरीक्षण का निदेश करना;

(xi) विश्वविद्यालय की सामान्य मुहर के निर्माण एवं प्रयोग का निदेश करना;

(xii) परिनियमों और अध्यादेशों के अनुसार विश्वविद्यालय के अध्यापन, प्रशासनिक और अन्य कर्मचारियों के सदस्यों के मध्य अनुशासन को विनियमित तथा लागू करना;

(xiii) विश्वविद्यालय के वित्तों, लेखों, विनियोगों, सम्पत्ति, कामकाज और उसके अन्य सभी प्रशासनिक कार्यकलापों का प्रबन्ध तथा उन्हें विनियमित करना और उस प्रयोजनार्थ उन अभिकर्ताओं की नियुक्ति करना जिन्हें वह उपयुक्त समझे;

1. 1977 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 5 द्वारा लोपित।
2. 1977 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 5 द्वारा अन्तःस्थापित।

(xiv) to invest any money belonging to the University (including any income from trust and endowed property) in such stocks, funds, shares or securities as it shall from time to time think fit or in the purchase of immovable property in India, with the like power of varying such investment from time to time;

(xv) to provide the buildings, premises, furniture and apparatus and other means needed for carrying on the work of the University;

(xvi) to enter into, vary, carry out, and cancel contracts on behalf of the University;

(xvii) to regulate and determine all other matters concerning the University as well as Institutes, constituent, affiliated and associated colleges in accordance with this Act, the Statutes and the Ordinances.

(2) No immovable property of the University shall, except with the prior sanction of the State Government, be transferred (except by way of letting from month to month in the ordinary course of management) by the Executive Council by way of mortgage, sale, exchange, gift or otherwise nor shall any money be borrowed, or advance taken on the security thereof except as a condition of receipt of any grant-in-aid of the University from the State Government, or, with the previous sanction of the State Government, from any other person.

(3) No expenditure in respect of which approval of the State Government is required by this Act or the Statutes or Ordinances shall be incurred except with such approval previously obtained, and no post shall be created either in the University or in any Institute or constituent college maintained by the University except with the prior approval of the State Government, [1][or except in accordance with any general or special order of the State Government].

[2][(3-A) The Executive Council may, with the prior approval of the University Grants Commission and the State Government create supernumerary post of a teacher of the University with a view to enabling a teacher who is for the time being holding a responsible position of national importance in India or abroad in educational administration or other similar assignments, to retain his lien and seniority as such teacher and also to continue to earn increments in his pay scale during the period of his assignment and to contribute towards provident fund and earn retirement benefits, if any, in accordance with Statutes :

Provided that no salary shall be payable to such teacher by the University for the period of such assignment].

(4) The pay and other allowances to various categories of the employees of the University or of any Institute or constituent college or affiliated or associated college shall be such as may be approved by the State Government.

(5) The Executive Council shall not exceed the limits of recurring and non-recurring expenditure to be incurred in each financial year fixed by the Finance Committee.

---

1. Ins. by U.P. Act No. 21 of 1975.
2. Ins. by U.P. Act No. 5 of 1977.

(xiv) विश्वविद्यालय के किसी धन को जिसमें न्यास और विन्यासित सम्पत्ति से प्राप्त होने वाली आय सहित ऐसे स्कन्धों, निधियों, अंशों अथवा प्रतिभूतियों में जिन्हें वह समय-समय पर उपयुक्त समझे या भारत में किसी स्थावर सम्पत्ति को क्रय करने में विनियोजित करना एवं समय-समय पर ऐसे विधान में परिवर्तन करना;

(xv) विश्वविद्यालय के कार्यों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक भवनों, स्थानों, फर्नीचर और साधित्र प्रदान करना;

(xvi) विश्वविद्यालय की ओर से संविदाओं को करना, उनमें फेरबदल करना, कार्यान्वित करना और उन्हें रद्द करना;

(xvii) इस अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों के अनुसार विश्वविद्यालय साथ ही संस्थाओं, संघटक, सम्बद्ध और सहयुक्त महाविद्यालयों से सम्बन्धित अन्य सभी मामलों को विनियमित तथा अवधारित करना।

(2) राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना कार्य परिषद् बंधक, विक्रय, विनिमय, दान अथवा अन्य प्रकार से विश्वविद्यालय की किसी भी स्थावर सम्पत्ति को प्रबन्धक के साधारण अनुक्रम में प्रत्येक माह किराये पर देने के सिवाय, न तो अन्तरित करेगी और न ही सिवाय राज्य सरकार से विश्वविद्यालय हेतु कोई सहायक अनुदान प्राप्त होने की शर्त के रूप में अथवा राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से किसी अन्य व्यक्ति से उसकी प्रतिभूमि पर कोई धन उधार या अग्रिम लेगी।

(3) ऐसा कोई भी व्यय जिसके सम्बन्ध में राज्य सरकार के अनुमोदन की इस अधिनियम या परिनियमों या अध्यादेशों द्वारा अपेक्षा की जाती है, सिवाय पूर्व में प्राप्त किये गये उस अनुमोदन के उपगत नहीं किया जायेगा तथा या तो विश्वविद्यालय में या विश्वविद्यालय द्वारा पोषित किसी भी संस्था या संघटक महाविद्यालय में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के सिवाय, [1][अथवा राज्य सरकार के किसी भी सामान्य या विशेष आदेश को छोड़कर अन्य किसी भी प्रकार से कोई भी पद सृजित नहीं किया जायेगा]।

[2][(3-क) कार्य परिषद्, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से, विश्वविद्यालय के अध्यापक के अतिरिक्त पद का उस अध्यापक को, जो तत्समय भारत में या विदेश में शिक्षा सम्बन्धी प्रशासन या अन्य किसी प्रकार के समनुदेशनों में राष्ट्रीय महत्व के उत्तरदायित्वपूर्ण पद को धारित कर रहा है, अपने धारणाधिकार को तथा अध्यापक के रूप में वरिष्ठता को प्रतिधारित करने और अपने समनुदेशन की अवधि के दौरान अपने वेतनमानों में वृद्धि को उपार्जित करते रहने एवं परिनियमों के अनुसार भविष्य निधि के लिए अंशदान करने एवं सेवानिवृत्ति के लाभों, यदि कोई हों को उपार्जित करने के लिए समर्थ बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पद का सृजन कर सकेगी :

परन्तु यह कि कोई वेतन उस अध्यापक के लिए विश्वविद्यालय द्वारा उस समनुदेशन की अवधि के लिए संदेश नहीं होगा।

(4) विश्वविद्यालय के या किसी संस्थान के या संघटक महाविद्यालय या सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय के कर्मचारियों की विभिन्न कोटियों के लिए वेतन एवं अन्य भत्ते ऐसे होंगे जिन्हें राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया जा सकेगा।

(5) कार्य परिषद् वित्त समिति द्वारा नियत किये गये प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उपगत किये जाने वाले आवर्ती तथा अनावर्ती व्ययों की सीमा को पार नहीं करेगी।

---

1. 1975 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 21 द्वारा अन्त:स्थापित।
2. 1977 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 5 द्वारा अन्त:स्थापित।

(6) The Executive Council shall not take any action in regard to the number, qualifications and emoluments of teachers, and the fees payable to examiners, except after considering the advice of the Academic Council and the Boards of Faculties concerned.

(7) The Executive Council shall give due consideraiton to every resolution of the Court, and take such action thereon as it shall deem fit and report to the Court, the action taken or, as the case may be, the reasons for non-acceptance of the resolution.

(8) The Executive Council may, subject to any conditions laid down in the Statutes, delegate such of its powers as it deems fit to an officer or any other authority of the University, or to a Committee appointed by it.

SYNOPSIS

1. Notice of meetings of Executive Council is a must.—A Division Bench of Andhra Pradesh High Court laid down the propositions relating to the law of meetings—

(a) The concept of "meeting" takes within its ambit "the coming together of persons";

(b) The purpose of a notice is to enable the persons entitled to participate in a meeting to attend the meeting and to participate in the deliberations to be taken thereat;

(c) If a meeting is convened without notice to the persons, entitled to the same, the meeting will be invalid and the consequential proceedings taken thereat also will be afflicted with the same kind of infirmity. *Grandhi Raghurama Gupta* v. *Revenue Divisional Officer*, A.I.R. 1973 A.P. 174.

2. Passing of resolution—Procedure must be followed.—A University is a legal entity. It has neither a living mind nor voice like a human being. It can express its will only through a formal resolution, and therefore, it can only act in its corporate capacity by resolutions properly considered, carried and duly recorded in the manner laid down by its

(6) कार्य परिषद् अध्यापकों की संख्या, अर्हताओं तथा परिलब्धियों, और विद्या परिषद् तथा सम्बन्धित संकायों के परिषदों की सलाह पर विचार करने के पश्चात् अन्य किसी भी प्रकार से परीक्षकों को संदेय शुल्क के सम्बन्ध में कोई भी कार्यवाही नहीं करेगी।

(7) कार्य परिषद् न्यायालय के प्रत्येक संकल्प पर सम्यक् विचार करेगी और उस पर ऐसी कार्यवाही करेगी जिसे वह उपयुक्त समझे और न्यायालय को की गयी कार्यवाही अथवा जैसा विषय हो, संकल्प की अस्वीकृति के कारणों की रिपोर्ट देगी।

(8) कार्य परिषद्, परिनियमों में निर्दिष्ट किन्हीं शर्तों के अध्यधीन अपनी ऐसी शक्तियों को जिन्हें वह उपयुक्त समझे, विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी अथवा किसी अन्य प्राधिकारी को अथवा अपने द्वारा नियुक्त की गयी समिति को प्रत्यायोजित कर सकेगी।

टिप्पणियाँ

1. कार्य परिषद् की बैठकों की नोटिस का दिया जाना अनिवार्य
2. संकल्प का पारित किया जाना—प्रक्रिया का पारित किया जाना अनिवार्य
3. कार्य परिषद्—विश्वविद्यालय का प्रधान कार्य निकाय
4. विचारणीय मद का सदैव कार्य-सूची में होना आवश्यक नहीं
5. नोटिस का अननुपालन कब अधित्यजित
6. त्यजन का सिद्धान्त—कब अवलम्ब लिया जाना चाहिए
7. समुचित नोटिस न देने का परिणाम
8. अनुसमर्थन द्वारा शून्य संकल्प वैध नहीं हो सकता
9. संकल्प को मात्र दर्ज करना ही कोई अनुसमर्थन नहीं
10. कार्य परिषद् के सदस्य का पद-लोक पद
11. नियुक्ति—कार्यपरिषद् सदस्य द्वारा उसके संकल्प को चुनौती नहीं दे सकती
12. नियुक्ति आदेश का पुनर्विलोकन, उपान्तरण या प्रतिसंहरण नहीं किया जा सकता
13. यदि उपकुलपति जाँच में अपना साक्ष्य देता है, तो वह कार्य परिषद् की बैठक में सम्मिलित नहीं हो सकता
14. नियुक्ति करने के पूर्व अध्यादेशों को विरचित करने की कोई बाध्यता नहीं
15. नियुक्त करने की शक्ति में सेवा से मुक्त करने की शक्ति सम्मिलित है भले ही अधिनियम द्वारा यथापेक्षित अध्यादेश न किया गया हो
16. उपकुलपति द्वारा की गयी नियुक्ति अवैध

1. कार्य परिषद् की बैठकों की नोटिस का दिया जाना अनिवार्य—आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की खण्डपीठ ने कार्य परिषद् की बैठकों की विधि से सम्बन्धित प्रतिपादनों को निम्न प्रकार से निर्दिष्ट किया है—

(क) "बैठक" की धारणा अपनी परिधि में "सभी व्यक्तियों का एक साथ आना" समाविष्ट करती है;

(ख) नोटिस का उद्देश्य बैठक में भाग लेने के हक़दार व्यक्तियों को बैठक में सम्मिलित होने और उसमें होने वाले विचार-विमर्श में भाग लेने के लिए समर्थ बनाना है;

(ग) यदि बैठक को उसमें भाग लेने के हकदार व्यक्तियों को नोटिस दिये बिना आयोजित किया जाता है, तो बैठक अवैध हो जायेगी एवं उसमें की गयी पारिणामिक कार्यवाहियाँ भी उसी प्रकार के शैथिल्य प्रभावित होंगी। *ग्रंथी रघुरामा गुप्ता* बनाम *राजस्व परगना अधिकारी*, ए० आई० आर० 1973 आन्ध्र प्रदेश 174।

2. संकल्प का पारित किया जाना—प्रक्रिया का पारित किया जाना अनिवार्य—विश्वविद्यालय विधिक सत्ता है। इसका किसी मनुष्य की भाँति न तो जीवित मस्तिष्क होता है, न कि स्वर। यह अपनी इच्छा को केवल औपचारिक संकल्प के माध्यम से ही व्यक्त कर सकता है और इसलिए, वह केवल अपने संविधान द्वारा निर्दिष्ट रीति से ही समुचित ढंग से विचार किये गये, कार्यान्वित और सम्यक् रूप से अभिलिखित

constitution. If it is expected under the rules of the University that such resolutions are required to be moved and passed, the meeting of the Executive Council is called and every member of the body entitled to take part in the meeting, must be given a notice so as to enable him/her to express his/her views. In such circumstances, an omission to give proper notice even to a single member would invalidate the meeting and as a result, the resolutions which are to be passed, will also get invalidated. Here, it is worthwhile to note that the substance is more important than the form and if there is substantial compliance with the spirit and substance of the law, an unessential defect in form, will not defeat what is otherwise a proper and valid resolution. *Vice-Chancellor* v. *S. K. Ghosh*, A.I.R. 1954 S.C. 217.

3. *Executive Council—Principal Executive body of the University.*—The Executive Council is the principal Executive body of the University. It is an "authority" within the meaning of Section 19 of the Act. The University is a legal entity and a corporation as provided under Section 3 of the Act. Since the University is not a natural person, the functions of the Executive Council are very vital for the administration of the University. Wide powers are conferred on the Executive Council under this section for the running of the University. Residuary power has been conferred by Clause (xvii) empowering the Executive Council to regulate and determine all other matters concering the University as well as institutes, constituent, affiliated and associated colleges in accordance with the Act, the statutes and the ordinances. The normal way in which the decisions of the Executive Council are made, is by means of a resolution passed at a properly constituted meeting of the Executive Council. The manner in which the resolutions of the Executive Council should be passed, was considered by the Hon'ble Supreme Court of India in the case of *Vice-Chancellor* v. *S.N. Ghosh*, A.I.R. 1954 S.C. 217.

4. *Item to be considered need not be always on the agenda.*—It is not always necessary that before a matter is considered by the Executive Council, the said matter should be one of the items of the Agenda of the said meeting. *The King* v. *Pulsford*, (1828) 108 E.R. 1073 (B); *La Compagnie De Mayville* v. *Whitlay*, 1896 (1) Ch. 788 (C) and *Parker and Cooper Ltd.* v. *Reading*, 1926 (1) Ch. 975 (D).

5. *Non-compliance of notice, when waived off.*—In a case where notice is not issued to all the members as required by the Rules, but the said member comes and attends the meeting, the said irregularity will be deemed to have been waived by the said member and any decision taken in the meeting of the Executive Council cannot be challenged on the ground of non-compliance of the Rules. *Vice-Chancellor* v. *S.K. Ghosh*, A.I.R. 1954 S.C. 217.

6. *Principle of waiver—When can be invoked.*—The principle of waiver can only be invoked when all the members were present in the meeting. The doctrine of internal management cannot be pressed in aid to protect *ultra vires* acts. *Kashi Nath Mishra* v. *Allahabad University*, A.I.R. 1967 All. 101 (105).

7. *Effect of—When proper notice is not given.*—There is no diference in a case where no notice is served on members and a case where notice is served but the members are prevented from attending the meeting either by law or by use of physical force. In both the contingencies, the members do not get reasonable opportunity to attend the meeting; and therefore any business transacted at such a meeting cannot be held valid. *M. G. Gupta* v. *Agra University*, 1975 (1) Labour and Industrial Cases 3.

There does not seem to be any difference in point of principles between a case of there being a meeting convened without a notice to a person entitled to attend the meeting

संकल्पों द्वारा अपनी निगमित प्रास्थिति में ही कार्य कर सकता है। यदि विश्वविद्यालय के नियमों में इस बात की अपेक्षा की जाती है कि ऐसे संकल्पों का प्रस्तुत एवं पारित किया जाना अपेक्षित है, तो कार्यपरिषद् की बैठक बुलायी जाती है, एवं निकाय के प्रत्येक सदस्य को जिसे उस बैठक में भाग लेने का अधिकार प्राप्त होता है, नोटिस दी जानी आवश्यक होती है ताकि वह उसमें भाग ले सके एवं अपने मत को व्यक्त कर सके। इन परिस्थितियों में एक भी सदस्य को नोटिस देने की चूक बैठक को अविधिमान्य बना देगी और पारिणामिक रूप से संकल्प जिन्हें पारित किया जाना है, भी अविधिमान्य हो जायेंगे। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि सार स्वरूप से अधिक महत्वपूर्ण है और यदि विधि का सारतः पालन किया जाता है, तो स्वरूप में अनावश्यक दोष उस संकल्प को विफल नहीं कर देगा जो अन्यथा आवश्यक रूप से समुचित और वैध संकल्प है। *उपकुलपति* बनाम *एस० के० घोष*, ए० आई० आर० 1954 एस० सी० 217।

3. कार्य परिषद्—विश्वविद्यालय का प्रधान कार्य निकाय—कार्य परिषद् विश्वविद्यालय का प्रधान कार्य निकाय है। यह अधिनियम की धारा 19 की अर्थव्याप्ति में ''प्राधिकारी'' है। विश्वविद्यालय विधिक सत्ता है और अधिनियम की धारा 3 के अधीन यथा उपबंधित निगम है। चूंकि विश्वविद्यालय प्राकृत व्यक्ति नहीं है, इसलिए, कार्य परिषद् के कार्य विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। विश्वविद्यालय को चलाने के लिए इस धारा के अधीन कार्य परिषद् को व्यापक शक्तियाँ प्रदान की जाती है। खण्ड (xvii) द्वारा कार्य परिषद् को अवशिष्ट शक्ति प्रदान की जाती है जिसमें कार्यपरिषद् को विश्वविद्यालय और साथ ही संस्था, घटक, सम्बद्ध एवं सहयुक्त महाविद्यालयों से सम्बन्धित अन्य सभी मामलों को अधिनियम परिनियमों एवं अध्यादेशों के अनुसार विनियमित तथा अवधारित किया जाता है। सामान्य तरीका, जिसमें कार्य परिषद् के विनिश्चयों को किया जाता है, कार्य परिषद् की समुचित ढंग से गठित बैठक में पारित संकल्प के माध्य से है। किस तरह से कार्य परिषद् के संकल्प को पारित किया जाना चाहिए, इस पर भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा *उपकुलपति* बनाम *एस० के० घोष*, ए० आई० आर० 1954 एस० सी० 217 के वाद में विचार किया गया।

4. विचारणीय मद का सदैव कार्य-सूची में होना आवश्यक नहीं—यह आवश्यक नहीं कि किसी मामले पर कार्य परिषद् द्वारा विचार किये जाने के पूर्व, उक्त मामले का उक्त बैठक की कार्यसूची के मदों में से एक होना चाहिए। *द किंग* बनाम *पुल्सफोर्ड*, (1928) 108 ई० आर० 1073 (बी०); *ला कॉम्पेन डी मेवीले* बनाम *बाइटले*, 1896 (1) चां० 788 (सी०), और *पारकर एण्ड कूपर लि०* बनाम *रीडिंग*, 1926 (1) चां० 975 (डी)।

5. नोटिस का अनुपालन कब अधित्यजित—ऐसे किसी वाद में, जहाँ नियमावली द्वारा यथा अपेक्षित सभी सदस्यों को नोटिस जारी नहीं की जाती, लेकिन उक्त सदस्य आता है और बैठक में सम्मिलित होता है, तो उक्त अनियमितता का उक्त सदस्य द्वारा त्यजित किया जाना समझा जायेगा और कार्य परिषद् की बैठक में लिए जाने वाले विनिश्चय को नियमों के अनुपालन के आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती। *उपकुलपति* बनाम *एस० के० घोष*, ए० आई० आर० 1954 एस० सी० 217।

6. त्यजन का सिद्धान्त—कब अवलम्ब लिया जाना चाहिए—त्यजन के सिद्धान्त का अवलम्ब केवल तभी लिया जा सकता है जब सभी सदस्य बैठक में उपस्थित हों। अधिकारातीत कृत्य को संरक्षण प्रदान करने के लिए आन्तरिक प्रबन्धन के सिद्धान्त का लागू नहीं किया जा सकता। *काशी नाथ मिश्रा* बनाम *इलाहाबाद विश्वविद्यालय*, ए० आई० आर० 1967 इला० 101 (105)।

7. समुचित नोटिस न देने का परिणाम—ऐसे किसी वाद, जहाँ सदस्य को कोई नोटिस तामील नहीं की जाती और ऐसे किसी वाद जहाँ नोटिस तो तामील की जाती है, लेकिन सदस्यों को बैठक में सम्मिलित होने से या विधि द्वारा या शारीरिक बल के प्रयोग द्वारा निवारित किया जाता है, के मध्य कोई अन्तर नहीं है। दोनों ही आकस्मिकताओं में सदस्यों को बैठक में सम्मिलित होने का युक्तियुक्त अवसर प्राप्त नहीं होता; और इसलिए, ऐसी बैठक में किया गया कोई भी कामकाज वैध नहीं ठहराया जा सकता। *एम० जी० गुप्ता* बनाम *आगरा विश्वविद्यालय*, 1975 (1) लेबर एण्ड इण्डस्ट्रियल केसेज 3।

बैठक में सम्मिलित होने के हक़दार व्यक्ति को नोटिस के बिना बैठक को आयोजित करने के वाद तथा ऐसे वाद के मध्य सिद्धान्तों के बिन्दु पर किसी भी अन्तर का होना प्रतीत नहीं होता है जहाँ ऐसे व्यक्ति का

and case where such a person was found being prevented by the interested party from attending the meeting. *M. G. Gupta* v. *Agra University*, 1975 (1) Labour and Industrial Cases 3.

8. *Void resolution cannot be valid by ratification.*—Order rassed in violation of principles of natural justice is void. Any subsequent affirmance or reiteration of that decision by the same authority or by the appellate or revisional authority does not validate that decision. Repeated re-affirmance of a void or resolution is not sufficient to make the original action valid or legal. *M.G. Gupta* v. *Agra University*, 1975 (1) Labour and Industrial Cases 3.

9. *Mere noting of a resolution not a ratification.*—Mere noting of resolution does not amount to ratification. *G. D. Chawla* v. *University of Jodhpur*, 1976 (1) Labour and Industrial Cases 713.

10. *Office of member of Executive Council—A public office.*—Membership of Executive Council is not merely an office, but it is a public office. A graduate of the University, who is a registered one, has a right to seek for a writ of quo warrant, if such a person has been elected in clear violation of the statutes and ordinances. *Satish Chandra Sharma* v. *University of Rajasthan, Jaipur*, 1970 R.L.W. 403.

11. *Appointment—Member of Executive Council cannot challenge its resolution.*—A member of the Executive Council cannot challenge an appointment of the Readers and Professors made by the Executive Council itself as he is not a rival candidate and his interest is not affected. *K.P. Yayaraman Reddy* v. *Bangalore University*, 1973 (2) S.L.R. 239.

12. *Appointment order cannot be reviewed, modified or rescinded.*—If an appointment order has been issued and the employee has assumed office, then the order cannot be reviewed, modified or rescinded. *R.V. Swamy* v. *Vice-Chancellor*, 1973 (1) S.L.R. 889.

13. *If V.C. gives his evidence in inquiry, he cannot attend the meeting of Executive Council.*—Every judicial or quasi-judicial authority required to act judicially must act impartially free from bias. A biased judge is disqualified to determine disputes before him. The same principle would apply to a statutory authority required to act judicially. Bias vitiates judicial as well as quasi-judicial decisions.

The doctrine of bias was applicable to the Executive Council and the members of the Executive Council were required to be free from bias while considering and deciding the charges against the petitioner. Participation of biased members in the proceedings of the Executive Council was bound to vitiate its decision.

The Vice-Chancellor and one of the members of the Executive Council who were biased against the petitioner. Their participation in the meeting of the Executive Council rendered resolution terminating the petitioner's services void. *M.G. Gupta* v. *Agra University*, 1975 (1) Labour and Industrial Cases 3.

14. *Making an appointment—Framing of ordinances not obligatory.*—It is not obligatory on the Executive Council to frame the ordinance relating to qualification of teachers before it can exercise its powers to appoint a teacher. *Harish Chandra Khare* v. *Chancellor, Allahabad University*, Writ 3911 of 1969 decided on 29-4-1970 by the Allahabad High Court.

15. *Power to appoint includes the power to dispense with service even if an ordinance as required by the Act not made.*—The Executive Council has the power to take action against the officers, teachers and other employees of the University even though no ordinances have been framed laying down the terms and conditions under which the said action can be taken against the persons concerned. *Aligarh Muslim University* v. *Nadir Raza Naqvi*, 1978 A.L.J. 950 : 1978 Labour and Industrial Cases 991.

हितबद्ध पक्षकार द्वारा बैठक में सम्मिलित होने से निवारित किया गया हो। *एम० जी० गुप्ता* बनाम *आगरा विश्वविद्यालय,* 1975 (1) लेबर एण्ड इण्डस्ट्रियल केसेज 3 ।

8. अनुसमर्थन द्वारा शून्य संकल्प वैध नहीं हो सकता—नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों का उल्लंघन करते हुए पारित आदेश शून्य होता है। उसी प्राधिकारी द्वारा या अपील अथवा पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा उस विनिश्चय की पश्चात्वर्ती अभिपुष्टि या उसका दोहराया जाना उस विनिश्चय को वैधकृत नहीं करता है। बारम्बार शून्य आदेश अथवा संकल्प का पुनः अभिपुष्टिकरण मूल कार्रवाई को वैध या विधिक बनाने के लिए पर्याप्त नहीं है। *एम० जी० गुप्ता* बनाम *आगरा विश्वविद्यालय,* 1975 (1) लेबर एण्ड इण्डस्ट्रियल केसेज 3 ।

9. संकल्प को मात्र दर्ज करना ही कोई अनुसमर्थन नहीं—संकल्प को मात्र दर्ज करना ही अनुसमर्थन की कोटि में नहीं आता। *जी० डी० चावला* बनाम *जोधपुर विश्वविद्यालय,* 1976 खण्ड I, लेबर एण्ड इण्डस्ट्रियल केसेज 713।

10. कार्य परिषद् के सदस्य का पद—लोक पद—कार्य परिषद् की सदस्यता न केवल पद है, बल्कि वह एक लोक पद है। विश्वविद्यालय का स्नातक, जो पंजीकृत स्नातक है, को अधिकार पृच्छा की रिट माँगने का अधिकार प्राप्त है, बशर्ते ऐसे व्यक्ति को परिनियमों और अध्यादेशों का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए निर्वाचित किया गया हो। *सतीश चन्द्र शर्मा* बनाम *राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर,* 1970 आर० एल० डब्ल्यू० 403।

11. नियुक्ति—कार्यपरिषद् सदस्य द्वारा उसके संकल्प को चुनौती नहीं दे सकती—कार्य परिषद् का सदस्य स्वयं कार्य परिषद् द्वारा की गयी रीडरों एवं प्रोफेसरों की नियुक्ति को चुनौती नहीं दे सकता क्योंकि वह प्रतिद्वंदी अभ्यर्थी नहीं है एवं उसका हित प्रभावित नहीं होता है। *के० पी० यारमन रेड्डी* बनाम *बंगलौर विश्वविद्यालय,* 1973 (2) एस० एल० आर० 235।

12. नियुक्ति आदेश का पुनर्विलोकन, उपान्तरण या प्रतिसंहरण नहीं किया जा सकता—यदि नियुक्ति आदेश को जारी किया गया तथा कर्मचारी ने पद धारण कर लिया है, तो उस आदेश का पुनर्विलोकन नहीं किया जा सकता, न ही उसे उपान्तरित या प्रतिसंहृत किया जा सकता है। *आर० वी० स्वामी* बनाम *उपकुलपति,* 1973 (1) एस० एल० आर० 889।

13. यदि उपकुलपति जाँच में अपना साक्ष्य देता है, तो वह कार्य परिषद् की बैठक में सम्मिलित नहीं हो सकता—प्रत्येक न्यायिक अथवा न्यायिक कल्प प्राधिकारी, जिससे न्यायिक रूप से कार्य करने की अपेक्षा की जाती है, को पक्षपात रहित होकर निष्पक्ष ढंग से कार्य करना होगा। पक्षपातपूर्ण न्यायाधीश अपने समक्ष विवादों का अवधारण करने के लिए अनर्हित है। यदि सिद्धान्त उस वैधानिक प्राधिकारी के लिए भी लागू होती है जिससे न्यायिक रूप से कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। पक्षपात से न्यायिक और साथ ही न्यायिक कल्प विनिश्चय भी दूषित हो जाते हैं। पक्षपात का सिद्धान्त कार्य परिषद् के लिए भी प्रयोज्य था और कार्य परिषद् के सदस्यों से यह अपेक्षा की गयी थी कि वह याची के विरुद्ध आरोपों पर विचार करने एवं उन्हें विनिश्चित करने की अपेक्षा की गयी। कार्यपरिषद् की कार्यवाही में पक्षपातपूर्ण सदस्यों की भागीदारी निश्चित रूप से उसके विनिश्चय को दूषित करने के लिए बाध्य थी। उपकुलपति और कार्य परिषद् के एक सदस्य, जिन्होंने जाँच समिति के समक्ष याची के विरुद्ध साक्ष्य दिया था, याची के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण थे। कार्य परिषद् की बैठक में उनकी भागीदारी से याची की सेवाओं का समाप्त करने का संकल्प शून्य हो गया था। *एम० जी० गुप्ता* बनाम *आगरा विश्वविद्यालय,* 1975 (1) लेबर एण्ड इण्डस्ट्रियल केसेज 3 ।

14. नियुक्ति करने के पूर्व अध्यादेशों को विरचित करने की कोई बाध्यता नहीं—कार्य परिषद् के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह अध्यापकों की नियुक्ति करने की शक्ति का प्रयोग करने के पूर्व अध्यापकों की अर्हता से सम्बन्धित अध्यादेश विरचित करे। *हरीश चन्द्र खरे* बनाम *कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय,* वर्ष 1969 की रिट 3911, इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा 29-4-1970 को विनिश्चित।

15. नियुक्त करने की शक्ति में सेवा से मुक्त करने की शक्ति सम्मिलित है भले ही अधिनियम द्वारा यथापेक्षित अध्यादेश न किया गया हो—कार्य परिषद् के पास विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की शक्ति प्राप्त है, भले ही उन निबन्धनों एवं शर्तों को निर्दिष्ट करते हुए कोई अध्यादेश विरचित न किया गया हो जिनके अधीन उक्त कार्रवाई को सम्बन्धित व्यक्ति के विरुद्ध किया जा सकता है। *अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी* बनाम *नादिर रजा नकवी,* 1978 ए० एल० जे० 950 : 1978 लेबर एण्ड इण्डियन केसेज 991।

16. Appointment made by Vice-Chancellor invalid.—According to Clause (vii) of sub-section of this section, the power to appoint on Assistant Registrar vests with the Executive Council. If an appointment is made by the Vice-Chancellor, it is *ultra vires* and invalid. *Vice-Chancellor* v. *Shiv Shankar Singh*, Special Appeal No. 46 of 1975 decided on 10-3-1975 (D.B.).

22. The Court.—The Court shall consist of the following members, namely:

Class I—*Ex officio Members*

(i) the Chancellor;

(ii) the Members of the Executive Council;

(iii) the Finance Officer.

Class II—*Life Members*

(iv) in the case of an existing University, every person who was a life member of the Court or Senate immediately before the commencement of this Act.

Class III—*Representatives of Teachers, etc.*

(v) all heads of departments of the University and of constituent colleges maintained by it;

(vi) the Deans of Faculties of Medicine and Engineering, if they are not members of the Executive Council;

(vii) two representatives of provosts and wardens of hostels and halls of the University and of its constituent colleges and Institutes to be selected by rotation in the manner prescribed;

(viii) all Principals of constituent colleges maintained by the State Government;

(ix) fifteen teachers to be selected in the manner prescribed;

(x) two representatives of the managements of the affiliated or associated colleges to be selected by ratation in the manner prescribed.

Class IV—*Registered Graduates*

(xi) fifteen representatives of registered graduates to be elected, by registered graduates of such standing as may be prescribed from amongst such of them as are not in the service of the University or of an Institute or of a constituent college or in the service or connected with the management of affiliated college, associated college, hall or hostel.

Class V—*Representation of Students*

(xii) one student from each of the Faculties, who having secured the highest marks in that Faculty at the preceding degree examination of any University is pursuing a course of study for a post-graduate degree or a law or a medical or engineering degree in the University (including an affiliated or associated college);

Class VI—*Nominees of Chancellor*

(xiii) [1][* * *]

---

1. Omitted by U.P. Act No. 29 of 1974.

16. उपकुलपति द्वारा की गयी नियुक्ति अवैध—इस धारा की उपधारा (1) के खण्ड (vii) के अनुसार, सहायक रजिस्ट्रार को नियुक्त करने की शक्ति कार्य परिषद् में निहित है। यदि नियुक्ति को उपकुलपति द्वारा किया जाता है, तो वह अधिकारातीत एवं अवैध है। *उपकुलपति* बनाम *शिव शंकर सिंह,* 10-3-1975 को विनिश्चित वर्ष 1975 की विशेष अपील संख्या 46।

22. सभा—सभा में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित होंगे, अर्थात्—

श्रेणी I—पदेन सदस्य

(i) कुलपति;

(ii) कार्य परिषद् के सदस्य;

(iii) वित्त अधिकारी;

श्रेणी II—आजीवन सदस्य

(iv) किसी विद्यमान विश्वविद्यालय की दशा में, प्रत्येक सदस्य, जो इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पूर्व सभा या सीनेट का आजीवन सदस्य था;

श्रेणी III—अध्यापकों के प्रतिनिधि आदि

(v) विश्वविद्यालय के और उसके द्वारा पोषित संघटक महाविद्यालयों के सभी विभागाध्यक्ष;

(vi) औषधि और अभियांत्रिकी के संकायाध्यक्ष, बशर्ते वे कार्य परिषद् के सदस्य न हों;

(vii) विश्वविद्यालय और उसके संघटक महाविद्यालयों एवं संस्थानों के छात्रावासों और छात्र निवासों के प्रोवोस्टो तथा वार्डनों के दो प्रतिनिधियों का चयन निर्धारित रीति से चक्रानुक्रम द्वारा किया जायेगा।

(viii) राज्य सरकार द्वारा पोषित संघटक महाविद्यालयों के सभी प्राचार्य;

(ix) पन्द्रह अध्यापक जिनका चयन निर्धारित रीति से किया जायेगा;

(x) सम्बद्ध अथवा सहयुक्त महाविद्यालयों के प्रबन्ध तंत्र के दो प्रतिनिधियों का निर्धारित रीति से चक्रानुक्रम द्वारा चयन किया जायेगा;

श्रेणी IV—पंजीकृत स्नातक

(xi) पंजीकृत स्नातकों में से पन्द्रह प्रतिनिधियों का उस प्रास्थिति वाले पंजीकृत स्नातकों द्वारा चयन किया जायेगा जिन्हें उनमें से ऐसे व्यक्तियों में से विहित किया जा सकेगा, जो विश्वविद्यालय की या किसी संस्थान की या किसी संघटक महाविद्यालय की सेवा में नहीं है अथवा सम्बद्ध महाविद्यालय, सहयुक्त महाविद्यालय, छात्र-निवास अथवा छात्रावास के प्रबन्ध तंत्र में सेवा में नहीं है या उससे सम्बद्ध नहीं है;

श्रेणी V—विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व

(xii) संकायों में से प्रत्येक में से एक विद्यार्थी जिसने किसी भी विश्वविद्यालय की पूर्ववर्ती उपाधि की परीक्षा में उस संकाय में अधिकतम अंकों को प्राप्त किया है और वह विश्वविद्यालय में [सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय सहित] किसी स्नातकोत्तर उपाधि या विधि या चिकित्सीय या अभियांत्रिकी उपाधि के लिए अध्ययन के पाठ्यक्रम का अनुशीलन कर रहा है;

श्रेणी VI—कुलपति के नाम निर्देशिती

(xiii) [1][* * *]

---

1. 1971 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 29 द्वारा लोपित।

Class VII—*Representatives of the State Legislature*

(xiv) two members of the Legislative Council to be elected by it;

(xv) five members of the Legislative Assembly to be elected by it.

(2) The term of office of members of each class, except Classes I, II and V, mentioned in sub-section (1) shall be three years and the term of the members of the said Class V shall be one year.

23. Powers and duties of the Court.—The Court shall be an advisory body subject to the provisions of this Act, it shall have the following powers and functions, namely :

(a) to review, from time to time, the broad policies and programmes of the University and to suggest measures for the improvement and development of the University;

(b) to consider and pass resolutions on the annual report and the annual accounts of the University and the audit report thereon;

(c) to advise the Chancellor in respect of any matter which may be referred to it for advice; and

(d) to perform such other duties and exercise such other functions as may be assigned to it by this Act or the Statutes or by the Chancellor.

24. Meeting of the Court.—(1) The Court shall meet once a year on a date to be fixed by the Vice-Chancellor and such meeting shall be called the annual meeting of the Court.

(2) The Vice-Chancellor may, whenever he thinks fit, and shall, upon a requisition in writing signed by not less than one-fourth of the total membership of the Court, convene a special meeting of the Court.

25. Academic Council.—(1) The Academic Council shall be the principal academic body of the University and subject to the provisions of this Act, the Statutes and the Ordinances :

(a) shall have the control and general regulation of, and be responsible for the maintenance of standard of instruction, education and research carried on or imparted in the University;

(b) may advise the Executive Council on all academic matters including matters relating to examinations conducted by the University; and

(c) shall have such powers and duties as may be conferred or imposed upon it by the Statutes.

(2) The Academic Council shall consist of the following members, namely—

(i) the Vice-Chancellor;

(ii) the Deans of all Faculties, if any;

(iii) all Heads of Departments of the University and where there is no department in a subject in the University, the senior-most teacher from affiliated colleges, representing that subject on the Faculty concerned;

(iv) all Professors of the University who are not Heads of Departments;

श्रेणी VII—राज्य विधानमण्डल के प्रतिनिधि

(xiv) विधान परिषद् के दो सदस्यों का उसके द्वारा चुनाव किया जायेगा;

(xv) विधान सभा के पांच सदस्यों का उसके द्वारा चुनाव किया जायेगा।

(2) उपधारा (1) में श्रेणी I, II तथा V के सिवाय प्रत्येक वर्ग के सदस्यों के पद का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा और उक्त श्रेणी V के सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष होगा।

23. सभा की शक्तियाँ एवं कर्तव्य—सभा सलाहकारी निकाय होगी और इस अधिनियम के प्रावधानों के अध्यधीन उसकी निम्नलिखित शक्तियों एवं कार्य होंगे, अर्थात्—

(क) विश्वविद्यालय के परिषद् की पालिसियों और कार्यक्रमों की समय-समय पर समीक्षा करना और विश्वविद्यालय के सुधार एवं विकास के उपायों का सुझाव देना;

(ख) विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक लेखों तथा उन पर अंकेक्षण रिपोर्ट पर विचार करना तथा संकल्पों को पारित करना;

(ग) किसी ऐसे मामले के सम्बन्ध में कुलपति को सलाह देना जिसे उसके समक्ष सलाह के लिए निर्दिष्ट किया जाये; और

(घ) इस अधिनियम या परिनियमों द्वारा या कुलपति द्वारा उसे समनुदेशित किये जा सकने वाले ऐसे अन्य कर्तव्यों का संपादन करना और ऐसे अन्य कार्यों का प्रयोग करना।

24. सभा की बैठक—(1) सभा कुलपति द्वारा नियत की जाने वाली तारीख पर वर्ष में एक बार बैठक करेगी और उस बैठक को सभा की वार्षिक बैठक कहा जायेगा।

(2) उपकुलपति, जब कभी वह उपयुक्त समझे सभा की कुल सदस्यता के कम से कम एक चौथाई द्वारा हस्ताक्षरित लिखित अध्यपेक्षा पर सभा की विशेष बैठक को आयोजित कर सकेगा और करेगा।

25. विद्यापरिषद्—(1) विद्या परिषद् विश्वविद्यालय के प्रधान विद्या निकाय को भी और इस अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों के अध्यधीन—

(क) विश्वविद्यालय में चलाये जाने वाले या दिए जाने वाले अनुदेश, शिक्षा और शोध के मानक को बनाये रखने के नियंत्रण और सामान्य विनियमन को रखेगी और उसके लिए उत्तरदायी होगी;

(ख) कार्यपरिषद् को, विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षाओं के सम्बन्ध में मामलों सहित सभी विद्या सम्बन्धी मामलों पर सलाह दे सकेगी; और

(ग) ऐसी शक्तियों और कर्तव्यों को प्राप्त करेगी जिन्हें परिनियमों द्वारा उसे प्रदत्त किया जा सकेगा अथवा उस पर अधिरोपित किया जा सकेगा।

(2) विद्या परिषद् में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्—

(i) उपकुलपति;

(ii) सभी संकायों, यदि कोई हों, के संकायाध्यक्ष;

(iii) विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष और जहाँ विश्वविद्यालय में किसी विषय में कोई विभाग न हो तो सम्बन्धित संकाय पर उस विषय का प्रतिनिधित्व करने वाले सम्बद्ध महाविद्यालयों से वरिष्ठतम अध्यापक;

(iv) विश्वविद्यालय के सभी प्रोफेसर, जो विभागाध्यक्ष नहीं हैं;

(v) the Principals of constituent colleges and the Directors of Institutes, if any;

(vi) two Professors, from each constituent college, if any, by rotation in order of seniority to be determined in the manner prescribed;

(vii) three Principals of affiliated or associated colleges to be selected by rotation in the manner prescribed;

(viii) fifteen teachers to be selected in the manner prescribed;

(ix) the Dean of Students Welfare;

(x) the Librarian of the University; and

(xi) five persons of academic eminence to be co-opted in the manner prescribed :

[1][Provided that if there is no member belonging to the Scheduled Castes or Scheduled Tribes or the other backward classes of citizen in the Academic Council constituted under this sub-section, the Vice-Chancellor may nominate two members belonging to the Scheduled Castes or Scheduled Tribes and two members belonging to other backward classes or citizen from amongst the teachers of the University by rotation in the manner prescribed.]

(3) Subject to the provisions of Section [2][65], the term of office of members other than *ex officio* members shall be such as may be prescribed.

26. The Finance Committee.—(1) The Finance Committee shall consist of—

(a) the Vice-Chancellor;

[3][(aa) the Secretary to the State Government in the Higher Education Department;

(aaa) the Secretary to the State Government in the Finance Department];

(b) the Pro-Vice-Chancellor, if any;

(c) the Registrar;

[4][(cc) the Controller of Examinations];

(d) one person, not being a member of the Executive Council or the Academic Council or a person in the service of the University or an Institute or of a constituent college, or a member of the Managing Committee of any affiliated or associated college, or a person in the service of such college, to be elected by the Executive Council; and

(e) the Finance Officer who shall also be the Secretary of the Committee.

[5][(1-A) A member referred to in Clause (aa) or Clause (aaa) of sub-section (1) may, instead of attending any meeting of the Finance Committee himself, depute an officer not below the rank of a Joint Secretary to the State Government and an officer so deputed shall also have the right to vote.]

1. Ins. by U.P. Act No. 1 of 2004 (w.e.f. 11-7-2003).
2. Subs. for "60" by U.P. Act No. 5 of 1977.
3. Ins. by President's Act No. 4 of 1996 (w.e.f. 11-7-1995).
4. Ins. by U.P. Act No. 14 of 1995 (w.e.f. 25-2-1995).
5. Ins. by President's Act No. 4 of 1996 (w.e.f. 11-7-1995).

(v) संघटक महाविद्यालयों के प्राचार्य और संस्थान, यदि कोई हो, के निदेशक;

(vi) प्रत्येक संघटक महाविद्यालय, यदि कोई हो, से वरिष्ठता के क्रम में चक्रानुक्रम द्वारा दो प्रोफेसरों को निर्धारित रीति से अवधारित किया जायेगा।

(vii) सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालयों के तीन प्राचार्यों का चयन निर्धारित रीति से चक्रानुक्रम द्वारा किया जायेगा;

(viii) पन्द्रह अध्यापकों का चयन निर्धारित रीति से किया जायेगा;

(ix) विद्यार्थियों के कल्याण का संकायाध्यक्ष;

(x) विश्वविद्यालय का पुस्तकालयाध्यक्ष; और

(xi) शैक्षिक प्रतिष्ठा के पांच सदस्यों का चुनाव निर्धारित रीति से किया जायेगा।

[1][परन्तु यह कि यदि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजातियों या नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों का कोई भी सदस्य इस उपधारा के अधीन गठित विद्या परिषद् में नहीं है तो उपकुलपति अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के दो सदस्यों और विश्वविद्यालय के अध्यापकों में से नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों के दो सदस्यों को निर्धारित रीति से चक्रानुक्रम द्वारा मनोनीत कर सकेगा।]

(3) धारा [2][65] के प्रावधानों के अध्यधीन पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्यों के पद का कार्यकाल वह होगा जिसे निर्धारित किया जाये।

26. वित्त समिति—वित्त समिति में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे—

(क) उपकुलपति;

[3][(कक) उच्च शिक्षा विभाग में राज्य सरकार का सचिव;

(ककक) वित्त विभाग में राज्य सरकार का सचिव];

(ख) प्रति-उपकुलपति, यदि कोई हो;

(ग) रजिस्ट्रार;

[4][(गग) परीक्षा नियंत्रक];

(घ) एक व्यक्ति जो कार्यपरिषद् या विधान परिषद् का सदस्य अथवा विश्वविद्यालय की या किसी संस्थान की या संघटक महाविद्यालय की सेवा में व्यक्ति या किसी सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति का सदस्य या उस महाविद्यालय की सेवा में नहीं है, कार्य परिषद् द्वारा चुना जायेगा; और

(ङ) वित्त अधिकारी, जो समिति का सचिव भी होगा।

[5][(1-क) उपधारा (1) के खण्ड (कक) अथवा (खण्ड ककक) में निर्दिष्ट सदस्य स्वयं वित्त समिति की बैठक में सम्मिलित होने के बजाय किसी अधिकारी को, जो राज्य सरकार के संयुक्त सचिव के अनिम्न पंक्ति का नहीं होगा, प्रतिनियुक्त कर सकेगा और इस प्रकार प्रतिनियुक्त किये गये अधिकारी को मतदान करने का भी अधिकार प्राप्त होगा]।

---

1. 2004 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 1 द्वारा अन्तःस्थापित परन्तुक (11-7-2003 से प्रभावी)।
2. 1977 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 5 द्वारा "60" के लिए प्रतिस्थापित।
3. 1996 के राष्ट्रपति के अधिनियम संख्यांक 4 द्वारा अन्तःस्थापित।
4. 1995 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 14 द्वारा अन्तःस्थापित (25-2-1995 से प्रभावी)।
5. 1996 के राष्ट्रपति के अधिनियम संख्यांक 4 द्वारा अन्तःस्थापित (11-7-1995 से प्रभावी)।

(2) The Finance Committee shall advise the Executive Council on matters relating to the administration of property and funds of the University. It shall, having regard to the income and resources of the University, fix limits for the total recurring and non-recurring expenditure for the ensuing financial year and may, for any special reasons, revise during the financial year the limits of expenditure so fixed and the limits so fixed shall be binding on the Executive Council.

(3) The Finance Committee shall have such other powers and duties as may be conferred or imposed on it by this Act or the Statutes.

[1][(4) Unless a proposal having financial implication has been recommended by the Finance Committee, the Executive Council shall not take a decision thereon, and if the Executive Council disagrees with the recommendations of the Finance Committee, it shall refer the proposal back to the Finance Committee with reasons for the disagreement and if the Executive Council again disagrees with the recommendation of the Finance Committee the matter shall be referred to the Chancellor whose decision thereon shall be final.]

27. The Faculties.—(1) The University shall have such Faculties as may be prescribed.

(2) Each Faculty shall comprise such departments of teaching as may be prescribed and each department shall have such subjects of study as may be assigned to it by the Ordinance.

(3) There shall be a Board of each Faculty, the constitution (including the term of office of its members) and powers and duties of which shall be such as may be prescribed.

(4) There shall be a Dean of each Faculty who shall be chosen from amongst the Professors by rotation in order of seniority and shall hold office for three years.

[2][Provided that in the case of a Medical, Engineering, Ayurvedic or Fine Arts College, the Prinicpal of such colleges shall be the *ex offico* Dean of Medical, Engineering, Ayurvedic or Fine Arts Faculty, as the case may be];

Provided further that where there is more than one such college, the Deanship of each such Faculty shall rotate amongst the Principals of such colleges :

[3][Provided also that if there is no Professor in the Faculty, the office of Dean shall be held by Readers, and if there are no Readers, then by other teachers in that Faculty, by rotation in order of seniority].

(5) The Dean shall be the Chairman of the Board of Faculty and be responsible for—

(a) the organization and conduct of the teaching and research work of departments comprised in the Faculty; and

(b) the due observance of the Statutes, Ordinances and Regulations relating to the Faculty.

1. Ins. by President's Act No. 4 of 1996 (w.e.f. 11-7-1995).
2. Subs. by U.P. Act No. 29 of 1974.
3. Subs. by U.P. Act No. 5 of 1977.

(2) वित्त समिति विश्वविद्यालय की सम्पत्ति और निधियों के प्रशासन से सम्बन्धित मामलों पर कार्य परिषद् को सलाह देगी। वह विश्वविद्यालय की आय एवं स्रोतों को ध्यान में रखते हुए आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आवर्ती और अनावर्ती कुल व्यय की सीमाओं को नियत करेगी और किन्हीं विशेष कारणों से वह इस प्रकार नियत किये गये व्ययों की सीमाओं को उस वित्तीय वर्ष के दौरान पुनरीक्षित कर सकेगी और इस प्रकार नियत की गयी सीमाएं कार्य परिषद् पर आबद्धकर होंगी।

(3) वित्त समिति को ऐसी अन्य शक्तियाँ एवं कर्तव्य प्राप्त होंगे जिन्हें इस अधिनियम या परिनियमों द्वारा उसे प्रदान या उस पर अधिरोपित किया जा सकेगा।

[1][(4) जब तक वित्त समिति द्वारा वित्तीय विवक्षा को रखने वाले प्रस्ताव की सिफारिश न की गयी हो, तब तक कार्य परिषद् उस पर निर्णय नहीं लेगी और यदि कार्यपरिषद् वित्त समिति की सिफारिशों से असहमत है तो वह उस असहमति के लिए वित्त समिति को प्रस्ताव वापस निर्दिष्ट कर देगी और यदि कार्यपरिषद् पुनः वित्त समिति की सिफारिश से असहमत है तो मामले को कुलपति के समक्ष निर्दिष्ट किया जायेगा जिसका उस पर दिया गया विनिश्चय अन्तिम होगा।]

27. संकाय—(1) विश्वविद्यालय के ऐसे संकल्प होंगे जिन्हें निर्धारित किया जा सकेगा।

(2) प्रत्येक संकाय में अध्यापन के ऐसे विभाग सम्मिलित होंगे जिन्हें निर्धारित किया जा सकेगा और प्रत्येक विभाग में अध्ययन् के ऐसे विषय होंगे जिन्हें अध्यादेश द्वारा उसे समनुदेशित किया जा सकेगा।

(3) प्रत्येक संकाय का परिषद् होगा, जिसका गठन (उसके सदस्यों के पद के कार्यकाल सहित) और शक्तियाँ एवं कर्तव्य, ऐसे होंगे जिन्हें निर्धारित किया जा सकेगा।

(4) प्रत्येक संकाय का संकायाध्यक्ष होगा जिसे वरिष्ठता के क्रम से चक्रानुक्रम द्वारा प्रोफेसरों में से चुना जायेगा :

[2][परन्तु यह कि मेडिकल, अभियांत्रिकी, आयुर्वेदिक या ललित कला महाविद्यालय की दशा में उन महाविद्यालयों का प्राचार्य मेडिकल, अभियांत्रिकी, आयुर्वेदिक या जैसा विषय हो, ललित कला संकाय का पदेन संकायाध्यक्ष होगा] :

परन्तु अग्रेतर यह कि जहाँ एक से अधिक ऐसे महाविद्यालय हों तो ऐसे प्रत्येक संकाय के संकायाध्यक्ष का पद उन महाविद्यालयों के प्राचार्यों में से चक्रानुक्रम में होगा :

[3][परन्तु यह भी कि यदि संकाय में कोई प्रोफेसर न हो तो संकायाध्यक्ष का पद रीडरों द्वारा धारित किया जायेगा और यदि कोई रीडर न हों तो उस संकायाध्यक्ष में अन्य अध्यापकों द्वारा वरिष्ठता के क्रम में चक्रानुक्रम द्वारा धारित किया जायेगा]।

(5) संकायाध्यक्ष संकाय के पषिद् का सभापति होगा और वह निम्न के लिए उत्तरदायी होगा—

(क) संकाय में सम्मिलित किये गये विभागों के अध्यापन तथा शोधकार्य का संगठन एवं संचालन; और

(ख) संकाय के सम्बन्ध में परिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का सम्यक् पालन।

---

1. 1996 के राष्ट्रपति के अधिनियम संख्यांक 4 द्वारा अन्तःस्थापित (11-7-1995 से प्रभावी)।
2. 1974 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 29 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. 1977 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 5 द्वारा प्रतिस्थापित।

[1][(6) In each department of teaching in the University, there shall be a Head of the Department whose appointment shall be regulated by Statutes :

Provided that every person holding the office of Head of Department immediately before the date of commencement of this sub-section shall, subject to the provisions of this Act and the Statutes, continue to hold office on the same terms and conditions as he held immediately before the said date].

(7) The Head of Deprtment shall be responsible to the Dean for the organization of teaching in the department and have such other powers and duties as may be provided in the Ordinances.

(8) There shall be constituted in accordance with the provisions of the Ordinances, Boards of Studies in respect of different subjects of study and more than one subject may by assigned to one Board of Studies.

SYNOPSIS

1. Office of Dean of Faculty—A public office.
2. If only one Professor in a Faculty, he will continue to be the Dean.

1. *Office of Dean of Faculty—A public office.*—The office of Dean of Faculty in University is a public office and it is of substantive character and as such a petition challenging his appointment and seeking a writ of *quo warranto* will lie. *Rameshwaram Bhadada* v. *University of Jodhpur*, 1973 (2) S.L.R. 716.

2. *If only one Professor in a Faculty, he will continue to be the Dean.*—If there is only one Professor, he will get representation in the Senate without there being only election, and such representation to a Dean is not envisaged in the scheme of the Act by the process of election. *K.S. Siddalingaiah* v. *State*, A.I.R. 1979 Karnataka 190.

28. Admissions Committee.—(1) There shall be an Admissions Committee of the University the constitution of which shall be such as may be provided for in the Ordinances.

(2) The Admission Committee shall have the power to appoint such number of sub-committees as it thinks fit.

(3) Subject to the superintendence of the Academic Council and to the provisions of sub-section (5), the Admissions Committee shall lay down the principles or norms governing the policy of admission to various courses of studies in the University and may also nominate a person or a sub-committee as the admitting authority in respect of any course of study in an institute or a constituent college maintained by the University.

(4) Subject to the provisions of sub-section (5), the Committee may issue any direction as espects criteria or methods of admission [2][(including the number of students to be admitted)] to constituent colleges maintained by the State Government and affiliated or associated colleges, and such directions shall be binding on such colleges.

[3][(5) Notwithstanding anything contained in any other provision of this Act,—

1. Subs. by U.P. Act No. 29 of 1974.
2. Ins. byU.P. Act No. 21 of 1975.
3. Subs. by U.P. Act No. 20 of 1974 (w.e.f. 15-7-1994).

[1][(6) विश्वविद्यालय में अध्यापन के प्रत्येक विभाग में, एक विभागाध्यक्ष होगा जिसकी नियुक्ति परिनियमों द्वारा विनियमित की जायेगी :

परन्तु यह कि इस उपधारा के प्रारम्भ होने की तारीख के तत्काल पूर्व विभागाध्यक्ष के पद को धारित करने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस अधिनियम एवं परिनयमों के प्रावधानों के अध्यधीन, पद को उन्हीं निबन्धनों एवं शर्तों पर धारित करता रहेगा जिसे उसने उक्त तारीख के ठीक पहले धारित किया था।]

(7) विभागाध्यक्ष विभाग में अध्यापन के कार्य को संगठित करने के लिए संकायाध्यक्ष के प्रति उत्तरदायी होगा और उसे ऐसी अन्य शक्तियाँ एवं कर्तव्य प्राप्त होंगे जिन्हें अध्यादेशों में प्रदान किया जा सकेगा।

(8) अध्यादेशों के प्रावधानों के अनुसार अध्ययन के भिन्न विषयों के सम्बन्ध अध्ययन परिषदों का गठन किया जायेगा और एक अध्ययन परिषद् को एक से अधिक विषय समनुदेशित किये जा सकेंगे।

टिप्पणियाँ

1. संकाय के संकायाध्यक्ष का पद-लोक पद
2. यदि संकाय में केवल एक ही प्रोफेसर है, तो वह संकायाध्यक्ष बना रहेगा

1. संकाय के संकायाध्यक्ष का पद-लोक पद—विश्वविद्यालय में संकाय के संकायाध्यक्ष का पद लोक पद होता है और वह मूल प्रकृति का है और इस तरह से, उसकी नियुक्ति को चुनौती देते हुए एवं अधिकार पृच्छा की रिट की मांग करते हुए याचिका दाखिल की जा सकेगी। *रामेश्वरम् भदादा* बनाम जोधपुर *विश्वविद्यालय,* 1973 (2) एस० एल० आर० 716।

2. यदि संकाय में केवल एक ही प्रोफेसर है, तो वह संकायाध्यक्ष बना रहेगा—यदि किसी संकाय में केवल एक ही प्रोफेसर है, तो उसे सीनेट में, बिना किसी चुनाव के हुए ही, प्रतिनिधित्व प्राप्त होगा, और संकायाध्यक्ष के लिए उस प्रतिनिधित्व के बारे में चुनाव की प्रक्रिया द्वारा अधिनियम की योजना में परिकल्पना नहीं की जाती है। के० *एस० सिद्दालिंगय्यह* बनाम *राज्य,* ए० आई० आर० 1979 कर्नाटक 190।

28. प्रवेश समिति—(1) विश्वविद्यालय की एक प्रवेश समिति होगी जिसका गठन ऐसा होगा जिन्हें अध्यादेश में प्रावधानित किया जा सकेगा।

(2) प्रवेश समिति को उतनी संख्या में उपसमितियां नियुक्त करने की शक्ति प्राप्त होगी जितनी वह उपयुक्त समझे।

(3) विद्यापरिषद् के अधीक्षण और उपधारा (5) के प्रावधानों के अध्यधीन, प्रवेश समिति विश्वविद्यालय में अध्ययन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की नीति को शासित करते हुए सिद्धान्तों अथवा मानकों को निर्दिष्ट करेगी और वह विश्वविद्यालय द्वारा पोषित संस्थान या संघटक महाविद्यालय में अध्ययन के किसी भी पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति का उपसमिति को भी प्रवेश देने वाले प्राधिकारी के रूप में मनोनीत कर सकेगी।

(4) उपधारा (5) के प्रावधानों के अध्यधीन, समिति राज्य सरकार द्वारा पोषित संघटक महाविद्यालयों और सम्बद्ध अथवा सहयुक्त महाविद्यालयों को प्रवेश के मानदण्डों या पद्धतियों [2][प्रवेश दिये जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या समेत] के सम्बन्ध में कोई भी निदेश जारी कर सकेगी और ऐसे निदेश उन महाविद्यालयों पर आबद्धकर होंगे।

[3][(5) इस अधिनियम के किसी अन्य प्रावधान में अन्तर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए—

---

1. 1974 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 29 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. 1975 के उ० प्र० अधिनियम 21 द्वारा अन्तःस्थापित।
3. 1974 के उ० प्र० अधिनियम 20 द्वारा प्रतिस्थापित (15-7-1994 से प्रभावी)।

(a) reservation of seats for admission in any course of study in University, Institute, constituent college, affiliated college or associated college for the students belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes of citizens may be made and regulated by such orders as the State Government may, by notification, make in that behalf :

Provided that reservation under this clause shall not exceed fifty per cent of the total number of seats in any course of study :

Provided further that reservation under this clause shall not apply in the case of an institution established and administered by minorities referred to in Clause (1) of Article 30 of the Constitution :

Provided also that the reservation under this clause shall not apply to the category of Other Backward Classes of citizens specified in Schedule II to the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Act, 1994 :

(b) admission to medical and engineering colleges and to courses of instruction for degrees in education and Ayurvedic or Unani systems of medicine (including the number of students to be admitted), shall subject to Clause (a), be regulated by such orders (which if necessary may be with retrospective effect, but not effective prior to January 1, 1979) as the State Government may by notification, make in that behalf :

Provided that no order regulating admission under this clause shall be inconsistent with the rights of minorties in the matter of establishing and administering educational institutions of their choice;

(c) in making an order under Clause (a), the State Government may direct that any person who wilfully acts in a manner intended to contravene, or defeat the purposes of the order shall be punishable with imprisonment for a term not exceeding three months or with fine not exceeding one thousand rupees,or with both, as may be specified in the order.

(5-A) Every order made under Clause (a) of sub-section (5) shall be laid, as soon as may be, before both Houses of the State Legislature and the provisions of sub-section (1) of Section 23-A of the Uttar Pradesh General Clauses Act, 1904 shall apply as they apply in respect of rules made by the State Govenment under any Uttar Pradesh Act].

(6) No student admitted to any college in contravention of the provisions of this section shall be permitted to take up any examination conducted by the University, and the Vice-Chancellor, shall have the power to cancel any admission made in such contravention.

SYNOPSIS

1. Admission must be on the basis of merits.
2. University-wise reservation.
3. University wise reservation—Extent.
4. Extent of reservation.
5. Purpose and object of reservation in admission.
6. Action for infraction of guidelines against affiliated college.

(क) विश्वविद्यालय, संस्थान, संघटक महाविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालय अथवा सहयुक्त महाविद्यालय में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सीटों का आरक्षण ऐसे आदेशों द्वारा किया एवं विनियमित किया जा सकेगा जिन्हें राज्य सरकार अधिसूचना के माध्यम से उस निमित्त कर सकेगी :

परन्तु यह कि इस खण्ड में आरक्षण किसी भी पाठ्यक्रम में सीटों की कुल संख्या के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होगा :

परन्तु अग्रेतर यह कि इस खण्ड के अधीन आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड 1 में निर्दिष्ट अल्पसंख्यकों द्वारा स्थापित एवं प्रशासित संस्था की दशा में लागू नहीं होगा :

परन्तु यह भी कि इस खण्ड में आरक्षण उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों का आरक्षण) अधिनियम, 1994 की अनुसूची 11 में विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों की कोटि के लिए लागू नहीं होगा।

(ख) मेडिकल और अभियांत्रिकी महाविद्यालयों और शिक्षा एवं औषधि की आयुर्वेदिक या यूनानी पद्धतियों में उपाधि के लिए शिक्षा के पाठ्क्रमों (प्रवेश दिये जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या समेत) में प्रवेश, खण्ड (क) के अध्यधीन ऐसे आदेशों द्वारा विनियमित किया जायेगा (जो यदि आवश्यक हो भूतलक्षी प्रभाव के साथ होगा लेकिन 1 जनवरी, 1979 के पूर्व प्रभावकारी नहीं) जिन्हें राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा उस निमित कर सकेगी :

परन्तु यह कि इस खण्ड के अधीन प्रवेश को विनियमित करने वाला कोई भी आदेश अपनी पसंद की शैक्षिक संस्थाओं को स्थापित और प्रशासित करने के मामले में अल्पसंख्यकों के अधिकारों से असंगत नहीं होगा।

(ग) खण्ड (क) के अधीन आदेश को करने में, राज्य सरकार यह निदेश कर सकेगी कि कोई भी व्यक्ति, जो उस आदेश के प्रयोजनों का अतिलंघन करने या उन्हें विफल बनाने के लिए आशयित रीति से कार्य करता है, ऐसी अवधि के कारावास से जो तीन माह से अधिक नहीं होगी अथवा अर्थदण्ड से, जो एक हजार रुपये से अधिक नहीं होगा अथवा दोनों से दण्डनीय होगा जिसे आदेश में विनिर्दिष्ट किया जा सकेगा।

(5-क) उपधारा (5) के खण्ड (क) के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश, जैसे ही उसे किया जाता है, विधानमण्डल के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा और उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 की धारा 23-क की उपधारा (1) के प्रावधान उसी प्रकार से लागू होंगे जैसे कि वे किसी भी उत्तर प्रदेश अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाये गये नियमों के सम्बन्ध में लागू होते हैं।]

(6) इस धारा के प्रावधानों का अतिलंघन करते हुए किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश दिये गये किसी भी विद्यार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किसी भी परीक्षा को करने की अनुमति नहीं दी जायेगी और उपकुलपति को ऐसे उल्लंघन में किये गये किसी भी प्रवेश को निरस्त करने की शक्ति प्राप्त होगी।

टिप्पणियाँ

1. प्रवेश को मेरिट के आधार पर ही किया जाना चाहिए
2. विश्वविद्यालयानुसार आरक्षण
3. विश्वविद्यालयानुसार आरक्षण—विस्तार
4. आरक्षण की सीमा
5. प्रवेश में आरक्षण का प्रयोजन एवं उद्देश्य
6. सम्बद्ध महाविद्यालय के विरुद्ध मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अतिलंघन के लिए कार्रवाई

1. ***Admission must be on the basis of merits.***—In all cases of selection whether it be a civil post or in a college or in any other institution maintained by the State, the most meritorious candidate, if he does not suffer from any other disability, is required to be selected by the appropriate selection authority, and if the same is not done, it is well settled that the same would result in violation of Article 14 of the Constitution of India. *Dr. Y. Shantha* v. *Government Medical College,* A.I.R. 1978 Karnataka 66.

2. ***University-wise reservation..***—Where in a certain case, the validity of this rule came up for consideration that 70% of the seats at the post-graduate level be reserved for the Delhi University graduates and the remaining 30% open to all including the graduate of Delhi. It was observed that 70 per cent reservation is too high and as such would be unconstitutional. Krishna Iyer, J., who gave the majority judgment, observed as follows :

"We recognise that institution-wise reservation is constitutionally circumscribed and may become *ultra vires,* if recklessly resorted to. But, even such rules, until revised by competent authority or struck down judicially, will rule the root. That is why we have to concede that until the signport of "no admission for outsiders" is removed from other Universities and some fair percentage of seats in other Universities is left for open competition the Delhi students cannot be made martyrs of the Constitution. *Dr. Jagdish Saran* v. *Union of India,* A.I.R. 1980 S.C. 820 : 1980 (2) SCC 768.

3. ***University-wise reservation—Extent.***—University-wise reservation was challenged as unconstitutional. It was held by the Supreme Court that under certain circumstances, University-wise classification and reservation was constitutionally permissible. *D.N. Chachale* v. *State of Mysore,* (1971) Supp. S.C.R. 608 : (1971) 2 S.C.C. 293 : A.I.R. 1971 S.C. 1762.

4. ***Extent of reservation.***—Reservation is not an end, but a means a means to secure social and economic justice. However, the real solution lies in eliminating the causes that have led to the social, educational and economic backwardness of the weaker section of the community. But till, such time as that is not achieved, reservation is a measure "compensatory in character", means to "mitigate surmountable obstacles to ensure equality of opportunity. *State of Kerala* v. *N. M. Thomas,* A.I.R. 1976 S.C. 490.

Where 54 seats were reserved out of 100, it was held by the learned Chief Justice that it would destroy equality. *T. Devadasan* v. *Union of India,* A.I.R. 1964 S.C. 179.

1. प्रवेश को मेरिट के आधार पर ही किया जाना चाहिए—चयन के सभी मामलों में, चाहे वह सिविल पद हो या महाविद्यालय में या राज्य द्वारा पोषित अन्य किसी भी संस्था में, सर्वाधिक मेधावी अभ्यर्थी, यदि वह किसी अन्य निर्योग्यता से ग्रसित नहीं है, समुचित चयन प्राधिकारी द्वारा चुना जाना अपेक्षित है और यदि उसे नहीं किया जाता है, तो यह स्थापित है कि उससे भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा। *डॉ० वाई० शान्था* बनाम *गवर्नमेन्ट मेडिकल कालेज,* ए० आई० आर० 1978 कर्नाटक 66।

2. विश्वविद्यालयानुसार आरक्षण—जहाँ किसी वाद में, इस नियम की वैधता पर विचार किया गया था कि स्नातकोत्तर स्तर पर 70 प्रतिशत सीटें दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातकों के लिए आरक्षित की जायें और शेष 30 प्रतिशत दिल्ली के अन्य स्नातकों सहित सभी के लिए उपलब्ध हों। यह सम्प्रेक्षण किया गया कि 70 प्रतिशत आरक्षण अत्यन्त अधिक है और इस तरह से, असंवैधानिक होगा। न्यायमूर्ति कृष्णा अय्यर, जिन्होंने बहुमत का निर्णय दिया था, ने निम्नवत् सम्प्रेक्षण किया था :

''हम इस बात को मान्यता देते हैं कि संस्था-अनुसार आरक्षण संवैधानिक रूप से सीमाबद्ध है और यदि उसका बिना सोचे विचारे अवलम्ब लिया गया, तो अधिकारातीत हो जायेगा। लेकिन ऐसे नियम भी, जब तक सक्षम प्राधिकारी द्वारा पुनरीक्षित या न्यायिक रूप से समाप्त न कर दिये जायें, पूर्णरूपेण लागू होंगे। यही कारण है कि हमें यह स्वीकार करना पड़ रहा है कि जब तक 'बाहरी व्यक्तियों को कोई प्रवेश नहीं' का संकेत पर अन्य विश्वविद्यालय से नहीं हटा दिया जाता और अन्य विश्वविद्यालयों में सीटों को कुछ समुचित प्रतिशत खुली प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं छोड़ा जाता, तब तक दिल्ली के विद्यार्थियों को संविधान का शहीद नहीं बनाया जा सकता। *डॉ० जगदीश सरन* बनाम *भारत संघ,* ए० आई० आर० 1980 एस० सी० 820 : 1980 (2) एस० सी० सी० 768।

3. विश्वविद्यालयानुसार आरक्षण—विस्तार—प्रस्तुत वाद में, विश्वविद्यालयानुसार आरक्षण को असंवैधानिक मानकर चुनौती दी गयी थी। उच्चतम न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया था कि कतिपय परिस्थितियों में, विश्वविद्यालयानुसार वर्गीकरण एवं आरक्षण सांवैधानिक रूप से अनुज्ञेय था। *डॉ० एन० चन्वाले* बनाम *मैसूर राज्य,* (1971) सप्ली० एस० सी० आर० 608 : (1971) 2 एस० सी० सी० 293 : ए० आई० आर० 1971 एस० सी० 1762।

4. आरक्षण की सीमा—आरक्षण लक्ष्य नहीं है, बल्कि साधन है—ऐसा साधन जिससे सामाजिक और आर्थिक न्याय की प्राप्ति होती है। तथापि, वास्तविक हल उन कारणों को समाप्त करने में निहित है जिनके कारण समुदाय के दुर्बल वर्ग के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन की उत्पत्ति होती है। लेकिन, अब तक चूंकि उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हुई है, इसलिए आरक्षण ''क्षतिपूरक प्रकृति का उपाय है'', ''अवसर की समानता को सुनिश्चित करने के लिए अजेय अवरोधों के प्रभाव को कम करना है। *केरल राज्य* बनाम *एन० एम० थामस,* ए० आई० आर० 1976 एस० सी० 490।

जहाँ 100 सीटों में से 54 सीटें आरक्षित थीं, विद्वान मुख्य न्यायाधीश द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया कि इससे समानता नष्ट हो जायेगी। *टी० देवादासन* बनाम *भारत संघ,* ए० आई० आर० 1964 एस० सी० 179।

Reservation is permissible only to a limited extent. The maximum permissible limit of the reservation was first considered by the Supreme Court some 12 years after coming into force of the Constitution in *M.R. Balaji* v. *State of Mysore*, A.I.R. 1963 S.C. 649. It was held that......speaking generally and in a broad way, a special provision should be less than 50 per cent; how much less than 50 per cent would depend upon the relevant prevailing circumstances in each case. The question posed was whether 50 per cent was the maximum limit of reservation or that Balaji's case permitted reservation even beyond 50 per cent. In that case, it was held by this Court that reservation of more than half of the seats in an educational institution for being filled up from members of the backward classes is constitutional. *M. R. Balaji* v. *State of Mysore*, A.I.R. 1963 S.C. 649.

5. ***Purpose and object of reservation in admission.***—According to Article 46 of the Constitution, the State shall promote with special care, the educational and economic interests of the weaker sections of the people, and in particular, of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes, and shall protect them from social injustice and all forms of exploitation.

It cannot be gainsaid that when the Constitution come into force, a section of the population was socially and educationally backward. The causes, according to the backward class commission of backwardness amongst the educationally and socially backward classes, were—

(1) Traditional apathy for education on account of social and environmental conditions or accupational handicaps;
(2) Poverty and lack of educational institution in rural areas;
(3) Living in inaccesible areas;
(4) Lack of residential hostel facilities;
(5) Unemployment among the educated which acts as damper on the desire of the members to educate their children;
(6) Lack of adequate educational aids such as free studentship, scholarship and monetary grants;
(7) Defective educational system which does not train students for appropriate occupations and professions. *M.R. Balaji* v. *State of U.P.*, A.I.R. 1963 S.C. 649.

6. ***Action for infraction of guidelines against affiliated college.***—The guidelines issued by the Universities to all the colleges of Education affiliated thereto for the purposes of admission to the B.Ed. course are totally well encompassed within the statutory sanction. Consequently, it would follow that for the infraction of the guidelines, University is entitled to take action against the college and withdraw the affiliation and refuse registration to the students admitted in contravention thereof. *Kurukshetra University* v. *Rural College of Education (F.B.)*, A.I.R. 1980 Punjab and Haryana 103.

7. ***State Government can run Medical and Engineering Colleges.***—The State Government can run Medical and Engineering Colleges, it cannot be denied the power to admit such qualified students as pass the reasonable tests laid down by it. This is a power which every private owner of a college will have, and the Government which runs its own colleges, cannot be denied that power. *Chitralekha* v. *State of Mysoure*, A.I.R. 1964 S.C. 1823.

8. ***Parties to the petition challenging admission.***—It is necessary that selected candidates as well as the University should be made parties to the writ petition otherwise it would not be maintainable. *Padamraj Samarendra* v. *State*, A.I.R. 1979 Pat. 266 (F.B.).

आरक्षण केवल सीमित सीमा तक ही अनुज्ञेय है। आरक्षण की अधिकतम अनुज्ञेय सीमा पर पहली बार उच्चतम न्यायालय द्वारा संविधान के प्रभावी होने के लगभग 12 वर्ष के पश्चात् *एन० आर० बालाजी* बनाम *मैसूर राज्य,* ए० आई० आर० 1963 एस० सी० 649। यह अभिनिर्धारित किया गया था कि सामान्यतौर और व्यापक रूप से, विशेष प्रावधान 50 प्रतिशत से कम होना चाहिए; 50 प्रतिशत से कितना कम होना चाहिए, यह प्रत्येक वाद में सुसंगत विद्यमान परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। उठाया गया प्रश्न यह था कि क्या 50 प्रतिशत की सीमा आरक्षण की अधिकतम सीमा है अथवा यह कि क्या बालाजी के वाद में 50 प्रतिशत से अधिक के आरक्षण की अनुमति दी गयी थी। उस वाद में इस न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया था कि पिछड़े वर्गों के सदस्यों से भरे जाने के लिए किसी शैक्षिक संस्था में सीटों के आधे से अधिक आरक्षण असांवैधानिक है। *एम० आर० बालाजी* बनाम *मैसूर राज्य,* ए० आई० आर० 1963 एस० सी० 649।

5. प्रवेश में आरक्षण का प्रयोजन एवं उद्देश्य—संविधान के अनुच्छेद 46 के अनुसार, राज्य जनता के दुर्बल वर्गों के विशेषकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शिक्षा और अर्थ सम्बन्धी हितों की विशेष सावधानी से अभिवृद्धि करेगा और सामाजिक अन्य और सभी प्रकार के शोषण से उनकी संरक्षा करेगा। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि जब संविधान लागू हुआ, तो जनसंख्या का एक भाग सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़ा हुआ था। पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुसार, शैक्षिक रूप से एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों में पिछड़ेपन के कारण निम्नवत् हैं—

(1) सामाजिक एवं पर्यावरणीय दशाओं या व्यवसाय सम्बन्धी निर्योग्यताओं के कारण शिक्षा हेतु पारम्परिक उदासीनता;

(2) ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धनता और शैक्षिक संस्थाओं की कमी;

(3) दूर-दराज के क्षेत्रों में रहना;

(4) आवासिक छात्रावास सुविधाओं की कमी;

(5) शिक्षित व्यक्तियों में बेरोजगारी जो लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करने की इच्छा को हतोत्साहित करना है;

(6) पर्याप्त शिक्षा सम्बन्धी सहायता की कमी जैसे कि शिक्षा शुल्क की माफी, स्कालरशिप एवं धन सम्बन्धी अनुदान;

(7) दोषपूर्ण शिक्षा व्यवस्था जो विद्यार्थियों को समुचित व्यवसायों और वृत्तियों के लिए प्रशिक्षित नहीं करती है। *एम० आर० बालाजी* बनाम *उ० प्र० राज्य,* ए० आई० आर० 1963 एस० सी० 649।

6. सम्बद्ध महाविद्यालय के विरुद्ध मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अतिलंघन के लिए कार्रवाई—विश्वविद्यालयों द्वारा अपने से सम्बद्ध सभी शिक्षा कालेजों को जारी बी० एड० पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रयोजनों के लिए मार्गदर्शक सिद्धान्तों को वैधानिक स्वीकृति में समाविष्ट किया गया है। पारिणामिक रूप से यह परिणामित होगा कि मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अतिलंघन के लिए, विश्वविद्यालय उस महाविद्यालय के विरुद्ध कार्रवाई करने एवं सम्बद्धता को वापस लेने तथा उसके उल्लंघन में प्रवेश दिए गए विद्यार्थियों का पंजीयन करने से इन्कार करने का हक़दार है। *कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय* बनाम *रूरल कालेज आफ एजुकेशन (एफ०बी०),* ए० आई० आर० 1980 पंजाब और हरियाणा 103।

7. राज्य सरकार मेडिकल और इन्जीनियरिंग कालेजों को चला सकती है—राज्य सरकार मेडिकल कालेजों एवं इन्जीनियरिंग कालेजों को चला सकती है, उसे ऐसे अर्हित विद्यार्थियों को प्रवेश देने की शक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता जो उसके द्वारा निर्दिष्ट युक्तियुक्त परीक्षाओं को उत्तीर्ण करते हैं। यह ऐसी शक्ति है जिसे प्रत्येक कालेज का निजी स्वामी प्राप्त करेगा और सरकार जो अपने निजी कालेजों को चलाती है, उस शक्ति से वंचित नहीं की जा सकती। *चित्र लेखा* बनाम *मैसूर राज्य,* ए० आई० आर० 1964 एस० सी० 1823।

8. प्रवेश को चुनौती देते हुए याचिका में पक्षकार—यह आवश्यक है कि चयनित अभ्यर्थियों और साथ ही विश्वविद्यालय को रिट याचिका में पक्षकार बनाया जाना चाहिए, अन्यथा वह समर्थनीय नहीं होगा। *पद्मराज समरेन्द्र* बनाम *राज्य,* ए० आई० आर० 1979 पटना 266 (एफ० बी०)।

9. Authority to be estopped in case of breach of ordinance.—Where in a certain case, a student is admitted in violation or breach of an ordinance issued by the University and the ordinance further provided that the University authorities had the power to grant exemption from the operation of any of the ordinances governing the admission of the student, it was held that the admission of the student in such a case was only contrary to the ordinance, and not *ultra vires*, but only an irregular act and as such, the doctrine that there could be estoppel against the statute had no application in the case. *Delhi University* v. *Ashok Kumar*, A.I.R. 1968 Delhi 131; *K.K. Jacob* v. *Madurai University (D.B.)*, A.I.R. 1978 Madras 315.

10. In certain circumstances, students can resort to estoppel.—An admission made contrary to the provisions of this section is illegal, but in certain circumstances, the students can allege that the University is estopped from cancelling the admission of the student was permitted to prosecute his course of study throughout the academic years. If provisional admission made, the authorities are estopped from cancelling the admission after the academic year is over. *Delhi University* v. *Ashok Kumar*, A.I.R. 1968 Delhi 131.

11. Student—Research scholar included.—Any one joining the research classes is as much a student of the University as a student studying in B.A., B.Sc. or B.Com.—Special Appeal No. 193 of 1973, *Vice-Chancellor, University of Allahabad* v. *Jagdish Chandra Dixit*, decided by Division Bench of Allahabad High Court on 27-9-1973.

12. Application of equitable estoppel against University.—Where a student was admitted to M.A. Part I, though the said student was not eligible and he did not secure the minimum prescribed percentage of marks in a B.A. examination, the University had informed the concerned college that the said student's admission be cancelled but since the college did not inform the student and the said stduent regularly attended the class throughout the academic year and was informed only a few days before the examination. It was held that in the circumstances, the principle of equitable estoppel and the University could not refuse her from appearing at the examination. *Miss Sangeeta* v. *Prof. U. N. Singh*, A.I.R. 1980 Delhi 27.

13. Allahabad University Act, 2005—Sections 28 (1), 28 (2), 28 (5), 8 (2), 3 (n) and 7—First Statute of University, Statutes 30 (4) and 30 (5)—Motilal Nehru College (MLNC) and Swaroop Rani Nehru Hospital (SRNH) are University Colleges. In the instant cases, the State Government had raised an issue by way of two applications that Statute 30 (4) be amended by the Executive Council of the University so as to exclude the said MLNC and SRNH as University Colleges. It was held that the power, which is to be exercised by the Executive Council of the University under Section 28 (2) of the Act, is a legislative power. Thus, a direction cannot be issued to be Executive Council to consider about the applications of the State Government to amend the First Statute of the University. The contention of the State Government is regards discrination *vis-a-vis* Kamla Nehru Post Graduate Medical Institute, Allahabad and Harish Chandra Research Institute was not admitted. Besides, the a State Government's this plea was also not accepted that as the MLNC was a constituent College of the University under U.P. State University Act, 1973, therefore, it should continue as such under Section 8 (2) of Act, 2005 also. It is for the legislation to determine whether a particular college will be a University College or not. Since the MLNC and SRNH have been declared University Colleges under Statute 30 (4), therefore the said applications of the State Government were rejected. *Satish Chaturvedi* v. *State of U.P.*, (2007) 1 U.P.L.B.E.C. (Sum) 22 (Alld).

9. प्राधिकारी को अध्यादेश के उल्लंघन की दशा में विबंधित किया जायेगा—जहाँ कतिपय वाद में, किसी विद्यार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा जारी अध्यादेश के उल्लंघन अथवा भंग में प्रवेश दिया जाता है तथा अध्यादेश में अग्रेतर यह प्रावधान किया गया हो कि विश्वविद्यालय प्राधिकारियों को विद्यार्थी के प्रवेश को शासित करते हुए अध्यादेशों में से किसी के प्रवर्तन से छूट प्रदान करने की शक्ति प्राप्त है, तो ऐसी दशा में यह अभिनिर्धारित किया गया कि ऐसे वाद में विद्यार्थी का प्रवेश केवल अध्यादेश के ही विरुद्ध था, न कि उक्त अधिकारातीत था, बल्कि वह केवल अनियमित कृत्य ही था और इस तरह से, यह सिद्धान्त, कि परिनियम के विरुद्ध विबन्ध हो सकता था, वर्तमान वाद में लागू नहीं होता है। *दिल्ली विश्वविद्यालय* बनाम *अशोक कुमार*, ए॰ आई॰ आर॰ 1968 दिल्ली 131; *के॰ के॰ जैकब* बनाम मदुरई *विश्वविद्यालय (डी॰ ओ॰)*, ए॰ आई॰ आर॰ 1978 मद्रास 315।

10. कतिपय परिस्थितियों में विद्यार्थी विबन्ध का अवलम्ब ले सकता है—इस धारा की उपधारा (6) के प्रावधानों के विरुद्ध किया गया प्रवेश अविधिक है, लेकिन कतिपय परिस्थितियों में, विद्यार्थी यह अभिकथन कर सकते हैं कि विश्वविद्यालय को उस प्रवेश को रद्द करने से विबंधित किया जाता है, बशर्ते विद्यार्थी को पूर्ण शैक्षिक वर्ष में अपने अध्ययन के पाठ्यक्रम को अभियोजित करने की अनुमति दी गयी हो। यदि अनन्तिम प्रवेश दिया गया हो, प्राधिकारीगण को शैक्षिक वर्ष के समाप्त होने के पश्चात् प्रवेश को रद्द करने से विबंधित किया जाता है। *दिल्ली विश्वविद्यालय* बनाम *अशोक कुमार*, ए॰ आई॰ आर॰ 1968 दिल्ली 131।

11. विद्यार्थी-शोध छात्र सम्मिलित—शोध कक्षाओं में प्रवेश लेने वाला कोई भी व्यक्ति विश्वविद्यालय का उतना ही विद्यार्थी है जितना कि बी॰ ए॰, बी॰ एस॰ सी॰ अथवा बी॰ काम का विद्यार्थी होता है, 27-9-1973 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खण्डपीठ द्वारा विनिश्चित उपकुलपति, *इलाहाबाद विश्वविद्यालय* बनाम *जगदीश चन्द्र दीक्षित* शीर्षकान्तर्गत वर्ष 1973 की विशेष अपील संख्या 193।

12. साम्यपूर्ण विबन्ध का विश्वविद्यालय के विरुद्ध लागू होना—जहाँ किसी विद्यार्थी को एम॰ ए॰, भाग I में प्रवेश दिया गया था, यद्यपि उक्त विद्यार्थी पात्र नहीं था और उसने बी॰ ए॰ परीक्षा में अंकों के निर्धारित न्यूनतम प्रतिशत को प्राप्त नहीं किया था, विश्वविद्यालय ने सम्बन्धित महाविद्यालय को यह सूचित किया था कि उक्त विद्यार्थी के प्रवेश को रद्द कर दिया जाये, लेकिन चूंकि महाविद्यालय ने विद्यार्थी को सूचित नहीं किया था तथा उक्त विद्यार्थी नियमित रूप से पूरे शैक्षिक वर्ष कक्षा में उपस्थित होता रहा और परीक्षा के कुछ ही दिन पूर्व सूचित किया गया। यह अभिनिर्धारित किया गया कि विद्यमान परिस्थितियों में साम्यपूर्ण विबन्ध का सिद्धान्त लागू हुआ और विश्वविद्यालय उसे परीक्षा में सम्मिलित होने से इन्कार नहीं कर सकता था। *कु॰ संगीता* बनाम *प्रो॰ यू॰ एन॰ सिंह*, ए॰ आई॰ आर॰ 1980 दिल्ली 27।

13. इलाहाबाद विश्वविद्यालय अधिनियम, 2005—धारा 28 (1), 28 (2), 28 (5), 8 (2), 3 (ण) एवं 7—विश्वविद्यालय का प्रथम परिनियम, परिनियम 30 (4) एवं 30 (5)—मोतीलाल नेहरू कालेज (एम॰ एल॰ एन॰ सी॰) एवं स्वरूपरानी नेहरू हास्पिटल (एस॰ आर॰ एन॰ एच॰) विश्वविद्यालय महाविद्यालय है। प्रस्तुत वाद में राज्य सरकार ने दो आवेदनों द्वारा यह विवाद्यक उठाया था कि परिनियम 30 (4) को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् द्वारा संशोधित किया जाए जिससे कि पूर्वोल्लिखित एम॰ एल॰ एन॰ सी॰ तथा एस॰ आर॰ एन॰ एच॰ को विश्वविद्यालय महाविद्यालयों के रूप में अपवर्जित किया जा सके। यह अभिनिर्धारित किया गया कि अधिनियम की धारा 28 (2) के अधीन विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्ति विधायी शक्ति है। अतः, कार्यपरिषद् को यह निदेश जारी नहीं किया जा सकता है कि वह विश्वविद्यालय के प्रथम परिनियम को संशोधित करने के लिए राज्य सरकार के अभ्यावेदनों पर विचार करे। कमला नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल इंस्टीट्यूट इलाहाबाद और हरिश्चन्द्र रिसर्च इंस्टीट्यूट इलाहाबाद के सम्बन्ध में भेदभाव को लेकर राज्य सरकार के तर्क को स्वीकार नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, राज्य के इस अभिवाक् को भी स्वीकार नहीं किया गया है कि चूंकि एम॰ एल॰ एन॰ सी॰ उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के अधीन विश्वविद्यालय का संघटक महाविद्यालय था, उसे उस रूप में अधिनियम, 2005 की धारा 8 (2) के अधीन बने रहना चाहिए। विधान का यह कर्तव्य है कि वह यह अवधारित करे कि क्या कोई विशिष्ट महाविद्यालय विश्वविद्यालय महाविद्यालय होगा या नहीं। चूंकि धारा 30 (4) के अधीन एम॰ एल॰ एन॰ सी॰ एवं एस॰ आर॰ एन॰ एच॰ को विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों के रूप में घोषित किया गया है, इसलिए वे राज्य के ऐसे आवेदन नामंजूर कर दिये गये हैं। *सतीश चतुर्वेदी* बनाम *उ॰ प्र॰ राज्य*, (2007) 1 यू॰ पी॰ एल॰ बी॰ ई॰ सी॰ (सम॰) 22 (इला॰)।

14. U. P. State University Act, 1973, Section 28 (5)—Reservations for girl-students.—In a certain case, where Notifications dated 26-8-1989 and 16-6-2000 were issued by Governor/Chancellor in which preference for branch and institution upto one-third of total seats of girl-candidates was provided, whereas there was no reservations in any other statutory provision for the girls. U.P. State Engineering Admission Test, 2001 was organised. Government Orders dated 17-5-94 and 22-11-95 were also issued in between to the same effect. Does such preference violate Articles 14, 15 (1) and 15 (4) of Constitution of India read with Article 29 (2)? Does such preference amount to indirect reservation? It was held that preference/indirect reservation to girls provided by notification, while no such reservations was under any statute, is *ultra vires. Sandeep Poddar* v. *State of U.P.*, (2001) 3 U.P.L.B.E.C. 1968 (Alld.).

15. U.P. State Universities (Regulation of Admission to Courses of Instructions for Degree in Education in Affiliated, Associated and Constitutent Colleges) Orders, 1987—Government Order dated 9-9-2004.—In a certain case, where a dispute arose regarding the management quota of seats as to who will determine the percentage of management quota of seats—State Government or University to which the institution is affiliated. In such an event, a question arose whether G.O. dated 9-9-2004 is binding on the University and on the institution as well. Whether fixation of management quota seats under G.O. dated 9-9-2004 to the extent of 15% is arbitrary and violative of decision of Supreme Court in *T.M.A. Pai's* case, (2002) 3 U.P.L.B.E.C. 2817 (S.C.). Whether the Committee constituted by the State Government in *Inslamic Academy's* case, (2003) 3 U.P.L.B.E.C. 2424 (S.C.), having not recommended any percentage of management quota seats for the academic year 2003-04, the quota of 50-80% should be applied for the year 2004-05 also. Whether the management is entitled to fill in the management quota seats on the basis of the marks obtained in graduate courses. *Association of Professional Colleges and others* v. *State of Uttar Pradesh and another*, (2005) 1 U.P.L.B.E.C. 554 (Alld.).

29. Examinations Committee.—(1) There shall be an Examinations Committee in the University, the constitution of which shall be as may be provided for in the Ordinances.

(2) Except as provided in sub-section (2) of Section 42, the Committee shall supervise generally all examinations of the University, including moderation and tabulation, and perform the following other functions, namely :

(a) to appoint examiners and moderators and if necessary, to remove them;

(b) to review from time to time the results of University examinations and submission of reports thereon to the Academic Council;

(c) to make recommendations to the Academic Council for the improvement of the examination system;

(d) to scrutinise the list of examiners proposed by the Board of Studies, finalise the same and declare the result of the University.

(3) The Examinations Committee may appoint such number of sub-committee as it thinks fit, and in particular may delegate to any one or more persons or sub-committees the power to deal with and decided cases relating to the use of unfair means by the examines.

14. उ० प्र० राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973—धारा 28 (5)—कन्या-अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण—जहाँ कतिपय वाद में राज्यपाल/कुलपति द्वारा दिनांक 26-8-1989 और 16-6-2000 की अधिसूचनाओं को जारी किया गया था जिसमें कन्या अभ्यर्थियों के कुल स्थानों के एक तिहाई तक की शाखा एवं संस्था को वरीयता का प्रावधान किया गया था जबकि अन्य किसी भी प्रावधान में लड़कियों के लिए कोई आरक्षण नहीं किया गया था, उ० प्र० राज्य अभियांत्रिकी प्रवेश परीक्षा, 2001 आयोजित की गयी, इसी विषयक इसी बीच दिनांक 17-5-1994 एवं 22-11-1995 के शासनादेश भी जारी किये गये। क्या ऐसा अधिमान भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 (1) तथा 15 (4) सपठित अनुच्छेद 29 (2) का उल्लंघन करता है। क्या ऐसा अधिमान लड़कियों के लिए अप्रत्यक्ष आरक्षण के समतुल्य है, यह अभिनिर्धारित किया गया कि लड़कियों के लिए अधिमान/अप्रत्यक्ष आरक्षण, जबकि अधिसूचना द्वारा प्रदत्त किसी भी परिनियम के अधीन ऐसा कोई भी आरक्षण अधिकारातीत माना गया। *संदीप पोद्दार बनाम उ० प्र० राज्य,* (2001) 3 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 1968 (इला०)।

15. उ० प्र० राज्य विश्वविद्यालय (सम्बद्ध, सहयुक्त और संघटक महाविद्यालयों में शिक्षा में डिग्री हेतु शिक्षा के पाठ्यक्रम में प्रवेश का विनियमन) आदेश, 1987, दिनांक 9-9-2004 का शासनादेश—कतिपय वाद में जहाँ सीटों के सम्बन्ध में प्रबन्धतंत्र के कोटे को लेकर विवाद उठा था कि सीटों के प्रबन्ध-तंत्र के कोटे का प्रतिशत का अवधारण कौन करेगा राज्य सरकार या विश्वविद्यालय जिससे संस्था सम्बद्ध है। ऐसी दशा में यह प्रश्न उठा कि क्या दिनांक 9-9-2004 का शासनादेश विश्वविद्यालय और साथ ही संस्था पर आबद्धकर है। क्या 15 प्रतिशत की सीमा तक दिनांक 9-9-2004 के शासनादेश के अधीन सीटों के सम्बन्ध में प्रबन्धतंत्र के कोटे का निर्धारण *टी० एम० ए० पई,* (2002) 3 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 2817 (एस० सी०) के वाद में उच्चतम न्यायालय के विनिश्चय का उल्लंघनकारी है। क्या *इस्लामिक एकेडमी,* (2003) 3 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 2424 *(एस० सी०)* के वाद में उच्चतम न्यायालय के निदेशों को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 2-7-2003 के शासनादेश के अधीन राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के शैक्षिक वर्ष 2003-04 के लिए प्रबन्धतंत्र के कोटे की सीटों के लिए किसी भी प्रतिशत की सिफारिश न करने के कारण 50 प्रतिशत का कोटा वर्ष 2004-05 के लिए भी लागू होगा। क्या प्रबन्धतंत्र स्नातक पाठ्यक्रमों में प्राप्त किये गये अंकों के आधार पर प्रबन्धतंत्र के कोटे की सीटों को भरने का हकदार है। *एसोसिएशन आफ प्रोफेशनल कालेजेज एवं अन्य* बनाम *उ० प्र० राज्य एवं एक अन्य,* (2005) 1 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 554 (इला०)।

29. परीक्षा समिति—(1) विश्वविद्यालय में परीक्षा समिति होगी जिसका गठन अध्यादेशों में यथा उपबन्धित किया जायेगा।

(2) धारा 42 की उपधारा (2) में यथा उपबन्धित के सिवाय, समिति अनुशीमन एवं सारिणीकरण समेत विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाओं का सामान्य तौर पर पर्यवेक्षण किया जायेगा और वह निम्नलिखित अन्य कार्यों का संपादन करेगी अर्थात्—

(क) परीक्षकों तथा अनुशीमकों की नियुक्ति करना और यदि आवश्यक हो तो उन्हें अपसारित करना;

(ख) विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के परिणामों की समय-समय पर समीक्षा करना और उन पर कार्य परिषद् को रिपोर्ट दाखिल करना;

(ग) परीक्षा पद्धति के सुधार के लिए विद्या परिषद् से सिफारिशें करना;

(घ) अध्ययन परिषद् द्वारा प्रस्तावित परीक्षकों की सूची की संवीक्षा करना उसे अन्तिम रूप प्रदान करना एवं विश्वविद्यालय के परिणाम को घोषित करना।

(3) परीक्षा समिति उतनी संख्या में उपसमिति की नियुक्ति कर सकेगी जितनी वह उपयुक्त समझे और विशेषकर किसी एक या अधिक व्यक्तियों या उपसमितियों को परीक्षार्थियों द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग से सम्बन्धित मामलों से संव्यवहार करने और उन्हें विनिश्चित करने की शक्ति प्रत्यायोजित कर सकेगी।

(2) Every decision of the Management of such college to dismiss or remov teacher or to reduce him in rank or to punish him in any other manner sh before it is communicated to him, be reported to the Vice-Chancellor and sh not take effect unless it has been approved by the Vice-Chancellor :

Provided that in the case of colleges established and administered by minority referred to in clause (1) of Article 30 of the Constitution of India, decision of the Management dismissing removing or reducing in rank

1. Words "and the holding of remunerative offices by them" omitted by U.P. Act No. 29 of 197
2. Words "or by a local authority" omitted by U.P. Act No. 12 of 1978.

उपबन्ध) अधिनियम, 1965 में यथा परिभाषित केन्द्र के अधीक्षक अथवा निरीक्षक के रूप में अपने कर्तव्यों के निर्वहन के सम्बन्ध में निर्योग्यता, उपहति अथवा मृत्यु को उपगत करने की दशा में पेंशन अथवा ग्रेच्युटी संदाय की जायेगी।

टिप्पणी

पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति के लाभ—कतिपय वाद में याची उ० प्र० राज्य द्वारा सहायता प्राप्त डिग्री कालेज में प्रवक्ता के रूप में सेवारत रहने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुआ था। प्रवक्ता के पद पर अपनी नियुक्ति के पूर्व उसने 10 वर्ष से अधिक के लिए मध्य प्रदेश में किसी सरकारी विद्यालय में अध्यापक के रूप में सेवा की थी। सेवा की अवधि की संगणना करते समय मध्य प्रदेश में प्रदान की गयी इस सेवा की अवधि को पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति के लाभों की संगणना के प्रयोजनार्थ सम्मिलित नहीं किया जायेगा। इस प्रयोजनार्थ सेवा के मानदण्ड को दिनांक 24-12-1983 के शासनादेश द्वारा शासित किया जायेगा न कि दिनांक 29-8-1990 के अथवा 5-2-2003 के शासनादेशों द्वारा ऐसा इसलिए है क्योंकि मध्य प्रदेश राज्य एवं उत्तर प्रदेश राज्य के मध्य उनके राज्य में प्रदान की गयी सेवा की अवधि को सेवा अवधि की संगणना करने हेतु सम्मिलित करने का कोई करार नहीं हुआ है। दिनांक 24-12-1983 का शासनादेश उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 33 के अनुरूप है—*डॉ० ए० पी० पालीवाल बनाम उ० प्र० राज्य एवं अन्य,* (2010) 3 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 2365।

34. अध्यापकों के लिए अनुज्ञेय अतिरिक्त पारिश्रमिक कार्य की सीमाएं—(1) विश्वविद्यालय के अथवा सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय के अध्यापकों को भारतीय विश्वविद्यालय अथवा लोक सेवा आयोग को छोड़कर अन्य निकाय द्वारा संचालित किसी भी परीक्षा के सम्बन्ध में संपादित किन्हीं कर्तव्य के लिए पारिश्रमिक के संदाय [1][* * *] से सम्बन्धित शर्तें वही होंगी जिन्हें विहित किया जा सकेगा।

(2) विश्वविद्यालय का अथवा सम्बद्ध या सहयुक्त महाविद्यालय का कोई भी अध्यापक किसी भी समय किसी भी परीक्षा से सम्बद्ध अध्यापन या कर्तव्यों को छोड़कर अन्य कर्तव्यों को करने के लिए एक से अधिक पारिश्रमिक पद को धारित नहीं करेगा।

स्पष्टीकरण—पदावली "पारिश्रमिक पद" में छात्र-निवास या छात्रावास के वार्डेन या अधीक्षक, प्राक्टर, क्रीड़ा अधीक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष के पद और राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय क्रीड़ा संगठन समाज सेवा योजना और विश्वविद्यालय रोजगार कार्यालय में कोई भी पद सम्मिलित होगा।

35. सरकार अथवा स्थानीय प्राधिकारी द्वारा पोषित को छोड़कर अन्य सम्बद्ध अथवा सहयुक्त महाविद्यालयों के अध्यापकों की सेवा की शर्तें—(1) सम्बद्ध अथवा सहयुक्त महाविद्यालय (राज्य सरकार [2][* * *] द्वारा अपवर्जी रूप से पोषित महाविद्यालय को छोड़कर) में प्रत्येक अध्यापक को लिखित संविदा के अधीन नियुक्त किया जायेगा जिसमें ऐसे निबन्धन और शर्तें अन्तर्विष्ट होंगी जिन्हें विहित किया जा सकेगा। संविदा को विश्वविद्यालय के पास जमा किया जायेगा और उसकी प्रति सम्बन्धित अध्यापक को दी जायेगी एवं उसकी एक अन्य प्रति सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा प्रतिधारित की जायेगी।

(2) किसी अध्यापक को बर्खास्त अथवा अपसारित करने अथवा उसे पंक्ति में कम करने अथवा उसे अन्य किसी भी रीति से दण्डित करने के लिए उस महाविद्यालय से प्रबन्ध समिति का प्रत्येक विनिश्चय, इससे पूर्व कि उसे उसकी सूचना दी जाये, उपकुलपति को सूचित किया जायेगा और वह तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक कि उपकुलपति द्वारा उसका अनुमोदन न किया गया हो :

परन्तु यह कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक वर्ग द्वारा स्थापित और प्रशासित महाविद्यालयों की दशा में, किसी भी अध्यापक को बर्खास्त, अपसारित करते हुए या पंक्ति में कम करते हुए या अन्य किसी भी प्रकार से दण्डित करते हुए प्रबन्ध समिति के निर्णय में

1. पदावली "और उनके द्वारा पारिश्रमिक पदों को धारित करना" का 1974 के उ० प्र० अधिनियम 29 द्वारा लोपित।
2. पदावली "अथवा स्थानीय प्राधिकारी द्वारा" का 1978 के उ० प्र० अधिनियम 12 द्वारा लोपित।

punishing in any other manner any teacher shall not require the approval the Vice-Chancellor, but, shall be reported to him and unless he is satisfi that the procedure prescribed in this behalf has been followed, the decisic shall not be given effect to.

(3) The provisions of sub-section (2) shall also apply to any decision terminate the services of a teacher, whether by way of punishment otherwise but shall not apply to any termination of service on the expiry of period for which the teacher was appointed :

Provided that in the case of colleges established and administered by minority referred to in clause (1) of Article 30 of the Constitution of India, decision of the Management terminating the service of any teacher shall require the approval of the Vice-Chancellor, but shall be reported to him unless he is satisfied that the procedure prescribed in this behalf has b followed, the decision shall not be given effect to.

(4) Nothing in sub-section (2) shall be deemed to apply to an orde suspension pending inquiry, but any such order may be stayed, revoke modified by the Vice-Chancellor :

Provided that in the case of colleges established and administered minority referred to in clause (1) of Article 30 of the Constitution of India, order may be stayed, revoked or modified by the Vice-Chancellor only i conditions prescribed for such suspension are not satisfied.

(5) Other conditions of service of teachers of such colleges shall be suc may be prescribed.

SYNOPSIS

1. Termination of services.
2. Constitutional validity challenged.
3. Appointment—U.P. Higher Educ Service Commission Act, 1980.

1. ***Termination of services.***—In a case where matter has been concluded in e round of litigation in which writ petition, review petition and special leave petition dismissed. In the matter, nothing was left to be considered. The petitioner waited for years after the order of the Chancellor, but no sufficient explanation was offered. If held that the Chancellor has rightly observed that after decisions of the High Court Supreme Court, it is not proper to pass any order. It was found that the letter of appr of the petitioner's services dated 6-9-1990 gives her no right to enforce the same afte termination of services on 2-5-1990. It was held that in this regard, principle constructive *res judicata* and laches do not permit the Court to reconsider the matter error was found in impugned judgment and order. Review petition was dismiss. *Dr. Sharma* v. *State of U.P. and others*, (2009) 2 U.P.L.B.E.C. 1798 (All.).

2. ***Constitutional validity challenged.***—Where in a certain case, in exercise of powers under Section 35 (2) and its proviso, proposal of the Management Committe remove the Principal was not approved by the Vice-Chancellor, the order passed by Vice-Chancellor was challenged by the writ petition. The constitutional validity was challenged. The High Court dismissed the writ on the ground that there exist alternative remedy under Section 68. It was found that error of law was committed constitutional validity of Section 35 (2) was also challenged, the Chancellor also has

उपकुलपति के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन उसकी उसे सूचना दी जायेगी और जब तक उसका यह समाधान न हो जाये कि इस निमित्त निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया है, तब तक उस निर्णय को प्रभावी नहीं किया जायेगा।

(3) उपधारा (2) के प्रावधान अध्यापक की सेवाओं को, चाहे वह दण्ड के रूप में हो या अन्यथा, समाप्त करने के किसी भी निर्णय के लिए लागू होंगे, लेकिन वे उस अवधि के समाप्त होने पर, जिसके लिए उस अध्यापक को नियुक्त किया गया था सेवा की किसी भी समाप्ति के लिए लागू नहीं होगी :

परन्तु यह कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक वर्ग द्वारा स्थापित एवं प्रशासित महाविद्यालयों की दशा में, किसी भी अध्यापक की सेवा को समाप्त करते हुए प्रबन्ध समिति के निर्णय में उपकुलपति के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन उसे उसकी सूचना दी जायेगी और जब तक उसका यह समाधान न हो जाये कि इस निमित्त निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया है, उसे प्रभावी नहीं बनाया जायेगा।

(4) उपधारा (2) में कही गयी किसी भी बात का जाँच के लम्बित रहने तक निलम्बन के आदेश के लिए लागू होना नहीं समझा जायेगा, लेकिन ऐसे किसी भी आदेश पर उपकुलपति द्वारा रोक लगायी जा सकेगी, जिसे खण्डित या उपान्तरित किया जा सकेगा :

परन्तु यह कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक वर्ग द्वारा स्थापित एवं प्रशासित महाविद्यालयों की दशा में, उस आदेश पर उपकुलपति द्वारा केवल तभी रोक लगायी जा सकेगी, उसे खण्डित या उपान्तरित किया जा सकेगा जब उस निलम्बन के लिए निर्धारित शर्तों का पालन न हुआ हो।

(5) उन महाविद्यालयों के अध्यापकों की सेवा की अन्य शर्तें ऐसी होंगी जिन्हें विहित किया जाये।

टिप्पणियाँ

1. सेवा समाप्ति
2. संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गयी
3. नियुक्ति—उ० प्र० उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग अधिनियम, 1980—धारा 13 (3)

1. ***सेवा समाप्ति***—किसी ऐसे वाद में जहां मामले को वादकरण के पूर्वतर चक्र में ही समाप्त कर दिया गया है, तो वहां पुनर्विलोकन याचिका तथा विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया गया। मामले में विचार किये जाने के लिए कुछ भी शेष नहीं बचा था। याची ने कुलपति के आदेश के पश्चात् 4 वर्ष तक प्रतीक्षा की थी, लेकिन कोई पर्याप्त स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था। यह अभिनिर्धारित किया गया कि कुलपति ने ठीक ही यह सम्प्रेक्षण किया है कि उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के विनिश्चयों के पश्चात् किसी भी आदेश को पारित करना उचित नहीं था। यह पाया गया था कि दिनांक 6-9-1990 के याची के सेवाओं के अनुमोदन के पत्र में उसे 2-5-1990 को सेवाओं की समाप्ति के पश्चात् उसे लागू करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं था। यह अभिनिर्धारित किया गया था कि इस सम्बन्ध में आन्वयिक पूर्व न्याय तथा अन्वेक्षा के सिद्धान्त न्यायालय को मामले पर पुनः विचार करने की अनुमति नहीं देते हैं। आक्षेपित निर्णय तथा आदेश में कोई भी त्रुटि नहीं पायी गयी। पुनर्विलोकन याचिका को खारिज कर दिया गया। *डॉ० ऊषा शर्मा* बनाम *उ० प्र० राज्य एवं अन्य,* (2009) 2 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 1798 (इला०)।

2. ***संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गयी***—जहां कतिपय वाद में धारा 35 (2) और उसके परन्तुक के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रधानाचार्य को अप्रसारित करने के लिए प्रबंधन समिति के प्रस्ताव के अनुमोदन को उप-कुलपति द्वारा इन्कार कर दिया गया था तो वहां उप-कुलपति द्वारा पारित आदेश को रिट याचिका के माध्यम से चुनौती दी गयी। सांवैधानिक वैधता को भी चुनौती दी गयी। उच्च न्यायालय ने रिट को इस आधार पर खारिज कर दिया कि धारा 68 के अधीन वैकल्पिक उपचार उपलब्ध है। यह पाया गया था कि विधि की त्रुटि कारित की गयी थी। धारा 35 (2) की सांवैधानिक वैधता को भी चुनौती दी गयी थी, कुलपति के पास धारा 68 के अधीन व्यापक शक्तियां प्राप्त हैं लेकिन उसे किसी प्रावधान की सांवैधानिक

powers under Secton 68, but he has no powers to consider the constitutional validity of a provision. Such power vests in High Court only. It was held that the High Court ought to have decided the writ. High Court was directed to decide writ petition on merits. *Committee of Management and another* v. *Vice-Chancellor and others*, (2009) 2 U.P.L.B.E.C. 1345 (All.).

3. ***Appointment—U.P. Higher Education Service Commission Act, 1980.***—In a certain case where the U.P. Higher Education Service Commission had selected and recommended one "T' as principal of Mahila Degree College. After joining the post, she submitted her resignation letter. Thereafter, the commission recommended one "P' for the said post who joined. Whrit petition was filed by "T" with a contention that she has taken back her resignation letter. On the direction of the writ Court, the Vice-Chancellor decided the representation of "T" directing the Committee of Management to hand over the charge of the office the principal to her. Besides, a writ petition was files by "T" for compliance of the order of the Vice-Chancellor. The Court, while allowing the writ petition of "T", directed the Committee of Management to re-instate "T" as principal of the college forthwith. *Committee of Management, Prayag Mahila Vidyapeeth Degree College* v. *State of U.P. and others*, (2007) 2 U.P.L.B.E.C. (Sum) 68 (All.).

36. Tribunal of Arbitration.—(1) Any dispute arising out of a contract of appointment referred to in Section 32 or Section 33 shall be referred to a Tribunal of Arbitration which shall consist of the following members, namely—

(a) in the case of an officer or teacher of the University, one member nominated by the Executive Council, one member nominated by the office or teacher concerned and one member (who shall act as convener) nominated by the Chancellor;

(b) in the case of a teacher of an affiliated or associated college, one member nominated by the Management of the college, one member nominated by the teacher concerned, and one member (who shall act as convener) nominated by the Vice-Chancellor :

Provided that in the case of colleges established and administered by a minority referred to in clause (1) of Article 30 of the Constitution of India, the Convener shall be selected by the nominees of the Management and the teacher concerned out of a panel of five persons suggested by the Management and approved by the Vice-Chancellor :

Provided further that in the event of their failure to appoint the Convener within the time prescribed, the Vice-Chancellor shall nominate a Convener out of the panel.

(2) If for any reason, a vacancy occurs in the office of a member of the Tribunal, the appropriate person or body concerned shall nominate another persons in accordance with provisions of sub-section (1) to fill the vacancy and the proceedings may be continued before the Tribunal from the stage at which the vacancy is filled.

(3) The decision of the Tribunal shall be final and binding on the parties and shall not be questioned in any Court.

(4) The Tribunal of Arbitration shall have the power—

(*i*) to regulate its own procedure;

(*ii*) to order re-instatement of the officer or teacher concerned; and

वैधता पर विचार करने की कोई शक्ति प्राप्त नहीं है। ऐसी शक्ति केवल उच्च न्यायालय में ही निहित होती है। यह अभिनिर्धारित किया गया था कि उच्च न्यायालय को रिट विनिश्चित करनी चाहिए थी। उच्च न्यायालय को रिट याचिका का गुणावगुण के आधार पर विनिश्चय करने का निदेश किया गया। *प्रबन्ध समिति एवं एक अन्य बनाम उप कुलपति एवं अन्य,* (2009) 2 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 1345 (इला०)।

3. नियुक्ति—उ० प्र० उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग अधिनियम, 1980—धारा 13 (3)—जहां कतिपय वाद में उ० प्र० उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग ने किसी "त" का चयन किया था और उसकी महिला डिग्री कालेज के प्रधानाचार्य की नियुक्ति हेतु सिफारिश की थी, पद ग्रहण करने के पश्चात् उसने अपना त्याग-पत्र दे दिया था। तत्पश्चात् आयोग ने उक्त पद पर "प" की सिफारिश की जिसने कार्यभार ग्रहण कर लिया। "त" द्वारा इस तर्क के साथ रिट याचिका दाखिल की गयी कि उसने अपना त्याग-पत्र वापस ले लिया है। रिट न्यायालय के निदेश पर उपकुलपति ने "त" के अभ्यावेदन को विनिश्चित किया और प्रबन्ध समिति को यह निदेशित किया कि वह प्रधानाचार्य के पद का प्रभार उसे सौंप दे। इसके अतिरिक्त "त" द्वारा रिट याचिका उपकुलपति के आदेश के अनुपालन के लिए भी दाखिल की गयी। न्यायालय ने "त" की रिट याचिका को अनुज्ञात करते हुए प्रबन्ध समिति को यह निदेश किया कि वह "त" को अविलम्ब कालेज के प्रधानाचार्य के रूप में बहाल करे। *प्रबन्ध समिति, प्रयाग महिला विद्यापीठ* बनाम *उ० प्र० राज्य एवं अन्य,* (2007) 2 यू० पी० एल० बी० ई० सी० (सम०) 68 (इला०)।

36. माध्यस्थम् का अधिकरण—(1) धारा 32 अथवा धारा 33 में निर्दिष्ट नियुक्ति के संविदा से प्रोद्भूत होने वाला कोई भी विवाद माध्यस्थम् के अधिकरण के समक्ष निर्दिष्ट किया जायेगा जिसमें निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित होंगे, अर्थात् :

(क) विश्वविद्यालय के अधिकारी या अध्यापक की दशा में, कार्यपरिषद् द्वारा नामोदिष्ट एक सदस्य, सम्बन्धित अधिकारी अथवा अध्यापक द्वारा नामोदिष्ट एक सदस्य और कुलपति द्वारा नामोदिष्ट एक सदस्य (जो आयोजक के रूप में कार्य करेगा);

(ख) सम्बद्ध अथवा सहयुक्त महाविद्यालय के अध्यापक की दशा में, महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति द्वारा नामोदिष्ट एक सदस्य, सम्बन्धित अध्यापक द्वारा नामोदिष्ट एक सदस्य और उपकुलपति द्वारा नामोदिष्ट एक सदस्य (जो आयोग के रूप में कार्य करेगा) :

परन्तु यह कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक वर्ग द्वारा स्थापित एवं प्रशासित महाविद्यालयों की दशा में, आयोजक का चयन प्रबन्ध समिति एवं सम्बन्धित अध्यापक के नाम-निर्देशितियों द्वारा प्रबन्ध समिति द्वारा सुझाव दिये गये और उपकुलपति द्वारा अनुमोदित पांच व्यक्तियों के पैनल से किया जायेगा :

परन्तु अग्रेतर यह कि निर्धारित समय के भीतर आयोजक की नियुक्ति करने की उनकी असफलता की दशा में, उपकुलपति उस पैनल से आयोजक को नामोदिष्ट करेगा।

(2) यदि किसी भी कारण से, अधिकरण के सदस्य के पद में रिक्ति उत्पन्न होती है, तो समुचित व्यक्ति अथवा सम्बन्धित निकाय उस रिक्ति को भरने के लिए उपधारा (1) के प्रावधानों के अनुसार किसी अन्य व्यक्ति को नामोदिष्ट करेगा और कार्यवाहियाँ अधिकरण के समक्ष उस प्रक्रम से जारी रखी जा सकेगी जिस पर रिक्ति को भरा गया है।

(3) अधिकरण का विनिश्चय अन्तिम होगा और वह पक्षकारों पर आबद्धकर होगा एवं उसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जायेगी।

(4) माध्यस्थम् अधिकरण को निम्न कार्यों को करने की शक्ति प्राप्त होगी—

(i) अपनी ही प्रक्रिया को विनियमित करना;

(ii) सम्बन्धित अधिकारी अथवा अध्यापक की पुनर्बहाली का आदेश देना; और

(iii) to award salary to the officer or teacher concerned, affer deductin therefrom such income which such officer or teacher might hav otherwise derived during his suspension, removal, diamissal o termination from service.

(5) Nothing contained in any law for the time being in force relating t arbitration shall apply to an arbitration under this section.

(6) No suit or proceedings shall lie in any Court in respect of an matter which is required by sub-section (1) to be referred to the Tribunal o Arbitration :

Provided that every decision of the Tribunal referred to in sub-section (3 shall be executable by the lower Court having territorial jurisdiction, as if i were a decree of that Court.

CHAPTER VII

AFFILIATION AND RECOGNITION

37. Affiliated Colleges.—[1][(1) This section shall apply to the Universitie of Doctor Bhimrao Ambedkar University, Agra, Dean Dayal Upadhyay Gorakhpur University, Gorakhpur, Chhatrapati Shahu Ji Mahara University, Kanpur, Chaudhary Charan Singh University, Meerut, Mahatm Jyotibha Phule Rohilkhand University, Bareilly, Vir Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, University of Bundel-Khand, Jhansi Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi, Doctor Ram Manohar Lohi Avadh University, Faizabad and such other Universities (not being th University of Lucknow) as the State Government may by notification in th Gazette, specify].

(2) The Executive Council may, with the previous sanction of the [2][State Government], admit any college which fulfils such conditions of affiliation, a may be prescribed, to the privileges of affiliation or enlarge the privileges o any college already affiliated or subject to the provisions of sub-section (8) withdraw or curtail any such privilege :

[3][Provided that if in the opinion of the [4][State Government], a colleg substantially fulfils the conditions of affiliation, the [5][State Government] may sanction grant of affiliation to that college or enlarge the privilege thereof in specific subjects for one term of a course of study on such terms an conditions as he may deem fit :

[6][Provided further that unless all the prescribed conditions of affiliation are fulfilled by a college, it shall not admit any student in the first year of th course of study for which affiliation is granted under the foregoing proviso after one year from the date of commencement of such affiliation.]

(3) It shall be lawful for an affiliated college to make arrangement wit any other affiliated college situated in the same local area, or with th University, for co-operation in the work of teaching or research.

---

1. Subs. by U.P. Act No. 6 of 2009.
2. Subs. by U. P. Act No. 12 of 2007 (w.e.f. 2-6-2007).
3. Ins. by U.P. Act No. 1 of 2004 (w.e.f. 11-7-2003).
4. Subs. by U.P. Act No. 12 of 2007 (w.e.f. 2-6-2007).
5. Subs. by U.P. Act No. 12 of 2007 (w.e.f. 2-6-2007).
6. Proviso Ins. by U.P. Act No. 1 of 2004 (w.e.f. 11-7-2003).

(iii) सम्बन्धित अधिकारी अथवा अध्यापक को वेतन, उससे उस आय को कम करने के पश्चात् प्रदान करना जिसे उस अधिकारी अथवा अध्यापक ने अन्यथा सेवा से अपने निलम्बन, अपसारण, बर्खास्तगी अथवा सेवा समाप्ति के दौरान प्राप्त किया होता।

(5) माध्यस्थम् से सम्बन्धित तत्समय प्रवृत्त किसी भी विधि में अन्तर्विष्ट कोई भी बात इस धारा के अधीन माध्यस्थम् के लिए लागू नहीं होगा।

(6) ऐसे किसी भी मामले के सम्बन्ध में जिसका माध्यस्थम् अधिकरण के समक्ष उपधारा (1) द्वारा निर्दिष्ट किया जाना अपेक्षित है, किसी भी न्यायालय में कोई भी वाद अथवा कार्यवाही दाखिल नहीं की जा सकेगी :

परन्तु यह कि उपधारा (3) में निर्दिष्ट अधिकरण का प्रत्येक निर्णय प्रादेशिक क्षेत्राधिकार को रखने वाले निम्नतम न्यायालय द्वारा उसी प्रकार से निष्पाद्य होगा मानो वह उस न्यायालय की डिक्री हो।

अध्याय 7

सम्बद्धता और मान्यता

37. सम्बद्ध महाविद्यालय—(1) यह धारा आगरा, गोरखपुर, कानपुर एवं मेरठ के विश्वविद्यालयों और ऐसे अन्य विश्वविद्यालयों (लखनऊ [1][* * *] विश्वविद्यालय नहीं) के लिए लागू होगी जिन्हें राज्य सरकार गजट में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट कर सकेगी।

(2) कार्यपरिषद् [2][राज्य सरकार] की पूर्व अनुमति से, किसी भी महाविद्यालय को, जो सम्बद्धता की उन शर्तों की पूर्ति करता है, जिन्हें विहित किया जाये, सम्बद्धता के विशेषाधिकारों को प्रदान कर सकेगी अथवा पहले से सम्बद्ध किसी महाविद्यालय के विशेषाधिकारों को विस्तारित कर सकेगी अथवा उपधारा (8) के प्रावधानों के अध्यधीन ऐसे किसी विशेषाधिकार को वापस ले सकेगी या उसे कम कर सकेगी :

[3][परन्तु यह कि यदि [4][राज्य सरकार] की राय में, महाविद्यालय सारवान् रूप से सम्बद्धता की शर्तों को पूरा करता है, तो [5][राज्य सरकार] उस महाविद्यालय को सम्बद्धता प्रदान करने की स्वीकृति दे सकेगी अथवा ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर अध्ययन के पाठ्यक्रम के बारे में एक अवधि के लिए विनिर्दिष्ट विषयों में उसके विशेषाधिकारों को विस्तारित कर सकेगी जिन्हें वह उपयुक्त समझे] :

[6][परन्तु अग्रेतर यह कि जब तक सम्बद्धता की सभी निर्धारित शर्तों का महाविद्यालय द्वारा पालन न किया गया हो, तब तक वह अध्ययन के उस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश नहीं देगा जिसके लिए उस सम्बद्धता के प्रारम्भ होने की तारीख से एक वर्ष के पश्चात् पूर्वगामी परन्तुक के अधीन सम्बद्धता प्रदान की जाती है]।

(3) किसी सम्बद्ध महाविद्यालय के लिए विधिपूर्ण यही होगा कि वह उसी स्थानीय क्षेत्र में अवस्थित किसी अन्य सम्बद्ध महाविद्यालय के साथ अथवा विश्वविद्यालय के साथ अध्यापन अथवा अनुसंधान कार्य में सहयोग के लिए प्रबन्ध करे।

---

1. पदावली ''तथा इलाहाबाद'' 2005 के अधिनियम संख्या 26 द्वारा लोपित (14-7-2005 से प्रभावी)।
2. 2007 के उ० प्र० अधिनियम संख्या 12 द्वारा प्रतिस्थापित (2-6-2007 से प्रभावी)।
3. 2004 के उ० प्र० अधिनियम संख्या 1 द्वारा अन्त:स्थापित (11-7-2003 से प्रभावी)।
4. 2007 के उ० प्र० अधिनियम संख्या 12 द्वारा प्रतिस्थापित (2-6-2007 से प्रभावी)।
5. 2007 के उ० प्र० अधिनियम संख्या 12 द्वारा प्रतिस्थापित (2-6-2007 से प्रभावी)।
6. 2004 के उ० प्र० अधिनियम 1 द्वारा परन्तुकों को अन्त:स्थापित (11-7-2003 से प्रभावी)।

(4) Except as provided by this Act, the management of an affiliated college shall be free to manage and control the affairs of the college and be responsible for its maintenance and upkeep, and its Principal shall be responsible for the discipline of its students and for the superintendence and control over its staff.

(5) Every affiliated college shall furnish such reports, returns and other particulars as the Executive Council or the Vice-Chancellor may call for.

(6) The Executive Council shall cause every affiliated college to be inspected from time to time at intervals not exceeding five years by one or more persons authorised by it in that behalf, and a report of the inspection shall be made to the Executive Council.

(7) The Executive Council may direct an affiliated college so inspected to take such action as may appear to it to be necessary within such period as may be specified.

(8) The privileges of affiliation of a college which fails to comply with any direction of the Executive Council under sub-section (7) or to fulfil the conditions of affiliation may, after obtaining a report from the Management of the college and with the previous sanction of the Chancellor, be withdrawn or curtailed by the Executive Council in accordance with the provisions of the Statutes.

[1][(9) Notwithstanding anything contained in sub-sections (2) and (8), if the Management of an affiliated college has failed to fulfil the conditions of affiliation, the [2][State Government] may, after obtaining a report from the Management and the Vice-Chancellor, withdraw or curtail the privileges of affiliation.]

[3][(10) Notwithstanding anything to the contrary contained in any other provisions of this Act, a college, which has already been given affiliation to a University before the commencement of the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Act, 2003 in specific subjects for a specified period shall be entitled to continue the course of study for which admissions have already taken place but it shall not admit any student in the first year of such course of study without obtaining affiliation under sub-section (2).]

SYNOPSIS

1. Affiliation of Institution—Application for.
2. Recognition to Colleges.
3. Affiliation of College for B.Ed. Course—National Council for Teachers Education Act, 1993—Sections 37 (2), 14, 2 (d), 2 (o) and 2 (n).
4. Examination.
5. Affiliation to degree college by University—Powers of Chancellor—Scope for exercise of.
6. Removal of name from roll of Faculty of Engineering and Technology—Aligarh Muslim University Ordinances (Academic), Chapter 34 (E), Clause 14.2—Constitution of India, 1950—Article 226.

1. Ins. by U.P. Act No. 5 of 1977, published in U.P. Gazette dated 2 June, 2007, Extra-ordinary, Part 2, Section (a).
2. Subs. by U.P. Act No. 12 of 2007 (w.e.f. 2-6-2007).
3. Ins. by U.P. Act No. 1 of 2004 (w.e.f. 11-7-2003).

(4) इस अधिनियम द्वारा यथा उपबन्धित के सिवाय, सम्बद्ध महाविद्यालय का प्रबन्ध समिति महाविद्यालय के कार्यकलापों का प्रबन्ध करने और उनका नियंत्रण करने के लिए स्वतन्त्र होगा और उसके अनुरक्षण एवं रख-रखाव के लिए उत्तरदायी होगा एवं उसका प्राचार्य उसके विद्यार्थियों के अनुपालन के लिए और उसके कर्मचारिवृन्द पर अधीक्षक एवं नियंत्रण करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(5) प्रत्येक सम्बद्ध महाविद्यालय ऐसी रिपोर्टों, विवरणियों और अन्य विशिष्टियों को प्रदान करेगा जिन्हें कार्यपरिषद् अथवा उपकुलपति माँगे।

(6) कार्यपरिषद् प्रत्येक सम्बद्ध महाविद्यालय का निरीक्षण, उस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत एक या अधिक व्यक्तियों द्वारा पांच वर्ष से अनधिक के अन्तराल पर समय-समय पर करायेगा और उस निरीक्षण की रिपोर्ट कार्यपरिषद् को दी जायेगी।

(7) कार्यपरिषद् इस प्रकार निरीक्षण किये गये सम्बद्ध महाविद्यालय को ऐसी कार्रवाई करने का निदेश कर सकेगा जो उसे उस अवधि के भीतर, जिसे विहित किया जाये आवश्यक लगे।

(8) ऐसे किसी महाविद्यालय की सम्बद्धता का विशेषाधिकार, जो उपधारा (7) के अधीन कार्यपरिषद् के किसी भी निदेश का अनुपालन करने में विफल हो जाता है अथवा सम्बद्धता की शर्तों का पालन नहीं कर पाता है, उस महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति से रिपोर्ट प्राप्त करने के पश्चात् और [1][राज्य सरकार] के पूर्व स्वीकृति से, कार्यपरिषद् द्वारा परिनियमों के प्रावधानों के अनुसार वापस लिया जा सकेगा या उसमें कमी की जा सकेगी।

[2][(9) उपधारा (2) एवं (8) में अन्तर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए, यदि सम्बद्ध महाविद्यालय का प्रबन्ध समिति सम्बद्धता की शर्तों का पालन करने में विफल हुआ है तो [1][राज्य सरकार] प्रबन्ध समिति अथवा उपकुलपति से रिपोर्ट प्राप्त करने के पश्चात्, सम्बद्धता के विशेषाधिकारों को वापस ले सकेगी अथवा उनमें कमी कर सकेगी]।

[3][(10) इस अधिनियम के अन्य किसी भी प्रावधान में अन्तर्विष्ट प्रतिकूल किसी भी बात के होते हुए, महाविद्यालय, जिसे विनिर्दिष्ट अवधि के लिए विनिर्दिष्ट विषयों में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2003 के प्रारम्भ होने के पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा पहले से सम्बद्धता प्रदान की गयी हो, अध्ययन के उस पाठ्यक्रम को जारी करने का हकदार होगा जिसके लिए पहले ही प्रवेश लिए जा चुके हैं लेकिन वह उपधारा (2) के अधीन सम्बद्धता को प्राप्त किये बिना अध्ययन के उस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश नहीं देगा]।

टिप्पणियाँ

---

1. दिनांक 2 जून, 2007 के उ० प्र० गजट, असाधारण, भाग 2, अनुभाग (क) में प्रकाशित वर्ष 2007 के उ० प्र० अध्यादेश संख्या 5 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. 2007 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 12 द्वारा प्रतिस्थापित (2-6-2007 से प्रभावी)।
3. 2004 के उ० प्र० अधिनियम 1 द्वारा अन्तःस्थापित (11-7-2003 से प्रभावी)।

7. Job not prohibited—LL.B. Course in Gorakhpur University.
8. Admission—LL.B. Course in Gorakhpur University—Estoppel.
9. Indian Medical Council Act, 1956—Sections 10-A and 19—U.P. State Universities Act, 1973—Sections 7, 5, 37 (2) and 37 (10).
10. Examination—Use of unfair means—Statute of Banaras Hindu University, Statutes 1.13.2, 1.13.3, 1.13.4, 1.13.6, 8.13.8, 8.13.9 and 8.13.10.
11. Examination—Cancellation of—On account of use of unfair means.
12. Examination—Banaras Hindu University Act, 1915—Sections 11 and 18.
13. Declaration of result—Allahabad University First Statute—Ordinance No. 2, Chapter XL, Rule 9—LL.B. Examination.
14. Admission in B.Ed. Course—Grant of recognition to educational institution—National Council for Teachers Education Act, 1993—Sections 14, 15, 18, 20 and 32—U.P. State Universities Act, 1973—Section 37 (2).
15. Admission in B.Ed. Course—U.P. State Universities (Regulation of Admission to Course of Institution for Degree in Education in Affiliated, Associated and Constituent College) Order, 1987—Chapter II, Regulations 7 (a) and 2.
16. Admission for M.Sc. Environment Management Course.
17. Admission for MFA two years course.
18. Availability of alternative remedy—Petition dismissed.
19. Challenge to Constitutionality.
20. Chancellor has powers to decide dispute.
21. Writ filed by Muslims—AMU not a University of Minorities.
22. Recognition to petitioner College.

1. ***Affiliation of Institution—Application for.***—In a certain case, where applicant-College had given admission to the students in anticipation that it would get an affiliation, but it denied this fact in its counter-affidivit. In such an event, the matter was sent back to the State Government so as to decide the disputed fact of giving admission to the students during the pendency of the application for affiliation and then to settle the matter of affiliation. *Committee of Management, Shri Bhagwan Shiv Mahavidyalya, Village Umedpur, Post-Ambarpur, District Etah and another* v. *State of U. P. and others*, (2009) 3 U.P.L.B.E.C. 2186 (All.).

2. ***Recognition to Colleges.***—In a certain case, where the National Council of Teachers Education (NCTE) had granted recognition to petitioners-colleges under Section 14 (1) for running B.Ed. course of one year for Session 2003-04. The Chancellor, on the basis of this recognition, directed the affiliation of those colleges with the respondent-University. Soon thereafter on "A"s complaint, the affiliation was taken back after the completion of the said Session. "A" had to file PIL also in the High Court a whereupon the High Court directed that the matter be considered by an appropriate authority. In compliance of that direction, three member committee was constituted by Registrar for inquiry into the complaint. That committee submitted a report to the Registrar. On that basis, the order of withdrawal of the affiliation to petitioners colleges was passed by the Executive Council. It was found by the High Court that the order of withdrawing affiliation was passed without compliance of the procedure as mentioned in Sections 37 (2), 37 (7) and 37 (8). Besides it, no reasons were stated for doing so. Thus, the High Court

1. संस्था की सम्बद्धता—के लिए आवेदन—विचारण के लिए लम्बित—कतिपय वाद में जहां आवेदक-महाविद्यालय ने इस प्रत्याशा में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया था कि उसे मान्यताप्राप्त हो जायेगी लेकिन उसने अपने प्रति शपथ-पत्र में इस तथ्य से इन्कार कर दिया था। ऐसी स्थिति में मामला राज्य सरकार के समक्ष वापस प्रतिप्रेषित किया गया जिससे कि सम्बद्धता के आवेदन के लम्बनकाल के दौरान विद्यार्थियों को प्रवेश देने के बारे में विवादित तथ्य को विनिश्चित किया जा सके और तत्पश्चात् सम्बद्धता के मामले को निपटाया जा सके। *प्रबन्ध समिति, श्री भगवान शिव महाविद्यालय ग्राम उमेदपुर, पोस्ट अम्बरपुर, जिला एटा एवं एक अन्य* बनाम *उ० प्र० राज्य एवं अन्य,* (2009) 3 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 2186 (इला०)।

2. महाविद्यालयों को मान्यता—कतिपय वाद में जहां राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन० सी० टी० ई०) ने याची महाविद्यालयों को सत्र 2003-04 के लिए एक वर्ष के बी० एड० पाठ्यक्रम को चलाने के लिए धारा 14 (1) के अधीन मान्यता प्रदान की थी। कुलपति ने इस मान्यता के आधार पर उन महाविद्यालयों की सम्बद्धता का प्रत्युत्तरदाता-विश्वविद्यालय के साथ जोड़े जाने का निदेश किया था उसके शीघ्र पश्चात् ''अ'' के परिवाद पर, उक्त सत्र के पूर्ण होने के पश्चात् उस सम्बद्धता को वापस ले लिया गया था। ''अ'' को उच्च न्यायालय ने जनहित याचिका दाखिल करनी पड़ी जिसके पश्चात् उच्च न्यायालय ने यह निदेशित किया कि मामले पर समुचित प्राधिकारी द्वारा विचार किया जाये, उस निदेश के अनुपालन किया जाये। रजिस्ट्रार द्वारा उस परिवाद में जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। उस समिति ने रजिस्ट्रार को रिपोर्ट दाखिल की थी। उस आधार पर कार्यपरिषद् द्वारा याची-महाविद्यालयों की सम्बद्धता वापस लेने का आदेश पारित किया गया। उच्च न्यायालय द्वारा यह पाया गया था कि सम्बद्धता को वापस लेने का आदेश धारा 37 (2), 37 (7) तथा 37 (8) में यथा उल्लिखित प्रक्रिया का अनुपालन किये बिना ही पारित किया गया था। इसके अतिरिक्त, ऐसा करने के किसी भी कारण को नहीं बताया गया था। इस प्रकार

quashed that order and remanded the matter to the appropriate authority. *Shri Radha Govind Mahavidyalaya Heerapur (Gopi) Aligarh, U.P. and another* v. *State of U.P. and others*, (2010) 1 U.P.L.B.E.C. 9 (All.).

3. ***Affiliation of College for B.Ed. Course—National Council for Teachers Education Act, 1993—Sections 37 (2), 14, 2 (d), 2 (o) and 2 (n).***—The Vice-Chancellor has got powers to grant affiliation to a college with the University for B.Ed. course. If the college concerned fulfils the conditions of affiliations, it can be exercised for one term. If those conditions are not fulfilled by the college, it is open to him to declive further affiliation for next term. In this case, the petitioner-college, which was recognised by National Council for Teachers Education, was granted provisional affiliation for one term. One the expiry of the term, the petitioner college applied for the recognition for the next term. Hence, he is estopped to contend that earlier affiliation was on permanent basis, and not for one term. But before the affiliation is refused, the petitioner-college is entitled to an opportunity of hearing. In absence of opportunity of hearing, the denial for affiliation is quashed. Directive is issued for reconsideration at the instance of the petitioner-college. *R. N. College, Opposite Pandavan Mandir, Hastinapur, Meerut through Secretary* v. *Chancellor, B.R. Ambedkar University Raj Bhawan, Lucknow and others*, (2006) 1 U.P.L.B.E.C. 1025 (Alld.) (L.B.).

4. ***Examination***—In a certain case, where the petitioner—institution was granted temporary affiliation by the University for three years. Later on, that affiliation was extended for further three years. Students were given admission to the institution. But, the University refused to take examinations of B.A Part I on the ground that the institution has not complied with certain formalities which were required. On the writ having been filed, the University was issued a direction to hold B.A. Part I examinations for regular students of the institution for the academic Session 2003-04 within two months. *Sri Radha Raman Mahavidhyalaya, Adarsh Vidhyapeeth, Ruhipur, Ghazipur* v. *State of U.P. and others*, (2005) 1 U.P.L.B.E.C. 401 (Alld.).

5. ***Affiliation to degree college by University—Powers of Chancellor—Scope for exercise of***—In the instant case, it was held that an affiliation can be granted only to that degree college by a particular University when it comes within territorial area mentioned in Section 5 read with Schedule. No objection certificate was given to the college by the State Government, but it cannot legalize illegal affiliation. *Dr. Akhtar Rizvi Educational Trust, Kaushambi* v. *State of U.P. and others*, (2006) 1 U.P.L.B.E.C. 1131 (Alld.) (F.B.).

6. ***Removal of name from roll of Faculty of Engineering and Technology—Aligarh Muslim University Ordinances (Academic), Chapter 34 (E), Clause 14.2—Constitution of India, 1950—Article 226.***—In a certain case where, the petitioner, a B.Tech course, was removed from faculty of Engineering and Technology, the order of which was challenged by a writ petition on the ground that the petitioner failed to obtain the minimum credit marks prescribed by the Clause 14.2 in the first and second semester examinations of first years. No interference could be made in that by the High Court in exercise of its jurisdiction because equity is also against it. Only this fact, that the result of the first semester was delayed cannot held him because he was found ineligible to earn requisite standard of marks, required for prestigious Central University student. Rule for fixation of standard of earing requisite credits is established by Rules and cannot be overlooked even for technical shortcomings due to extra-ordinary reasons. *Mohd. Mahfooz Alam* v. *Aligarh Muslim University, Aligarh and another*, (2006) 1 U.P.L.B.E.C. 166 (Alld.).

उच्च न्यायालय ने उस आदेश को अभिखण्डित किया और मामला समुचित प्राधिकारी के समक्ष प्रतिप्रेषित किया। *श्री राधा गोविन्द महाविद्यालय हीरापुर (गोपी) अलीगढ़, उ० प्र० एवं एक अन्य* बनाम *उ० प्र० राज्य एवं अन्य,* (2010) 1 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 9 (इला०)।

3. बी० एड० पाठ्यक्रम की सम्बद्धता—राष्ट्रीय शिक्षा शिक्षक परिषद अधिनियम, 1993—धारा 14, 2 (य) एवं 2 (ण)— किसी महाविद्यालय को बी० एड० पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के साथ सम्बद्धता प्रदान करने की कुलपति को शक्ति प्राप्त है। यदि सम्बन्धित महाविद्यालय सम्बद्धता की शर्तों को पूरा कर देता है तो उसका एक अवधि के लिए प्रयोग किया जा सकता है। यदि उन शर्तों को महाविद्यालय द्वारा पूरा नहीं किया जाता है तो वह अगली अवधि के लिए अग्रेतर मान्यता प्रदान करने से इन्कार करने के लिए स्वतंत्र है। प्रस्तुत वाद में याची महाविद्यालय को राष्ट्रीय शिक्षा शिक्षक परिषद् द्वारा मान्यता प्रदान की गयी थी उसे एक अवधि के लिए अस्थायी सम्बद्धता प्रदान की गयी थी। उस अवधि के समाप्त होने पर याची महाविद्यालय ने अगली अवधि की मान्यता के लिए प्रार्थना की। अतः उसे यह तर्क करने से विबन्धित किया जाता है कि पूर्वतर सम्बद्धता स्थायी आधार पर थी न कि एक अवधि के लिए। लेकिन सम्बद्धता इन्कार किए जाने के पूर्व याची महाविद्यालय सुनवाई के अवसर का हकदार था। सुनवाई का ऐसा अवसर प्रदान न किये जाने के कारण सम्बद्धता से इन्कारी अभिखण्डित कर दी गयी। याची महाविद्यालय के निवेदन पर नये सिरे से विचार किये जाने का निदेश किया गया। *आर० एन० कालेज, सामने पाण्डवन मन्दिर, हिस्तनापुर, मेरठ द्वारा सचिव* बनाम *कुलपति, बी० आर० अम्बेडकर विश्वविद्यालय राजभवन, लखनऊ एवं अन्य,* (2006) 1 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 1025 (इला०) (एल० बी०)।

4. परीक्षा—राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973—धारा 37 (2)— कतिपय वाद में जहाँ याची संस्था को विश्वविद्यालय द्वारा तीन वर्षों के लिए अस्थायी सम्बद्धता प्रदान की गयी थी। बाद में उस असम्बद्धता को अग्रेतर तीन वर्षों के लिए विस्तारित किया गया। संस्था में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। लेकिन बी० ए० प्रथम वर्ष की परीक्षा को लेने से विश्वविद्यालय ने इस आधार पर इन्कार कर दिया कि संस्था ने इससे पूर्व मांगी गयी कतिपय औपचारिकताओं को पूरा नहीं किया है। रिट दाखिल करने पर विश्वविद्यालय को दो माह के भीतर शैक्षिक सत्र 2003-04 के लिए संस्था से नियमित विद्यार्थियों के सम्बन्ध में बी० ए० प्रथम वर्ष की परीक्षा आयोजित करने का निदेश जारी किया गया। *श्री राधारमण महाविद्यालय, आदर्श विद्यापीठ, रूहीपुर, गाजीपुर* बनाम *उ० प्र० राज्य एवं अन्य,* (2005) 1 यू० बी० एल० बी० ई० सी० 401 (इला०)।

5. विश्वविद्यालय द्वारा डिग्री कालेज को सम्बद्धता—कुलपति की शक्तियाँ—प्रयोग की व्याप्ति— प्रस्तुत वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया था कि किसी विशिष्ट विश्वविद्यालय द्वारा डिग्री कालेज को सम्बद्धता केवल तभी प्रदान की जा सकती है जब वह उसके धारा 5 सपठित अनुसूचित में उल्लिखित क्षेत्र में आता हो। राज्य सरकार द्वारा उस महाविद्यालय को उस सम्बद्धता के लिए कोई भी अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया था, लेकिन इससे अविधिक सम्बद्धता वैधकृत नहीं हो सकती है। *(डॉ०) अख्तर रिजवी एजूकेशनल ट्रस्ट, कौशाम्बी* बनाम *उ० प्र० राज्य एवं अन्य,* (2006) 1 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 1131 (इला०) (एफ० बी०)।

6. अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी के संकाय की पंजी से नाम का अपसारण—अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अध्यादेश (एकेडेमिक), अध्याय 34 (ङ), खण्ड 14.2—भारत का संविधान, 1950—अनुच्छेद 226— कतिपय वाद में नहीं जहाँ याची बी० टेक पाठ्यक्रम विद्यार्थी, के नाम को अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी के संकाय से अपसारित करने के आदेश को इस आधार पर चुनौती देते हुए रिट याचिका दाखिल की गयी थी कि याची प्रथम वर्ष के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाओं में खण्ड 14.2 द्वारा निर्धारित न्यूनतम प्रत्यय अंकों को प्राप्त करने में असफल हुआ था। उच्च न्यायालय द्वारा अपने क्षेत्राधिकार का प्रयोग करते हुए उसमें हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता था क्योंकि साम्या भी उसके विरुद्ध है। मात्र यह तथ्य कि प्रथम सेमेस्टर के परिणाम की घोषणा में विलम्ब कारित किया गया था, भी उसकी सहायता नहीं कर सकता है क्योंकि उसे प्रतिष्ठित केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हेतु अपेक्षित अंकों के अपेक्षित मानक को उपार्जित करने के लिए अपात्र पाया गया था। अपेक्षित प्रत्ययों को उपार्जित करने के मानक के स्थिरीकरण का नियमों द्वारा स्थापित है और उसकी असाधारण कारणों से प्राविधिक कमियों के लिए भी अनदेखी नहीं की जा सकती है। *मोहम्मद महफूज आलम* बनाम *अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ एवं एक अन्य,* (2006) 1 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 166 (इला०)।

7. ***Job not prohibited—LL.B. Course in Gorakhpur University.***—A job during the course of study of LL.B. Course is not prohibited. Thus, just this fact, that if a student of LL.B. Course joins any employment, he cannot render himself unfit to continue his study of LL.B. Course. He may continue his study and he may do his job after University hours. *Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur and others* v. *Urmila Singh and others*, (2005) 3 U.P.L.B.E.C. 2792 (Alld.).

8. ***Admission—LL.B. Course in Gorakhpur University—Estoppel.***—In a certain case, admission was given to the petitioner in Session 1999-2000. He continued his study. He passed LL.B. IInd year and he was given admission in LL.B. IIIrd year in Session 2002-03. In such an event, the University was estopped from cancelling his admission at a belated stage or from preventing him to appear in semesters of LL.B. IIIrd year. *Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur and others* v. *Urmila Singh and others*, (2005) 3 U.P.L.B.E.C. 2792 (Alld.).

9. ***Indian Medical Council Act, 1956—Sections 10-A and 19—U.P. State Universities Act, 1973—Sections 7, 5, 37 (2) and 37 (10).***—In a certain case, where the petitioner, a charitable trust was affiliated to the Medical College, Dental College and Physiotherapy College. Examinations were not held and the results were not declared by the University. In such an event, the petition was allowed by the Court, and it was held that since students were given admission by the said college after obtaining a permission from the Central Government and an affiliation from the University, therefore, the equity was in favour of the petitioner. The respondents University was directed to hold examinations and declare the results. *Subharati K.K.B. Charitable Trust, etc.* v. *State of U.P. and another, etc.*, (2006) 3 U.P.L.B.E.C. 2978 (Alld.).

10. ***Examination—Use of unfair means—Statute of Banaras Hindu University, Statutes 1.13.2, 1.13.3, 1.13.4, 1.13.6, 8.13.8, 8.13.9 and 8.13.10.***—In a certain case, where a flying squad recovered geometry box finding that on its back side, some copying material had been written, when the petitioner was solving the geography paper of B.A. Part III examination. Later on, the examination, in which the petitioner had appeared and in which he was likely to appear in future during the current examination, was cancelled. The petitioner was given no opportunity of hearing. Against it, a writ petition was filed. The writ was allowed. It was held that since the unfair means committee is a quashi-judicial body/authority, therefore it was bound to provide an opportunity of hearing to the petitioner and give reasons in support of its decision, and becuase no opportunity of hearing was provided and no reasons were given, hence the impugned order was liable to be set aside, and it was accordingly set aside. The respondents were directed to declare the result of the petitioner. *Amit Anand Singh* v. *Vice-Chancellor, Banaras Hindu University, Varanasi, and others*, (2007) 1 U.P.L.B.E.C. (Sum) 9 (Alld.).

11. ***Examination—Cancellation of—On account of use of unfair means.***—In a certain case, where while appearing in B.A. Part II examination, the petitioner had made some rough work with pencil on the last page of his answer book. Treating it as use of unfair means, the examination of the petitioner for the year 2002 was cancelled and he was debarred from the examination of 2003. On filing of the writ petition, it was held that the said writings cannot be treated to be an unauthorised material. Therefore, the cancellation of the result of the petitioner and debarring for 2003 exams was held to be wholly unjustified. *Shiv Sevak Pandey* v. *The Vice-Chancellor, Allahabad University, Allahabad and others*, (2003) 4 U.P.L.B.E.C. 3619 (Alld.).

7. नौकरी का प्रतिषेध नहीं—गोरखपुर विश्वविद्यालय में एल० एल० बी० पाठ्यक्रम—एल० एल० बी० पाठ्यक्रम में अध्ययन के दौरान किसी भी नौकरी करने से प्रतिषेध नहीं किया गया है। इस प्रकार मात्र यह तथ्य कि एल० एल० बी० का विद्यार्थी यदि किसी नियोजन में प्रवेश करता है तो वह स्वयं को एल० एल० बी० पाठ्यक्रम की पढ़ाई जारी रखने के लिए अनुपयुक्त नहीं कर सकता है। वह अपनी पढ़ाई को जारी रख सकता है और विश्वविद्यालय के समय के पश्चात् कार्य कर सकता है। *दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं अन्य* बनाम *उर्मिला सिंह एवं अन्य,* (2005) 3 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 2792 (इला०)।

8. प्रवेश—गोरखपुर विश्वविद्यालय में एल० एल० बी० पाठ्यक्रम—विबन्ध—कतिपय वाद में जहाँ वर्ष 1999-2000 में याची को प्रवेश दिया गया था। वह अपना अध्ययन करता रहा, उसने एल० एल० बी० द्वितीय वर्ष को उत्तीर्ण कर लिया एवं उसे वर्ष 2002-03 में तृतीय वर्ष में प्रवेश दिया गया। ऐसी दशा में, विश्वविद्यालय को विलम्बित प्रक्रम पर उसके प्रवेश को रद्द करने से एवं एल० एल० बी० तृतीय वर्ष के सेमेस्टरों में सम्मिलित होने से रोकने के लिए विबन्धित किया गया। *दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं अन्य* बनाम *उर्मिला सिंह एवं अन्य,* (2005) 3 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 2792 (इला०)।

9. भारतीय चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1956—धारा 10-क एवं धारा 19—उ० प्र० राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973—धारा 7, 5, 37 (2) तथा 37 (10)—कतिपय वाद में जहाँ याची-पुण्यार्थ न्यास की मेडिकल कालेज, डेण्टल कालेज और फिजियो थिरैपी कालेज से सम्बद्धता थी और विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाओं को आयोजित नहीं किया गया था तथा परिणामों की घोषणा नहीं की गयी थी। ऐसी दशा में न्यायालय द्वारा रिट याचिका को अनुज्ञात किया गया और यह अभिनिर्धारित किया गया कि चूंकि उक्त महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को केन्द्र सरकार से अनुमति एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त करने के पश्चात् प्रवेश दिया गया था इसलिए साम्या याची के पक्ष में थी। विश्वविद्यालय प्रत्युत्तरदातागण को यह निदेश किया गया कि वह परीक्षा को आयोजित करे तथा परिणाम को घोषित करे। *सुभारति के० के० बी० चैरिटेबिल ट्रस्ट आदि* बनाम *उ० प्र० राज्य एवं एक अन्य आदि,* (2006) 3 यू० पी० एल० बी० ई० सी० 2978 (इला०)।

10. परीक्षा—अनुचित साधनों का प्रयोग—काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का परिनियम, परिनियम 1.13.2, 1.13.3, 1.13.4, 1.13.6, 8.13.9 तथा 8.13.10—कतिपय वाद में जहाँ उड़नदस्ता ने जोमेस्ट्री बाक्स को यह पाते हुए बरामद किया था कि उसके पिछली ओर कुछ नकल की सामग्री लिखी गयी थी। जबकि याची बी० ए० भाग तृतीय के परीक्षा के भूगोल के प्रश्न को हल कर रहा था। बाद में परीक्षा जिसमें याची भी सम्मिलित हुआ था और जिसमें उसका भविष्य में वर्तमान परीक्षा में सम्मिलित होना संभाव्य था, रद्द कर दी गयी। याची को सुनवायी का कोई अवसर प्रदान नही किया गया था। उसके विरुद्ध रिट याचिका दाखिल की गयी। रिट याचिका को अनुज्ञात की गयी। यह अभिनिर्धारित किया गया कि चूंकि अनुचित साधन समिति न्यायिक कल्प निकाय/प्राधिकारी है, इसलिए वह याची को सुनवायी का अवसर प्रदान करने एवं अपने विनिश्चयों के समर्थन में कारणों को बताने के लिए बाध्य थी और चूंकि सुनवायी का कोई भी अवसर प्रदान नहीं किया गया था और कारण नहीं बताये गये थे, इसलिए आक्षेपित आदेश अपास्त किये जाने के लिए दायी है और उसे तदनुसार अपास्त किया जाता है। प्रत्युत्तरदातागण को यह निदेशित किया जाता है कि वे याची के परिणामों को घोषित करें। *अमित आनन्द सिंह* बनाम *उपकुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं अन्य,* (2007) 1 यू० पी० एल० बी० ई० सी० (सम०) 9 (इला०)।

1. 1998 के उ० प्र० अधिनियम 9 द्वारा पदावली "और तत्पश्चात् उसके उत्तराधिकारी की सम्यक रूप से नियुक्ति होने तक" लोपित।

[1][66-A. The State Government may issue such directions from time to time to a University on policy matters, not inconsistent with the provisions of this Act as it may deem necessary such direction shall be complied with by the University.]

67. Removal from membership of the University.—The Court may, by a two-third majority of the members present and voting remove any person from membership of any authority or other body of the University upon the ground that such person has been convicted of an offence which, in the opinion of the Court, is an offence involving moral turpitude or upon the ground that he has been guilty of scandalous conduct or had behaved in a manner unbecoming of a person any degree, or certificate conferred or granted by the University.

68. Reference to the Chancellor.—If any question arises whether any person has been duly elected or appointed as, or is entitled to be, member of any authority or other body of the University, or whether any decision of any authority or officer of the University [2][including any question as to the validity of a Statute, Ordinance or Regulation, not being a Statute or Ordinance made or approved by the State Government or by the Chancellor)] is in conformity with this Act or the Statutes or the Ordinance made thereunder, the matter shall be referred to the Chancellor and the decision of the Chancellor thereon shall be final :

Provided that no reference under this section shall be made—

(a) more than three months after the date when the question could have been raised for the first time;

(b) by any person other than an authority or officer of the University or a person aggrieved :

Provided further that the Chancellor may in exceptional circumstances—

(a) act *suo motu* or entertain a reference after the expiry of the period mentioned in the preceding proviso;

(b) where the matter referred relates to a dispute about the election, and the eligibility of the person so elected is in doubt, pass such orders of stay as he thinks just and expedient;

(c) [3][* * *]

[4][**68-A. *Power of Vice-Chancellor to enforce his order against Management.***—(1) Where a decision of the Management of an affiliated or associated college to dismiss, remove or to reduce a teacher in rank or to punish him in any other manner or to terminate his sevices, has not been approved by the Vice-Chancellor or where an order of suspension of such teacher has been stayed, revoked or modified by the Vice-Chancellor in accordance with the provisions of this Act or of an Act repealed by Section 74, and the Management has committed default in paying the salary of such teacher which became due to him in consequence of the Vice-Chancellor's order, the Vice-Chancellor may

1. Ins. by U.P. Act No. 1 of 2004 (w.e.f. 21-1-2003).
2. Ins. by U.P. Act No. 21 of 1975.
3. Omitted by U.P. Act No. 5 of 1977.
4. Ins. by U.P. Act No. 5 of 1977.

[1][66-क. राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों से असंगत न होते हुए नीतिगत मामलों पर समय-समय पर विश्वविद्यालय को ऐसे निदेश जारी कर सकेंगे जिन्हें वह आवश्यक समझे, ऐसे निदेश का विश्वविद्यालय द्वारा अनुपालन किया जायेगा।]

67. विश्वविद्यालय की सदस्यता से अपसारण—न्यायालय वर्तमान सदस्यों को दो-तिहाई बहुमत और मतदान द्वारा किसी भी व्यक्ति को इस आधार पर विश्वविद्यालय के किसी भी प्राधिकरण अथवा अन्य निकाय की सदस्यता से अपसारित कर सकेगा कि उस व्यक्ति को ऐसे अपराध से सिद्धदोष किया गया है, जो न्यायालय की राय में, नैतिक अधमता को अन्तर्ग्रस्त करते हुए अपराध है अथवा इस आधार पर कि वह कलंककारी आचरण का दोषी है अथवा उसने विश्वविद्यालय के सदस्य के रूप में अशोभनीय रीति से व्यवहार किया है और वह उन्हीं आधारों पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त या प्रदान की गयी किसी भी उपाधि, या प्रमाण-पत्र से प्रत्याहरण कर सकेगा।

68. कुलपति को संदर्भ—यदि इस विषयक कोई प्रश्न उठता है कि क्या किसी व्यक्ति को विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या अन्य निकाय के सदस्य के रूप में चुना या नियुक्त किया गया है अथवा वह सदस्य होने का हकदार है, अथवा क्या विश्वविद्यालय के किसी भी प्राधिकारी या अधिकारी का विनिश्चय [2][परिनियम, अध्यादेश या विनियम की वैधता के बारे में प्रश्न सहित, न कि राज्य सरकार द्वारा या कुलपति द्वारा दिये गये या अनुमोदित परिनियम अथवा अध्यादेश की वैधता के बारे में] इस अधिनियम या परिनियम अथवा उसके अधीन तैयार किये गये अध्यादेश के अनुरूप है, तो मामला कुलपति के समक्ष निर्दिष्ट किया जायेगा और उस पर कुलपति का निर्णय अन्तिम होगा :

परन्तु यह कि इस धारा के अधीन कोई भी संदर्भ निम्न दशाओं में नहीं किया जायेगा—

(क) उस तारीख से तीन माह के अधिक के पश्चात् जब प्रश्न पहली बार उठाया जा रहा हो;

(ख) विश्वविद्यालय के किसी भी प्राधिकारी या अधिकारी को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति या क्षुब्ध व्यक्ति द्वारा :

परन्तु अग्रेतर यह कि कुलपति आपवादिक परिस्थितियों में—

(क) पूर्ववर्ती परन्तुक में उल्लिखित अवधि के समाप्त होने के पश्चात् स्वप्रेरणा से कार्य कर सकेगा या संदर्भ को ग्रहण कर सकेगा;

(ख) जहां निर्दिष्ट मामले का सम्बन्ध चुनाव के बारे में विवाद से है और इस प्रकार चुने गये व्यक्ति की पात्रता संदिग्ध है, तो रोक के ऐसे आदेशों को पारित कर सकेगा जिसे वह न्यायसंगत अथवा समीचीन समझे;

(ग) [3][* * *]।

[4][**68-क. प्रबन्धतन्त्र के विरुद्ध कुलपति की अपने आदेश को प्रवर्तित करने की शक्ति**—(1) जहाँ समबद्ध अथवा सहयुक्त महाविद्यालय के प्रबन्धतन्त्र का किसी अध्यापक को बर्खास्त करने, अपसारित करने या पंक्ति में कम करने या उसे ऐसी अन्य किसी रीति से दण्डित करने या उसकी सेवाओं को समाप्त करने के निर्णय का उपकुलपति द्वारा अनुमोदन नहीं किया गया है अथवा जहाँ उस अध्यापक के निलम्बन के आदेश को इस अधिनियम के अथवा धारा 74 द्वारा निरसित अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उपकुलपति द्वारा रोक लगायी गयी है, उसका प्रतिसंहरण किया गया है या उसे उपान्तरित किया गया है और प्रबन्धतन्त्र में उस अध्यापक के वेतन का संदाय करने में व्यतिक्रम कारित किया गया है जो उसे उपकुलपति के आदेश

1. 2004 के उ० प्र० अधिनियम 1 द्वारा अन्तःस्थापित (21-1-2003 से प्रभावी)।
2. 1975 के उ० प्र० अधिनियम 21 द्वारा अन्तःस्थापित।
3. 1977 के उ० प्र० अधिनियम 5 द्वारा लोपित।
4. 1977 के उ० प्र० अधिनियम 5 द्वारा अन्तःस्थापित।

pass an order, requiring the management to pay the amount of salary as may be specified in the order and during the period of suspension, may also require the management to pay the suspension allowance at the rate of one-half of the salary payable, if the said amount has not been paid.

(2) In any such case as is referred to in sub-section (1), the Vice-Chancellor may also order reinstatement of the teacher concerned subject to such terms and the conditions as he thinks fit.

(3) The amount of salary or suspension allowance required to be paid under an order of the Vice-Chancellor under sub-section (1) shall on a certificate issued by him to the effect, be recoverable by the Collector as arrears of land revenue.

(4) Every order of the Vice-Chancellor under sub-section (2) shall be executable by the lowest Civil Court having territorial jurisdiction, as if it were a decree of that Court.

(5) No suit shall lie against any management or teacher in respect of any matter for which a relief can be granted by the Vice-Chancellor under this section.]

[1][69. **Bar of suit.**—No suit or other legal proceedings shall lie against the State Government or the Director of Education (Higher Education) or the Deputy Director (as defined in Section 60-A) or the Authorised Controller or the University or any officer, authority or body thereof in respect of anything done or purported or intended to be done in pursuance of the Act or the rules or the Statutes or the Ordinances made thereunder.]

70. Mode of proof of University record.—(1) A copy of any receipt, application, notice, order, proceeding, or resolution of any authority or committee of the University or other documents in possession of the University or any entry in any register duly maintained by the University, if certified by the Registrar, shall be received as *prima facie* evidence of such receipt, application, notice, order, proceedings, resolution or document or the existence of entry in the register and shall be admitted as evidence of the matters and transactions therein recorded where the original thereof would, if produced, have been admissible in evidence.

(2) No officer or servant of the University shall in any proceeding to which the University is not a party, be required to produce any document, register or other record of the University the contents of which can be proved under sub-section (1) but a certified copy, or to appear as a witness to prove the matters and transactions recorded therein unless by order of the Court made for special cause.

CHAPTER XIV
TRANSITORY PROVISION

71. Continuation of existing Officers of the University.—Subject to the provisions of this Act, every person holding office as an officer of an existing University on the date immediately before the commencement of this Act shall continue to hold office on the same terms and conditions until the expiration of his term of office.

1. Subs. by U.P. Act No. 21 of 1975.

के परिणामस्वरूप देय हुआ था तो उपकुलपति प्रबन्धतन्त्र से वेतन की उस धनराशि को, जिसे आदेश में विनिर्दिष्ट किया गया हो, संदाय करने की अपेक्षा करते हुए आदेश पारित कर सकेगा और निलम्बन की अवधि के दौरान वह प्रबन्धतन्त्र से संदेय वेतन के आधे की दर पर निलम्बन भत्ता संदाय करने की भी अपेक्षा कर सकेगा बशर्ते उक्त धनराशि का संदाय न किया गया हो।

(2) उपधारा (1) में जैसा कि निर्दिष्ट किया गया है, ऐसे किसी भी वाद में उपकुलपति ऐसे निबन्धनों और शर्तों के अध्यधीन जिन्हें वह उपयुक्त समझे; सम्बन्धित अध्यापक की पुनर्बहाली का आदेश कर सकेगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन उपकुलपति के आदेश के अधीन संदाय किये जाने के लिए अपेक्षित वेतन की धनराशि अथवा निलम्बन भत्ता, उस विषयक उसके द्वारा प्रमाण-पत्र जारी किये जाने पर कलक्टर द्वारा भू-राजस्व के अवशिष्टों के रूप में वसूली योग्य होगा।

(4) उपधारा (2) के अधीन उपकुलपति का प्रत्येक आदेश प्रादेशीय क्षेत्राधिकार को रखने वाले निम्नतम् सिविल न्यायालय द्वारा उसी प्रकार से निष्पादन होगा मानो उस न्यायालय की डिक्री हो।

(5) ऐसे किसी भी मामले के सम्बन्ध में जिसके लिए उपकुलपति द्वारा इस धारा के अधीन अनुतोष प्रदान किया जा सकता है, किसी भी प्रबन्धतन्त्र या अध्यापक के विरुद्ध कोई भी वाद दाखिल नहीं किया जा सकेगा।]

[1][**69. वाद का प्रतिबन्ध**—राज्य सरकार या शिक्षा निदेशक (उच्चतर शिक्षा) या उपनिदेशक (धारा 7-क में यथा परिभाषित) अथवा प्राधिकृत नियंत्रक या विश्वविद्यालय या उसके किसी अधिकारी, प्राधिकारी या निकाय के विरुद्ध ऐसी किसी भी बात के सम्बन्ध में कोई भी वाद अथवा अन्य विधिक कार्यवाही दाखिल नहीं की जायेगी जिसे अधिनियम या उसके अधीन बनायी गयी नियमावली या परिनियमों या अध्यादेशों के अनुसरण में किया गया था या तात्पर्यित था या किया जाना आशयित था।]

70. विश्वविद्यालय अभिलेख के सबूत की पद्धति—(1) विश्वविद्यालय के किसी भी प्राधिकरण या समिति के किसी भी पावती, आवेदन, नोटिस, आदेश, कार्यवाही, अथवा संकल्प की प्रति या विश्वविद्यालय के कब्जे में अन्य दस्तावेज या विश्वविद्यालय द्वारा सम्यक् रूप से अनुरक्षित किसी पंजी में कोई भी प्रविष्टि, यदि रजिस्ट्रार द्वारा प्रमाणित की गयी हो, उस पावती, आवेदन, नोटिस, आदेश, कार्यवाही, संकल्प अथवा दस्तावेज के या पंजी में प्रविष्टि की विद्यमानता के प्रथमदृष्ट्या साक्ष्य को प्राप्त किया जायेगा और उसे मामलों के साक्ष्य के रूप में तथा उसमें अभिलिखित संव्यवहारों के रूप में ग्रहण किया जायेगा जहां उसकी मूल प्रति, यदि पेश की गयी हो, साक्ष्य के रूप में ग्रहण किया गया होता।

(2) विश्वविद्यालय के किसी भी अधिकारी अथवा सेवक से ऐसी किसी भी कार्यवाही में, जिसमें विश्वविद्यालय पक्षकार नहीं है, विश्वविद्यालय के किसी दस्तावेज, पंजी तथा अन्य अभिलेख को सिवाय, प्रमाणित प्रति के, जिसकी अन्तर्वस्तु को उपधारा (1) के अधीन सिद्ध किया जा सकता है, पेश करने अथवा उसमें अभिलिखित मामलों एवं संव्यवहारों को सिद्ध करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी जब तक कि न्यायालय के आदेश द्वारा विशेष कारण हेतु न किया गया हो।

अध्याय 14

अस्थायी उपबन्ध

71. विश्वविद्यालय के विद्यमान अधिकारियों का बने रहना—इस अधिनियम के प्रावधानों के अध्यधीन, इस अधिनियम के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व तारीख पर विद्यमान विश्वविद्यालय के अधिकारी के रूप में पद को धारित करने वाला प्रत्येक व्यक्ति उन्हीं निबन्धनों एवं शर्तों पर, जब तक कि उसके पद का कार्यकाल समाप्त न हो जाये, पद को धारित करता रहेगा।

---

1. 1975 के उ० प्र० अधिनियम 21 द्वारा प्रतिस्थापित।

72. Constitution of authorities.—[1][(1) Every authority of an existing University shall, as soon as may be after the commencement of this Act, be constituted in accordance with the provisions of this Act, and every person holding office as member of such authority immediately before the commencement of this Act shall, on the date of such commencement, cease to be such member.]

(2) Until any authority of the University is constituted under sub-section (1), the State Government may, by order direct from time to time by whom and in what manner the powers, duties and functions exerable or dischargeable under this Act by any authority of University shall be exercised or discharged :

Provided that no such direction shall be issued after [2][December 31, 1981].

(3) The Administrative Committees and the Academic Committees constituted, in pursuance of sub-section (2) of Section 67 of the Uttar Pradesh State Universities Ordinance, 1973, shall, on 15th September, 1973, stand dissolved except as respect things done or omitted to be done by such Committees before that date, but nothing in this sub-section shall be deemed to preclude the State Government from taking, as from that date, such action under sub-section (2) as it thinks fit.

[3][**72-A. Transitory provisions regarding Kashi Vidyapith.**—Notwithstanding anything contained in this Act—

(a) every person holding office as an officer (other than the Chancellor) of the Kashi Vidyapith on the date immediately before its establishment as a University shall continue to hold office as such on the same terms and conditions except as respect tenure as he held on the said date until fresh appointments are made under clause (b);

(b) as soon as may be after the commencement of this section, the State Government may appoint interin officers of the said University (other than the Chancellor) and shall constitute interim authorities of the said University in such manner as it thinks fit, upon which the corresponding officers referred to in clause (a) shall cease to hold office and the corresponding authorities, shall stand dissolved forthwith;

[4][(c) the officers appointed and the members of the authorities constituted under clause (b) shall hold office up to [5][December 31, 1981] or until the appointment of the officers or the constitution of the authorities in accordance with clause (d) whichever be earlier;

(d) the State Government shall take steps for the appointment of officers and constitution of authorities of the said University in accordance with the provisions of this Act, so that the same may be completed before the expiry of the respoective terms of the interim officers and members under clause (c).]

---

1. Subs. by U.P. Act No. 21 of 1975.
2. Subs. by U.P. Act No. 15 of 1980 (w.e.f. 1-1-1979).
3. Ins. by U.P. Act No. 29 of 1974.
4. Subs. by U.P. Act No. 12 of 1978.
5. Subs. by U.P. Act No. 15 of 1980 (w.e.f. 1-1-1979).

72. प्राधिकरणों का गठन—[1][(1) विद्यमान विश्वविद्यालय का प्रत्येक प्राधिकरण इस अधिनियम के प्रारंभ होने के पश्चात् यथा शीघ्र इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार गठित किया जायेगा और इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के ठीक पूर्व उस प्राधिकरण के सदस्य के रूप में पद को धारित करते हुए प्रत्येक व्यक्ति, उस प्रारम्भ होने की तारीख पर उस सदस्य के रूप में होना बन्द हो जायेगा।]

(2) जब तक उपधारा (1) के अधीन विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण का गठन न हो जाये, राज्य सरकार आदेश द्वारा समय-समय पर यह निदेशित कर सकेगी कि किसके द्वारा और किस रीति से इस अधिनियम के अधीन प्रयोग किये जा सकने या उन्मोचित किये जा सकने वाले, शक्तियों एवं कार्यों को विश्वविद्यालय के किसी भी प्राधिकरण द्वारा प्रयोग या उन्मोचित किया जायेगा :

परन्तु यह कि [2][31 दिसम्बर, 1982] के पश्चात् ऐसा कोई भी निदेश जारी नहीं किया जायेगा।

(3) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अध्यादेश, 1973 की धारा 67 की उपधारा (2) के अनुसरण में गठित प्रशासनिक समितियां एवं शिक्षा समितियां 15 सितम्बर, 1973 को उन समितियों द्वारा उस तारीख के पूर्व की गयी बातों या किये जाने के लिए लोपित बातों के सिवाय विघटित हो जायेंगी, लेकिन इस उपधारा में कही गयी किसी भी बात का राज्य सरकार को उस तारीख से, उपधारा (2) के अधीन ऐसी कार्रवाई को करने से प्रतिबाधित करना नहीं समझा जायेगा जिसे वह उपयुक्त समझे।

[3][**72-क. काशी विद्यापीठ के सम्बन्ध में अस्थायी प्रावधान**—इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए—

(क) काशी विद्यापीठ के, उसके विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित होने के ठीक पूर्व तारीख पर अधिकारी के रूप में (कुलपति को छोड़कर) पद को धारित करने वाला प्रत्येक व्यक्ति उन्हीं निबन्धनों एवं शर्तों पर पद को धारित करता रहेगा सिवाय उस पदावधि के सम्बन्ध में, जिसे उसने उक्त तारीख को धारित किया था, जब तक कि खण्ड (ख) के अधीन नई नियुक्तियां न की गयीं हों;

(ख) इस धारा के प्रारम्भ होने की तारीख के पश्चात् यथाशीघ्र, राज्य सरकार उक्त विश्वविद्यालय के अन्तरिम अधिकारियों (कुलपति को छोड़कर) की नियुक्ति करेगी और उक्त विश्वविद्यालय की अन्तरिम प्राधिकरणों का ऐसी रीति से गठन करती रहेगी जिसे वह उपयुक्त समझे, जिसके पश्चात् खण्ड (क) में निर्दिष्ट तत्समानी अधिकारी पद को धारित करना बन्द कर देंगे और तत्समानी प्राधिकरण अविलम्ब विघटित हो जायेंगे;

[4][(ग) खण्ड (ख) के अधीन नियुक्त किये गये अधिकारी और गठित प्राधिकरणों के सदस्य [5][31 दिसम्बर, 1981] तक अथवा जो भी पूर्वतर हो, खण्ड (घ) के अनुसार अधिकारियों की नियुक्ति या प्राधिकारियों के गठन होने तक पद को धारित करते रहेंगे;

(घ) राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उक्त विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्ति और प्राधिकरणों के गठन के लिए कदम उठाएगी ताकि उसे खण्ड (ग) के अधीन अन्तरिम अधिकारियों एवं सदस्यों की क्रमशः पदावधि के समाप्त होने के पूर्व पूर्ण किया जा सके।]

---

1. 1975 के उ० प्र० अधिनियम 21 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. 1980 के उ० प्र० अधिनियम 15 द्वारा प्रतिस्थापित (1-1-1979 से प्रभावी)।
3. 1974 के उ० प्र० अधिनियम 29 द्वारा अन्तःस्थापित।
4. 1978 के उ० प्र० अधिनियम 12 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. 1980 के उ० प्र० अधिनियम 15 द्वारा प्रतिस्थापित (1-1-1979 से प्रभावी)।

[1][**72-B. Transitory provision on change of name of Garhwal University.**— With effect from April 25, 1989 any reference to the University of Garhwal in this Act or any rules, statutes, ordinances, statutory instruments, or any other law for the time being in force or in any documents or proceedings shall be construed as a reference to the Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University.]

[2][**72-C. Transitory provisions on change of name of University of Meerut.**— With effect from January 17, 1994 any refernece to the University of Meerut in this Act, or any Rules, Statutes, Ordinances, Statutory Instruments or any other law for the time being in froce or in any document or proceedings shall be construed as a reference to the Chaudhary Charan Singh University, Meerut.]

[3][**72-D. Transitory provisions on the change of name of the University of Avadh.**—[4][(1)] With effiect from June 18, 1994 any reference to the University of Avadh in this Act or any Rules, Statutes, Ordinances, Statutory Instruments or any other law for the time being in force or in any document or proceedings shall be construed as a reference to the Dr. Ram Manohar Lohia University, Faizabad.]

[5][(2) With effect from July, 11, 1995 any reference to the University of Avadh, or to the Doctor Ram Manohar Lohia University, Faizabad, in this Act or any Rules, Statutes, Ordinance, Statutory Instruments or any other law for the time being in force or in any document or proceedings shall be construed as a reference to the Doctor Ram Manohar Lohia Avadh University, Faizabad.]

[6][**72-E. Transitory provision on the name of the Kashi Vidyapith.**—With effect from July 11, 1995 any reference to the Kashi Vidyapith in this Act or any Rules, Statutes, Ordinance, Statutory Instruments or any other law for the time being in force or in any document or proceedings shall be construed as a reference to the Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi.]

[7][**72-F. Transitory provision on the name of the Universities of Agra and Kanpur.**—[8][(1) With effect from September 24, 1995 any reference to the University of Agra and Kanpur University in this Act or any Rules, Statutes, Ordinance, Statutory Instruments or any other law for the time being in force in any document or proceedings shall be construed as a reference to Doctor Bhimrao Ambedkar University, Agra and Shri Shahu Ji Maharaj University, Kanpur respectively.]

[9][(2) With effect from the date of commencement of the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Act, 1997, any reference to the Kanpur University, or to Shri Shahu Ji Maharaj University, Kanpur in this Act or any Rules, Statutes, Ordinance, Statutory Instruments or any other law for the time

1. Ins. by U.P. Act No. 26 of 1989 (w.e.f. 24-4-1989).
2. Ins. by U.P. Act No. 5 of 1994 (w.e.f. 17-1-1994).
3. Ins. by U.P. Act No. 20 of 1994 (w.e.f. 18-6-1994).
4. Renumbered by President's Act No. 4 of 1996 (w.e.f. 11-7-1995).
5. Ins. by President's Act No. 4 of 1996 (w.e.f. 11-7-1995).
6. Ins. by President's Act No. 4 of 1996 (w.e.f. 11-7-1995).
7. Ins. by President's Act No. 4 of 1996 (w.e.f. 23-9-1995).
8. Renumbered by U.P. Act No. 12 of 1997.
9. Ins. by U.P. Act No. 12 of 1997.

[1][**72-ख. गढ़वाल विश्वविद्यालय के नाम के परिवर्तन पर अस्थायी उपबन्ध**—25 अप्रैल, 1989 से इस अधिनियम या किन्हीं नियमों, परिनियमों, अध्यादेशों, वैधानिक लिखतों, अथवा तत्समय प्रवृत्त अन्य किसी विधि या किसी दस्तावेज या कार्यवाही में गढ़वाल विश्वविद्यालय के किसी भी संदर्भ को हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के संदर्भ के रूप में अर्थान्वित किया जायेगा।]

[2][**72-ग. मेरठ विश्वविद्यालय के नाम के परिवर्तन पर अस्थायी उपबन्ध**—17 जनवरी, 1994 से इस अधिनियम या किन्हीं नियमों, परिनियमों, अध्यादेशों, वैधानिक लिखतों, अथवा तत्समय प्रवृत्त अन्य किसी भी विधि या किसी दस्तावेज या कार्यवाही में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के संदर्भ में अर्थान्वित किया जायेगा।]

[3][**72-घ. अवध विश्वविद्यालय के नाम के परिवर्तन पर अस्थायी उपबन्ध**—[4][(1)] 18 जून, 1994 से इस अधिनियम या किन्हीं नियमों, परिनियमों, अध्यादेशों, वैधानिक लिखतों, अथवा तत्समय प्रवृत्त अन्य किसी भी विधि या दस्तावेज या कार्यवाही में अवध विश्वविद्यालय के किसी भी संदर्भ को डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संदर्भ के रूप में अर्थान्वित किया जायेगा।]

[5][(2) 11 जुलाई, 1995 से इस अधिनियम या किन्हीं नियमों, परिनियमों, अध्यादेशों, वैधानिक लिखतों, अथवा तत्समय प्रवृत्त अन्य किसी भी विधि या दस्तावेज या कार्यवाही में अवध विश्वविद्यालय, अथवा डॉ० राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, फैजाबाद के किसी भी संदर्भ को डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद के अर्थ में अर्थान्वित किया जायेगा।]

[6][**72-ङ. काशी विद्यापीठ के नाम के परिवर्तन पर अस्थायी उपबन्ध**—11 जुलाई, 1995 से इस अधिनियम या किन्हीं नियमों, परिनियमों, अध्यादेशों, वैधानिक लिखतों, अथवा तत्समय प्रवृत्त अन्य किसी भी विधि या दस्तावेज या कार्यवाही में काशी विद्यापीठ के किसी भी संदर्भ को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अर्थ में अर्थान्वित किया जायेगा।]

[7][**72-च. आगरा और कानपुर विश्वविद्यालयों के नाम के परिवर्तन पर अस्थायी उपबन्ध**—[8][(1) 24 सितम्बर, 1995 से, इस अधिनियम या किन्हीं अन्य नियमों, परिनियमों, अध्यादेशों वैधानिक लिखतों अथवा तत्समय प्रवृत्त अन्य किसी भी विधि या दस्तावेज या कार्यवाही में आगरा विश्वविद्यालय एवं कानपुर विश्वविद्यालय के संदर्भ में क्रमशः डॉ० भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा और श्री साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के संदर्भ में अर्थान्वित किया जायेगा।]

[9][(2) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1997 के प्रारम्भ होने की तारीख से इस अधिनियम या किन्हीं नियमों, परिनियमों, अध्यादेशों, वैधानिक लिखतों, अथवा तत्समय प्रवृत्ति अन्य किसी भी विधि या दस्तावेज में या कार्यवाही में कानपुर विश्वविद्यालय के अथवा श्री साहूजी महाराज

---

1. 1989 के उ० प्र० अधिनियम 26 द्वारा अन्तःस्थापित (24-4-1989 से प्रभावी)।
2. 1994 के उ० प्र० अधिनियम 5 द्वारा अन्तःस्थापित (17-1-1994 से प्रभावी)।
3. 1989 के उ० प्र० अधिनियम 20 द्वारा अन्तःस्थापित (18-6-1994 से प्रभावी)।
4. राष्ट्रपति के वर्ष 1996 के अधिनियम संख्यांक 4 द्वारा पुनर्संख्याकित (11-7-1995 से प्रभावी)
5. राष्ट्रपति के वर्ष 1996 के अधिनियम संख्यांक 4 द्वारा अन्तःस्थापित (11-7-1995 से प्रभावी)।
6. राष्ट्रपति के वर्ष 1996 के अधिनियम संख्यांक 4 द्वारा उपधारा (1) को पुनर्संख्यांकित (11-7-1995 से प्रभावी)।
7. राष्ट्रपति के वर्ष 1996 के अधिनियम संख्यांक 4 द्वारा अन्तःस्थापित (23-9-1995 से प्रभावी)।
8. 1997 के उ० प्र० अधिनियम 12 द्वारा अन्तःस्थापित।
9. 1997 के उ० प्र० अधिनियम 12 द्वारा अन्तःस्थापित।

being in force or in any document or proceedings shall be construed as a refence to Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur.]

[1][72-G. **Transitory provisions on the change of names of University of Gorakhpur and University of Rohilkhand.**—With effect from the date of the commencement of the Uttar Pradesh State Universities (Second Amendment) Act, 1997 any reference to the University of Gorakhpur and the University of Rohilkhand in this Act, or any Rules, Statutes, Ordinances, Statutory Instruments, or any other law for the time being in force or in any document or proceedings shall be construed as a reference to Deen Dayal Upadhyaya, Gorakhpur University, Gorakhpur and Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly respectively.]

[2][72-H. **Transitory provision of change of name of the Purvanchal University.**—With effect from the date of commencement of the Uttar Pradesh State Universities (Amendment) Act, 1999 any reference to the Purvanchal University in this Act or any Rules, Statutes, Ordinances, Statutory Instruments, or any other law for the time being in force or in any document or proceeding shall be construed as a reference to Vir Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur.]

[3][72-I. **Special provisions with respect to certain students of Vir Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur.**—Every person residing within the area of the Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi, who was permitted by the Vir Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur to appear in Graduate Part-I or Post Graduate Part-I Examination of 2008 from the Examination Centre of District-Chandauli, Mirzapur, Sant Ravidas Nagar, Sonbhadra, Varanasi and Ballia and who, on the esult of the examination, has been declared successful, shall be permitted by the Vir Bahadur Singh Purvanchal University to appear in the Graduate Part-II and Part-III examination or the Post Graduation Part-II examination, as the case may be, of the said University from the examination centres of the above districts during the academic years 2008-2009 and 2009-2010 and on the results of such an examination the degree may be conferred by that very University, and such an examination shall be deemed to be valid.

72-J. Special Provisions with respect to certain students of Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur.—Every person residing within the area of the Lucknow University, Lucknow, who was permitted by the Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur to appear in Graduate Part-I or Post Graduate Part-I Examination of 2008 from the Examination Centre of District Lucknow and who, on the result of the examination, has been declared successful, shall be permitted by the Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur to appear in the Graduate Part-II and Part-III examination or the Post Graduation Part-II examination, as the case may be, of the said University from the examination centres of district Lucknow during the academic years 2008-2009 and 2009-2010 and on the results of such an examination the degree may be conferred by that very University, and such an examination shall be deemed to be valid].

1. Ins. by U.P. Act No. 18 of 1997.
2. Ins. by U.P. Act No. 11 of 1999 (w.e.f. 8-1-1999).
3. Ins. by U.P. Act of 2009.

विश्वविद्यालय, कानपुर के किसी भी संदर्भ को छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के संदर्भ के रूप में अर्थान्वित किया जायेगा।]

[1][**72-छ. गोरखपुर विश्वविद्यालय और रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के नाम के परिवर्तन पर अस्थायी उपबन्ध**—उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 1997 के प्रारम्भ होने की तारीख से इस अधिनियम या किन्हीं नियमों, परिनियमों, अध्यादेशों, वैधानिक लिखतों अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी भी विधि या दस्तावेज या कार्यवाही में गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के किसी भी संदर्भ को दीनदयाल उपाध्याय, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर और महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के संदर्भ के रूप में अर्थान्वित किया जायेगा।]

[2][**72-ज. पूर्वांचल विश्वविद्यालय के नाम पर अस्थायी उपबन्ध**—उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1999 के प्रारम्भ होने की तारीख से इस अधिनियम या किन्हीं नियमों, परिनियमों, अध्यादेशों, वैधानिक लिखतों अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी भी विधि या दस्तावेज या कार्यवाही में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के किसी भी संदर्भ को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के संदर्भ के रूप में अर्थान्वित किया जायेगा।]

[3][**72-झ. वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के कतिपय छात्रों के सम्बन्ध में विशेष उपबन्ध**—महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को, जिसे वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा जिला चन्दौली, मिर्जापुर, संत रविदास नगर, सोनभद्र, वाराणसी और बलिया के परीक्षा केन्द्रों से वर्ष 2008 की स्नातक भाग 1 या स्नातकोत्तर भाग 1 की परीक्षा में बैठने की अनुज्ञा प्रदान की गयी थी और जिसे परीक्षाफल में सफल घोषित किया गया है, वीर बहादुर सिंह, पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2008-2009 और 2009-2010 के दौरान उपर्युक्त जिलों के परीक्षा केन्द्रों से उक्त विश्वविद्यालय की, यथास्थिति, स्नातक भाग 2 तथा स्नातक भाग 3 की परीक्षा अथवा स्नातकोत्तर भाग 2 की परीक्षा में बैठने की अनुज्ञा प्रदान की जाएगी और ऐसे परीक्षाफल के आधार पर उसी विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि प्रदान की जा सकेगी और ऐसी परीक्षा विधिमान्य समझी जाएगी।

72-ञ. छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कतिपय छात्रों के सम्बन्ध में विशेष उपबंध—लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के क्षेत्र में निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जिसे छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा जिला लखनऊ के परीक्षा केन्द्र से वर्ष 2008 की स्नातक भाग 1 या स्नातकोत्तर भाग 1 की परीक्षा में बैठने की अनुज्ञा प्रदान की गयी थी और जिसे परीक्षाफल में सफल घोषित किया गया है, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक वर्ग 2008-2009 और 2009-2010 के दौरान जिला लखनऊ के परीक्षा केन्द्र से उक्त विश्वविद्यालय की, यथास्थिति स्नातक भाग 2 तथा स्नातक भाग 3 या स्नातकोत्तर भाग 2 की परीक्षा में बैठने की अनुज्ञा प्रदान की जाएगी और ऐसे परीक्षाफल के आधार पर उसी विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि प्रदान की जा सकेगी और ऐसी परीक्षा विधिमान्य समझी जाएगी।]

---

1. 1997 के उ० प्र० अधिनियम 18 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. 1999 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 11 द्वारा अन्तःस्थापित (8-1-1999 से प्रभावी)।
3. 2009 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 6 द्वारा अन्तःस्थापित।

73. Power to remove difficulties.—(1) The State Government may, for the purpose of removing any difficulty, particularly in relation to the transition from the provisions of the enactments repealed by Section 74 to the provisions of this Act, by order published in the Official Gazette direct that the provisions of this Act, shall during such period as may be specified in the order, have effect subject to such adaptations whether by way of modification, addition or omission as it may deem to be necessary or expedient :

Provided that no such order shall be made [1][after December 31, 1982].

(2) Every order made under sub-section (1) shall be laid before both the Houses of the State Legislature.

(3) No order under sub-section (1) shall be called in question in any Court on the ground that no difficulty as is referred to in sub-section (1) existed or required to be removed.

74. Repeal of certain enactments.—(1) The following enactments are hereby repealed, with effect from the respective dates on which this Act is brought into force in relation to the existing University concerned, namely—

(a) the Lucknow University Act, 1920;

(b) the Allahabad University Act, 1921;

(c) the Agra University Act, 1926;

(d) the Gorakhpur University Act, 1956;

(e) the Varanaseya Sanskrit Vishwavidyalaya Act, 1956; and

(f) the Kanpur and Meerut Universities Act, 1965.

[2][(2) Notwithstanding such repeal—

(a) all appointments made, orders issued, degrees or diplomas conferred or certificates issued, privileges granted or other things done (including registration of graduates) under any such enactment, shall be deemed to have been respectively made, issued, conferred, granted or done under the corresponding provisions of this Act, and except as otherwise provided by or under this Act continue in force unless and until they are superseded by any order made under this Act;

(b) all proceedings of Selection Committee which took place before the commencement of this Act and all actions by the Management or by the Executive Council, as the case may be, in respect of the recommendation of such Selection Committees, where no orders of appointment on the basis thereof were passed before the commencement of this Act, shall, notwithstanding that the procedure for selection has been modified by this Act, be deemed to have been valid but further proceeding in connection with such pending selections shall be taken in accordance with the provisions of this Act and be continued from the stage where they stood immediately before such commencement.]

1. Subs. by U.P. Act No. 25 of 1982 (w.e.f. 29-12-1981).
2. Subs. by U.P. Act No. 21 of 1975, and shall be deemed always to have been substituted.

73. कठिनाइयों को अपसारण करने की शक्ति—(1) राज्य सरकार विशेषकर इस अधिनियम के प्रावधानों के लिए धारा 74 द्वारा निरसित अधिनियमितियों के प्रावधानों से संक्रमण के सम्बन्ध में, किसी भी कठिनाई का अपसारण करने के प्रयोजनार्थ, शासकीय गजट में प्रकाशित आदेश से यह निदेशित कर सकेगी कि इस अधिनियम के प्रावधान उस अवधि के दौरान जिसे आदेश में विनिर्दिष्ट किया जा सकेगा, ऐसे अनुकूलनों, चाहे वह उपान्तरण, परिवर्धन अथवा लोप के माध्यम से हों, के अध्यधीन प्रभावी होंगे जिन्हें वह आवश्यक अथवा समीचीन समझे :

परन्तु यह कि ऐसे किसी भी आदेश को [1][31 दिसम्बर, 1982 के पश्चात्] नहीं किया जायेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन किये गये प्रत्येक आदेश को राज्य विधानमण्डल के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन किसी भी आदेश को किसी भी न्यायालय में इस आधार पर प्रश्नगत नहीं किया जायेगा कि उपधारा (1) में यथा निर्दिष्ट कोई भी कठिनाई विद्यमान नहीं थी अथवा उसका अपसारित किया जाना अपेक्षित नहीं था।

74. कतिपय अधिनियमितियों का निरसन—(1) निम्नलिखित अधिनियमों को क्रमशः उन तारीखों से एतद्द्वारा निरसित किया जाता है, जब यह अधिनियम विद्यमान सम्बन्धित विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में प्रभावी किया गया हो, अर्थात्—

(क) लखनऊ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1920;

(ख) इलाहाबाद विश्वविद्यालय, अधिनियम, 1921;

(ग) आगरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 1926;

(घ) गोरखपुर विश्वविद्यालय अधिनियम, 1956;

(ङ) वाराणसी संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 1956; और

(च) कानपुर और मेरठ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1965

[2][(2) इस निरसन के होते हुए भी—

(क) ऐसे किसी भी अधिनियम के अधीन की गयी सभी नियुक्तियाँ, जारी किये गये आदेश, प्रदान की गयी उपाधियां अथवा डिप्लोमा अथवा जारी प्रमाण-पत्र, प्रदत्त विशेषाधिकार अथवा की गयी अन्य कोई भी बातें (स्नातकों के पंजीयन सहित) का क्रमशः इस अधिनियम के तत्समानी प्रावधानों के अधीन किया जाना, जारी किया जाना, प्रदान किया जाना, स्वीकृत किया जाना अथवा किया जाना समझा जायेगा और वे इस अधिनियम द्वारा अथवा इसके अधीन यथा अन्यथा उपबन्धित के सिवाय प्रवृत्त होते रहेंगे जब तक कि उन्हें इस अधिनियम के अधीन किये गये किसी भी आदेश द्वारा अतिक्रमित न किया गया हो;

(ख) चयन समिति की सभी कार्यवाहियाँ जो इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पूर्व हुई थीं और प्रबन्धतन्त्र द्वारा अथवा जैसा विषय हो कार्यपरिषद् द्वारा उस चयन समितियों की सिफारिश के सम्बन्ध में सभी कार्रवाइयां, जहां उसके आधार पर नियुक्ति के कोई भी आदेश इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पूर्व पारित नहीं किये गये थे, बावजूद इसके कि चयन की प्रक्रिया को इस अधिनियम द्वारा संशोधित किया गया है, का वैध होना समझा जायेगा लेकिन उन लम्बित चयनों के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाहियां इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार की जायेंगी और उन्हें उस प्रक्रम से जारी रखा जायेगा जहां वे उस प्रारम्भ होने के ठीक पूर्व विद्यमान थीं।]

---

1. 1982 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 25 द्वारा प्रतिस्थापित (29-12-1981 से प्रभावी)।
2. 1975 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 21 द्वारा प्रतिस्थापित और उसका सदैव प्रतिस्थापित किया जाना समझा जायेगा।

(3) Notwithstanding anything in sub-sections (1) and (2), or in any other provisions of this Act—

(a) [1][* * *]

(b) [2][* * *]

(c) where any institution has applied for affiliation to the University of Agra in accordance with the provisions of the Agra University Act, 1926, before June 18, 1973 and such application was pending on the said date, and the place where the institution is situated lies under this Act outside area of the University of Agra, such application may be disposed of by the competent authorities of the University of Agra as if the institution would be affiliated to that University, and upon the grant of such application by the Chancellor, the institution would stand affiliated to the University within whose territorial jurisdiction as specified in Section 5, the institution would lie;

(d) until fresh panels of experts are drawn up under sub-section (5) of Section 31, the Chancellor or the Vice-Chancellor, as the case may be, may nominate experts to a Selection Committee under that section from out of the panels in existence immediately before the commencement of this Act :

[3][Provided that the provisions of Explanation I and II to the said sub-section (5) shall apply also to the panels of experts referred to in this clause and to nominations made from such panels under this clause];

(e) until a Finance Officer is appointed in a University, the functions of the Finance Officer under this Act shall be performed by a Dean of Faculty nominated by the Chancellor in that behalf;

(f) until rules are made under Section 17, any vacancy in a post of Registrar, Deputy Registrar or Assistant Registrar may be filled on a provisional basis by the Chancellor, in the case of the post of Registrar and by the Vice-Chancellor in the case of the post of Deputy Registrar or Assistant Registrar;

[4][(g) every student of the Kashi Naresh Government Degree College, Gyanpur, or the Government Degree College, Jakhni, situate in district Varanasi, or the Government Degree College, Rishikesh, situate in district Dehradun, who—

(1) immediately before the commencement of Uttar Pradesh State Universities Ordinance, 1973, was studying for a degree of the University of Agra; or

(2) was admitted as a student of any of the said colleges during the academic year 1973-74 for a degree of the said University; or

---

1. Omitted by U.P. Act No. 29 of 1974.
2. Omitted by U.P. Act No. 5 of 1977.
3. Ins. by U.P. Act No. 21 of 1975, and shall be deemed always to have been inserted.
4. Ins. by U.P. Act No. 29 of 1974.

(3) उपधारा (1) एवं (2) में, अथवा इस अधिनियम के अन्य किसी भी प्रावधान में कही गयी किसी भी बात के होते हुए—

(क) [1][* * *]

(ख) [2][* * *]

(ग) जहां किसी संस्था में 18 जून, 1973 के पूर्व आगरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 1926 के प्रावधानों के अनुसार आगरा विश्वविद्यालय से सम्बद्धता के लिए आवेदन किया हो और वह आवेदन उक्त तारीख को लम्बित हो एवं वह स्थान जहां संस्था अवस्थित है, इस अधिनियम के अधीन आगरा विश्वविद्यालय के क्षेत्र से बाहर है, तो वहां उस आवेदन का आगरा विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारियों द्वारा उसी प्रकार से निस्तारण किया जा सकेगा मानो उस संस्था को उस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किया जायेगा और कुलपति द्वारा उस आवेदन से मंजूर किये जाने पर, वह संस्था धारा 5 में यथा विनिर्दिष्ट उस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो जायेगी जिसके प्रादेशिक क्षेत्राधिकार के भीतर, वह संस्था स्थित होगी;

(घ) जब तक विशेषज्ञों के नये पैनलों को धारा 31 की उपधारा (5) के अधीन तैयार न किया जायेगा, कुलपति अथवा जैसा विषय हो उपकुलपति उस धारा के अधीन चयन समिति के लिए इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के ठीक पूर्व विद्यमान पैनलों में से विशेषज्ञों को नामोदिष्ट कर सकेगी :

[3][परन्तु यह कि उक्त उपधारा (5) के स्पष्टीकरण I एवं II के प्रावधान इस खण्ड में निर्दिष्ट विशेषज्ञों के पैनलों और इस खण्ड के अधीन उन पैनलों से किये गये नाम निर्देशनों के लिए भी लागू होंगे];

(ङ) जब तक विश्वविद्यालय में वित्त अधिकारी की नियुक्ति न की गयी हो, तब तक इस अधिनियम के अधीन वित्त अधिकारी के कार्यों का संपादन उस निमित्त कुलपति द्वारा नामोदिष्ट संकायाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा;

(च) जब तक धारा 17 के अधीन नियमों को न बनाया गया हो, तब तक कुलसचिव, उपकुलसचिव अथवा सहायक कुलसचिव के पद में किसी भी रिक्ति को कुलसचिव के पद की दशा में कुलपति द्वारा अस्थायी आधार पर एवं उपकुलसचिव या सहायक कुलसचिव के पद की दशा में उपकुलपति द्वारा भरा जायेगा;

[4][(छ) जिला वाराणसी में अवस्थित काशी नरेश गवर्नमेन्ट डिग्री कालेज, ज्ञानपुर, अथवा गवर्नमेन्ट डिग्री कालेज, जखनी, अथवा जिला देहरादून में अवस्थित गवर्नमेन्ट डिग्री कालेज, ऋषिकेश का प्रत्येक विद्यार्थी, जो—

(1) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अध्यादेश, 1973 के प्रारम्भ होने के ठीक पूर्व, आगरा विश्वविद्यालय की उपाधि के लिए अध्ययन कर रहा था; अथवा

(2) उक्त विश्वविद्यालय की उपाधि के लिए शैक्षिक वर्ष 1973-74 के दौरान उक्त महाविद्यालयों में से किसी के विद्यार्थी के रूप में भर्ती किया गया था; अथवा

---

1. 1974 के उ० प्र० अधिनियम 29 द्वारा लोपित।
2. 1977 के उ० प्र० अधिनियम 5 द्वारा लोपित।
3. 1975 के उ० प्र० अधिनियम 21 द्वारा अन्तःस्थापित और उसका सदैव अन्तःस्थापित किया जाना समझा जायेगा।
4. 1974 के उ० प्र० अधिनियम 29 द्वारा अन्तःस्थापित।

(3) is eligible to appear at any degree examination of the said University in the year 1974 or in the year 1975 [1][or in the year 1976] as an ex-student;

shall be permitted to complete his course in accordance with, the syllabus of the University of Agra, and necessary arrangements for the instruction and examination of such students shall be made by the University of Agra and on the results of such examination, the degree may be conferred by that very University;

(h) until the Faculties are constituted in the Universities referred to in sub-section (1) or sub-section (1-A) of Section 4, the Selection Committee referred to in clause (c), of sub-section (4) of Section 31 shall consist of the following members, namely—

(1) the Head of the Management or a member of the Management nominated by him, who shall be the Chairman;

(2) one member of the Management nominated by the Management; and

(3) three experts to be nominated by the Vice-Chancellor];

[2][(i) every person residing within the area of the University of Gorakhpur who was permitted by the Agra University to appear in B.A. Part I or M.A. Part I Examination of 1974 from the Kashi Naresh Government Degree College, Gyanpur,. Varanasi Centre and who, on the result of the examination, has been declared successful, shall be permitted by the University of Agra to appear in the B.A. Part II or M.A. Part II Examination, as the case may be, of the said University from the Kashi Naresh Government Degree College, Gyanpur, Varanasi Centre, during the academic years 1974-75 and 1975-76 and on that esults of such examination the degree may be conferred by that very University, and such examination shall be deemed to be valid;

(j) any person residing within the area of the University of Allahabad or the University of Lucknow may be permitted by the University of Kanpur (hereinafter in this clause referred to as the said University) to appear in an examination referred to in clause (5) of Section 7, and on the result of such examination a degree may be conferred by the said University notwithstanding that such person was not residing within the area of the said University.]

75. Amendment of U.P. Act XXIV of 1965.—In Section 3 of the Uttar Pradesh Universities (Provisions regarding Conduct of Examinations) Act, 1965, for the words 'two months' the words 'six months' shall be substituted.

76. Repeal and Savings.—(1) The Uttar Pradesh State Universities Ordinance, 1973 (U.P. Ordinance 1 of 1973), is hereby repealed.

---

1. Ins. by U.P. Act No. 21 of 1975.
2. Ins. by U.P. Act No. 5 of 1977, and shall be deemed always to have been inserted.

(3) वर्ष 1974 में अथवा वर्ष 1975 में [1][अथवा वर्ष 1976 में] उक्त विश्वविद्यालय की किसी भी उपाधि परीक्षा में भूतपूर्व विद्यार्थी के रूप में सम्मिलित होगा;

को आगरा विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के अनुसार अपना पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अनुमति दी जायेगी और ऐसे विद्यार्थियों की परीक्षा को आगरा विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा और उस परीक्षा के परिणाम पर, उसी विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि प्रदान की जायेगी;

(ज) जब तक धारा 4 की उपधारा (1) अथवा उपधारा (1-क) में निर्दिष्ट विश्वविद्यालयों द्वारा संकायों का गठन न किया गया हो, तब तक धारा 31 की उपधारा (4) के खण्ड (ग) में निर्दिष्ट चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे; अर्थात्—

(1) प्रबन्धतन्त्र का अध्यक्ष अथवा उसके द्वारा नामोदिष्ट प्रबन्धतन्त्र का सदस्य, जो अध्यक्ष होगा;

(2) प्रबन्धतन्त्र द्वारा नामोदिष्ट प्रबन्धतन्त्र का एक सदस्य; और

(3) उपकुलपति द्वारा नामोदिष्ट किये जाने वाले तीन सदस्य;

[2][(झ) गोरखपुर विश्वविद्यालय के क्षेत्र के भीतर निवास करने वाला ऐसा प्रत्येक व्यक्ति, जिसे आगरा विश्वविद्यालय द्वारा काशी नरेश गवर्नमेन्ट डिग्री कालेज, ज्ञानपुर, वाराणसी केन्द्र से वर्ष 1974 की बी० ए० प्रथम वर्ष अथवा एम० ए० प्रथम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी गयी थी और जिसे परीक्षा के परिणाम पर सफल घोषित किया गया हो, आगरा विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक वर्ष 1974-75 और 1975-76 के दौरान काशी नरेश गवर्नमेन्ट डिग्री कालेज, ज्ञानपुर, वाराणसी केन्द्र से उक्त विश्वविद्यालय की बी० ए० द्वितीय वर्ष अथवा जैसा विषय हो एम० ए० द्वितीय वर्ष के सम्मिलित होने की आगरा विश्वविद्यालय द्वारा अनुमति दी जायेगी और उस परीक्षा के परिणामों पर उसी विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि प्रदान की जायेगी एवं उस परीक्षा का वैध होना समझा जायेगा;

(ञ) इलाहाबाद विश्वविद्यालय अथवा लखनऊ विश्वविद्यालय के क्षेत्र में निवास कर रहे प्रत्येक व्यक्ति को कानपुर विश्वविद्यालय द्वारा (इस खण्ड में एतस्मिन् पश्चात् उक्त विश्वविद्यालय के रूप में निर्दिष्ट) द्वारा धारा 7 के खण्ड (5) में निर्दिष्ट परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सकेगी और उस परीक्षा के परिणामस्वरूप उक्त विश्वविद्यालय द्वारा बावजूद इसके उपाधि प्रदान की जायेगी कि वह व्यक्ति उक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्र में निवास नहीं कर रहा था।]

75. 1965 के उ० प्र० अधिनियम XXIV का संशोधन—उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय (परीक्षा के संचालन के सम्बन्ध में उपबन्ध) अधिनियम, 1965 की धारा 3 में, पदावली "दो माह" के लिए पदावली "छः माह" को प्रतिस्थापित किया जायेगा।

76. निरसन और व्यावृत्तियां—(1) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अध्यादेश, 1973 (1973 का उ० प्र० अध्यादेश 1) को एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

1. 1975 के उ० प्र० अधिनियम 21 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. 1977 के उ० प्र० अधिनियम 5 द्वारा अन्तःस्थापित और उसका अन्तःस्थापित किया जाना समझा जायेगा।

(2) Notwithstanding any such repeal, anything done or any action taken under the said Ordinance shall, subject to the provisions of sub-section (3) of Section 72, be deemed to have been done or taken under this Act as if this Act had commenced on the 18th day of June, 1973.

[1][THE SCHEDULE

(*See* Section 5)

Serial No.	*Name of the University*	*Areas within which the University shall exercise jurisdiction*
1	2	3
1.	The University of Lucknow	Lucknow District
2.	Chaudhary Charan Singh University, Meerut	Districts of Bhaghpat, Bulandshahar, Gautam Buddha Nagar, Ghaziabad, Meerut, Muzaffar Nagar and Saharanpur.
3.	Chatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur	Districts of Allahabad, Auraiya, Etawah, Farrukhabad, Fatehpur, Hardoi, Kannauj, Kanpur Dehat, Kanpur Nagar, Kaushambhi, Lakhimpur Kheri, Sitapur, Raa Bareli and Unnao.
4.	Dean Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur	Districts of Basti, Deoria, Gorakhpur, Kushi Nagar, Maharajganj, Sant Kabir Nagar and Siddharth Nagar
5.	Doctor Bhim Rao Ambedkar University, Agra	Districts of Agra, Aligarh, Etah, Firozabad, Hathras, Kansiram Nagar, Mainpuri and Mathura
6.	Doctor Ram Manohar Lohia Avadh University, Faizabad	Districts of Ambedkar Nagar, Bahraich, Balrampur, Bara Banki, Faizabad, Gonda, Pratapgarh, Shrawasti and Sultanpur
7.	Mahatma Jyotiba Phule Rohil Khand University, Bareilly	Districts of Budaun, Bareilly, Bijnor, Jyotiba Phule Nagar, Moradabad, Pilibhit, Rampur and Shahjahanpur
8.	The University of Bundelkhand, Jhansi	Districts of Banda, Chitrakut, Hamirpur, Jalaun, Jhansi, Lalitpur and Mahoba
9.	Vir Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur	Districts of Azamgarh, Ghazipur, Jaunpur and Mau
(4) The selection committee shall on a consideration of the applications and lists referred to in sub-rule (3) prepare in order of merit list of candidates fit for admission.

(5) The list prepared under sub-rule (4) shall contain the names of candidates selected for admission to the reserved and the unresserved seats available in the college as well as the marks allotted to each such candidate under these Rules.

(6) The selection committee shall also prepare a waiting list of such candidates as may be admitted in a college in accordance with these Rules in the event of the failure of a candidate included in the list under sub-rule (5) to join the college.

(7) The selection committee shall prepare the lists under sub-rule (5) or sub-rule (6) ordinarily by the end of June and shall forthwith furnish one copy thereof to the University and another copy thereof to the college.

(8) In the event of any one member of selection committee being absent, the proceedings of selection shall not be rendered illegal.

11. Admission of selected candidates.—(1) The Principal of the college shall send intimation by registered post at the earliest to every candidate whose name is included in the list prepared under sub-rule (5) of Rule 10 and that candidate shall within fifteen days of the date of registration of intimation in the post office, take admission in that college and on his failure to do so he shall forfeit his claim to admission.

9. मेरिट के क्रम में अभ्यर्थियों की सूची को तैयार करना—(1) नियम 6 के अधीन आवेदनों को प्राप्त करने पर, उन आवेदनों के सम्बन्ध में प्रत्येक महाविद्यालय में, दो सूचियाँ अर्थात् आरक्षित सीटों के लिए सूची "ए" तथा अनारक्षित सीटों के लिए सूची "बी" को चार प्रतियों में तैयार किया जायेगा जिसमें नियम 8 में उल्लिखित विशिष्टियों के साथ अर्हित अभ्यर्थियों की मेरिट के क्रम में नाम अन्तर्विष्ट होंगे।

(2) उस महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित इस नियम के अधीन तैयार की गयी सूची नियम 6 के अधीन आवेदनों के दाखिल किये जाने के लिए नियत अन्तिम तारीख के एक सप्ताह के भीतर विश्वविद्यालय को भेजी जायेगी।

10. चयन समिति—(1) बी० एड० की कक्षाओं के लिए प्रवेश हेतु अभ्यर्थी के चयन के लिए, प्रत्येक महाविद्यालय के लिए चयन समिति होगी जिसमें निम्नलिखित तीन सदस्य होंगे, अर्थात्

(i) विश्वविद्यालय के उपकुलपति का नाम निर्देशिती (जो समिति का संयोजक भी होगा)।

(ii) शिक्षा निदेशक (उच्चतर शिक्षा) का नाम निर्देशिती।

(iii) महाविद्यालय का प्रधानाचार्य अथवा उसकी अनुपस्थिति में महाविद्यालय के बी० एड० विभाग का वरिष्ठतम अध्यापक।

(2) चयन समिति विश्वविद्यालय के मुख्यालय में या उपकुलपति के पूर्वानुमोदन से महाविद्यालय में अपनी बैठकों को आयोजित करेगा।

(3) महाविद्यालय में प्राप्त प्रवेश के सभी आवेदन और साथ ही नियम 9 के अधीन विश्वविद्यालय को अग्रेषित अभ्यर्थियों की सूची को उस विश्वविद्यालय में प्राप्त आवेदन के साथ तुलना करके और उसका सम्यक सत्यापन करने के पश्चात् चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

(4) चयन समिति आवेदनों और उपनियम (3) में निर्दिष्ट सूचियों पर विचार करने पर प्रवेश के लिए उपयुक्त अभ्यर्थियों की मेरिट सूची के क्रम में तैयार करेगी।

(5) उपनियम (4) के अधीन तैयार की गयी सूची महाविद्यालय में उपलब्ध आरक्षित तथा अनारक्षित सीटों में प्रवेश के लिए चयन किये गये अभ्यर्थियों के नामों तथा इस नियमावली के अधीन ऐसे प्रत्येक अभ्यर्थी को आवंटित अंक अन्तर्विष्ट होंगे।

(6) चयन समिति ऐसे अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची को भी तैयार करेगी जिन्हें महाविद्यालय में उस महाविद्यालय में सम्मिलित होने के लिए उपनियम (5) के अधीन सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की असफलता की दशा में इन नियमों के अनुसार प्रवेश दिया जा सकेगा।

(7) चयन समिति साधारणतया जून के अन्त तक उपनियम (5) या उपनियम (6) के अधीन सूची तैयार करेगी और वह विश्वविद्यालय को उसकी एक प्रति तथा महाविद्यालय को उसकी एक प्रति अविलम्ब प्रदान करेगी।

(8) चयन समिति के किसी एक सदस्य के अनुपस्थित होने की दशा में, चयन की कार्यवाही को अविधिक नहीं किया जायेगा।

11. चयन किये गये अभ्यर्थियों का प्रवेश—(1) महाविद्यालय का प्रधानाचार्य ऐसे प्रत्येक अभ्यर्थी को, जिसका नाम नियम 10 के उपनियम (5) के अधीन तैयार की गयी सूची में सम्मिलित किया गया है, को यथा शीघ्र पंजीकृत डाक द्वारा सूचना प्रेषित करेगा और वह अभ्यर्थी डाक घर में सूचना के पंजीयन की तारीख के पन्द्रह दिन के भीतर उस महाविद्यालय में प्रवेशले लेगा तथा उसके ऐसा करने में असफल होने पर वह प्रवेश पाने का दावे का समपहरण कर लेगा।

(2) Where any seat falls vacant under sub-rule (1) it may be filled by the admission of a candidate out of the candidates in serial order included in the list prepared under sub-rule (6) of Rule 10.

12. Medical Certificate.—Every candidate selected under Rule 10 shall have to furnish, before admission, a certificate given or countersigned by the Chief Medical Officer in which it should be clearly mentioned that the candidate does not stammer and on account of any disease of the ear, the eye or any other limb, is not unfit to be a teacher.

13. Disqualification for admission in certain cases.—Notwithstanding anything in these Rules where it is discovered that a candidate has been punished on account of using unfair means in any examination or has been expelled from any educational institution the Principal of the college may, subject to the approval of the Vice-Chancellor of the University, refuse to admit such candidate.

CHAPTER III

ADMISSION TO M.Ed. CLASSES

14. Introductory.—The provisions of this Chapter shall apply for admission to a course of instruction in M.Ed. classes only in any college.

15. Academic qualifications for admission.—(1) No person shall be admitted in any college unless he has passed an examination for the degree of B.Ed. conducted by a University established by law or an examination for the diploma of recognised B.T. or L.T.

(2) Only those applications for admission to M.Ed. will be considered where the candidates, according to the statutes of the concerned University, fulfil all other qualifications except M.Ed., for appointment as a lecturer in B.A. (Education) or in the B.Ed. department in the degree colleges of the State.

16. Admission according to merit.—Candidates shall be admitted strictly in order of merit on the basis of percentage of marks obtained in the B.Ed. or its equivalent other recognised examinations, full marks obtained in the theory and fifty per cent marks obtained in the practical examination shall be considered in calculating the percentage.

Illustration.—If a candidates has secured 240 marks out of 500 in the Theory and 140 marks out of 200 in the Practical Examination, there for the sake of calculation, the full marks obtained by him will be 240 + (140/2 or 70) = 310 and his percentage will be 44.28 (310 + 100)/700.

17. Application of Rules of Chapter II.—The provisions of Rules 4, 5, 6, 9, 10, 11, 13 shall *mutatis mutandis* apply to admission under this Chapter also.

(2) जहाँ उपनियम (1) के अधीन कोई पद रिक्त होता है तो उसे नियम 10 के उपनियम (6) के अधीन तैयार की गयी सूची में सम्मिलित क्रम संख्या में अभ्यर्थियों में से अभ्यर्थी के प्रवेश द्वारा भरा जा सकेगा।

12. चिकित्सीय प्रमाण-पत्र—नियम 10 के अधीन चयन किये गये प्रत्येक अभ्यर्थी को, प्रवेश के पूर्व, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त अथवा प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र प्रदान करना होगा जिसमें इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए कि अभ्यर्थी नहीं हकलाता है और वह कान, आँख अथवा अन्य किसी अंग के रोग के कारण अध्यापक बनने के लिए अनुपयुक्त नहीं है।

13. कतिपय वादों में प्रवेश के लिए अनर्हता—इन नियमों में किसी भी बात के होते हुए, जहाँ इस बात का पता चलता है कि अभ्यर्थी को किसी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने के कारण दण्डित किया गया है अथवा उसे किसी शैक्षिक संस्था से निकाल दिया गया है तो उस महाविद्यालय का प्रधानाचार्य, विश्वविद्यालय के उपकुलपति के पूर्वानुमोदन से ऐसे अभ्यर्थी को प्रवेश देने से इन्कार कर सकेगा।

अध्याय 3

एम० एड० की कक्षाओं में प्रवेश

14. प्रारंभिक—इस अध्याय के प्रावधान किसी महाविद्यालय में केवल एम० एड० की कक्षाओं में शिक्षा के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए लागू होंगे।

15. प्रवेश के लिए शैक्षिक अर्हताएँ—(1) किसी भी व्यक्ति को किसी भी महाविद्यालय में तब तक प्रवेश नहीं दिया जायेगा जब कि उसने विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बी० एड० की उपाधि के लिए परीक्षा अथवा मान्यता प्राप्त बी० टी० अथवा एल० टी० के डिप्लोमा की परीक्षा को उत्तीर्ण न कर लिया हो।

(2) एम० एड० में प्रवेश के लिए केवल उन आवेदनों पर ही विचार किया जायेगा जहाँ अभ्यर्थीगण, सम्बन्धित विश्वविद्यालय के परिनियमों के अनुसार, एम० एड० को छोड़कर राज्य के डिग्री कालेजों में बी० ए० (शिक्षा) अथवा बी० एड० विभाग में अध्यापक के रूप में नियुक्ति हेतु अन्य सभी अर्हताओं को पूरा करते हों।

16. मेरिट के अनुसार प्रवेश—अभ्यर्थियों को बी० एड० में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर अथवा उसके समकक्ष अन्य मान्यता प्राप्त परीक्षाओं के आधार पर ही नियमत: मेरिट के क्रम में ही प्रवेश दिया जायेगा, सैद्धान्तिक प्रश्न में प्राप्त पूर्ण अंक और व्यावहारिक परीक्षा में प्राप्त 50% अंकों पर प्रतिशत की संगणना करने में विचार किया जायेगा।

दृष्टान्त—यदि अभ्यर्थी ने सैद्धान्तिक प्रश्न में 500 में से 240 अंक और व्यावहारिक परीक्षा में 200 में से 140 अंक प्राप्त किये हैं तो संगणना के लिए उसके द्वारा प्राप्त पूर्ण अंक 240 (140/2 अथवा 70) = 310 होंगे और उसका प्रतिशत 44.28 (310 + 100)/700 होगा।

17. अध्याय 2 के नियमों का उपयोजन—नियम 4, 5, 6, 9, 10, 11, 13 के प्रावधान यथा आवश्यक परिवर्तन के साथ इस अध्याय के अधीन भी प्रवेश के लिए लागू होंगे।

UTTAR PRADESH STATE UNIVERSITIES (RESERVATION IN ADMISSION FOR SCHEDULED CASTES, SCHEDULED TRIBES AND OTHER BACKWARD CLASSES) ORDER, 1994[1]

In exercise of the powers under Clause (a) of sub-section (5) of Section 28 of the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973 (President's Act No. 10 of 1973 as amended and re-enacted by U.P. Act No. 29 of 1974), the Governor is pleased to make the following order :

1. (1) This order may be called the Uttar Pradesh State Universities (Reservation in Admission for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Order, 1994.

(2) It shall come into force at once.

2. [2] [(1)] Subject to the provisions of sub-section (5) of Section 28 of the Uttar Pradesh States Universities Act, 1973, with effect from the academic Session of 1994-95, following percentages of seats in any course of study in a University, Institute, Constituent College, Affiliated College or Associated College shall be reserved for admission for the candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes of citizens, namely :

Scheduled Castes	Twenty-one per cent
Scheduled Tribes	Two per cent
Other Backward Classes of citizens	Twenty-seven per cent

Provided that where any University has provided for Reservation in admissions in favour of any other category of candidates than those referred to above, the candidate selected for admission on the basis of such reservation shall be placed in the appropriate category to which he belongs. For example, if a candidate, selected for admission to any course of study on the basis of reservation in favour of sports person, belongs to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes or Other Backward Classes, he will be placed in the respective category to which he belongs by making necessary adjustments and similarly, if he belongs to general category, he will be placed in that category after making necessary adjustment :

Provided further that the seats, if any, reserved under any other law for the time being in force, or under any order of the Government of India, for the students belonging to any other State, shall not be included in the total number of seats for the purpose of computing the percentages under this paragraph.

Explanation.—For the purposes of this order the term general category, means the category other than those referred to in paragraph 2.

---

1. *Vide* Noti No. 2638/XV-X-94-15 (66)-89, dated July 20, 1994. Published in the U.P. Gazette, Extra., Part 4, Section (Kha), dated 20th July, 1994.
2. Renumbered by Noti No. 3509/XV-10-94-15 (66)-89, dated 30-8-1994 (w.e.f. 30-8-1994).

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए प्रवेश में आरक्षण) आदेश, 1994[1]

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (1974 के उ० प्र० अधिनियम संख्यांक 29 द्वारा यथा संशोधित और पुन: अधिनियमित वर्ष 1973 के राष्ट्रपति का अधिनियम संख्यांक 10) की धारा 28 की उक्त धारा 5 के खण्ड (क) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल महोदय ने निम्नलिखित आदेश को करने में संतोष का अनुभव किया है—

1. (1) इस आदेश को उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछले वर्गों के लिए प्रवेश में आरक्षण) आदेश, 1994 के नाम से जाना जा सकेगा।

(2) यह तत्काल प्रभाव में आ जायेगा।

2. [2][(1)] उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 28 की उक्त धारा 5 के प्रावधानों के अध्यधीन, वर्ष 1994-95 के शैक्षिक सत्र से, किसी विश्वविद्यालय संस्था, संघटक महाविद्यालय, संबद्ध महाविद्यालय अथवा सहयुक्त महाविद्यालय में अध्ययन के किसी भी पाठ्यक्रम में सीटों में निम्नलिखित प्रतिशत को नागरिकों के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के प्रवेश के लिए आरक्षित किया जायेगा, अर्थात्—

अनुसूचित जाति	21 प्रतिशत
अनुसूचित जनजातियों	02 प्रतिशत
नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग	27 प्रतिशत

परन्तु यह कि जहाँ किसी भी विश्वविद्यालय ने उपरोक्त निर्दिष्ट कोटियों को छोड़कर अभ्यर्थियों को अन्य किसी कोटि के पक्ष में प्रवेश के लिए आरक्षण का प्रावधान किया है, तो वहाँ उस आरक्षण के आधार पर प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थी को ऐसी कोटि में रखा जायेगा जिससे उसका सम्बन्ध है। उदाहरण के लिए, यदि किसी खिलाड़ी व्यक्ति के पक्ष में आरक्षण के आधार पर अध्ययन के किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चयन किया गया अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़े वर्गों का है तो उसे क्रमश: उस कोटि में आवश्यक समायोजनों को करके रखा जायेगा जिसका वह है और यदि वह सामान्य कोटि का है तो उसे आवश्यक समायोजन करने के पश्चात् उस कोटि में रखा जायेगा :

परन्तु अग्रेतर यह कि तत्समय प्रवृत्त अन्य किसी विधि के अधीन अथवा भारत सरकार के किसी भी आदेश के अधीन अन्य किसी राज्य के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित पदों को, यदि कोई हो, इस पैराग्राफ के अधीन प्रतिशत की संगणना करने के प्रयोजनार्थ सीटों की कुल संख्या में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

स्पष्टीकरण—इस आदेश के प्रयोजनों के लिए, पद सामान्य कोटि का अभिप्राय पैराग्राफ 2 में निर्दिष्ट कोटियों को छोड़कर अन्य कोटि से है।

---

1. देखें, दिनांक 20 जुलाई, 1994 के उत्तर प्रदेश गजट, असाधारण, भाग 4 अनुभाग (ख) में प्रकाशित दिनांक 20 जुलाई, 1994 की अधिसूचना संख्या 2638/XV-X-94-15(66)-89।
2. दिनांक 30-8-1994 की अधिसूचना संख्या 3509/XV-10-94-15(66)-89 द्वारा पुनर्संख्यांकित 30-8-1994 से प्रभावी।

[1][(2) The reservation in admission as provided in sub-paragraph (1) shall also apply in any course of study in an University, Institute or such College in respect of any academic session, prior to academic session 1994-95, for which admissions are to be made.]

3. If eligible candidates belonging to the Scheduled Tribes are not available to fill in the seat reserved for them under paragraph 2, such seat shall in be filled by candidates belonging to the Scheduled Castes.

4. Subject to paragraph 3, where due to non-availability of eligible candidates any of the seats reserved under paragraph 2, remains unfilled, it shall be filled in by candidate of general category.

Explanation.—For the purposes of paragraphs 3 and 4 it is clarified that a candidate belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes or Other Backward Classes of citizens shall not be ineligible if he fails to secure the minimum qualifying marks, if any, at any admission test or under any norm relating to admissions.

5. If a candidate belonging to any of the categories mentioned in paragraph 2 gets selected for admission on the basis of merit with general category candidates, he shall not be adjusted against the seats reserved for such category under paragraph 2.

6. The teachers, belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes or Other Backward Classes of citizens shall, so far as possible, be given representation in the admission committees to ensure fair admissions.

7. The Chairperson of the Admission Committee and the Vice-Chancellor in the case of University and such Chairperson and the Head of Institution in any other case, shall be responsible for due observance of this order.

8. Whoever wilfully acts in a manner intended to contravene or defeat the purposes of this order shall, on conviction, be punishable with imprisonment which may extend to three months or with fine which may extend to one thousand rupees or with both.

---

1. Ins. by Noti. No. 3509/XV-10-94-15 (66)-89, dated 30-8-1994 (w.e.f. 30-8-1994).

[1][(2) उक्त पैराग्राफ (1) ने यथा उपबन्धित प्रवेश में आरक्षण उस शैक्षिक सत्र 1994-95 के पूर्व, किसी शैक्षिक सत्र के सम्बन्ध में, जिसके लिए प्रवेश किया जाना है, विश्वविद्यालय संस्था या उस महाविद्यालय, जिसके लिए प्रवेश किया जाना है, में अध्ययन के किसी भी पाठ्यक्रम के लिए लागू होगा]।

3. यदि अनुसूचित जनजातियों के पात्र अभ्यर्थी पैराग्राफ 2 के अधीन उनके लिए आरक्षित पद को भरने हेतु उपलब्ध नहीं है तो वह पद अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जायेगा।

4. पैराग्राफ 3 के अध्यधीन, जहाँ पात्र अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण, पैराग्राफ 2 के अधीन आरक्षित पदों में से कोई बिना भरा ही रह जाता है तो सामान्य कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जायेगा।

स्पष्टीकरण—पैरा 3 तथा 4 के प्रयोजनों के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों का अभ्यर्थी उस दशा में अपात्र नहीं है जब वह न्यूनतम अर्हकारी अंकों, यदि कोई हो, को किसी प्रवेश परीक्षा के समय या प्रवेशों के सम्बन्ध में किसी मानक के अधीन प्राप्त करने में विफल हो गया हो।

5. यदि पैराग्राफ 2 में उल्लिखित कोटियों में से किसी का कोई अभ्यर्थी सामान्य कोटि के अभ्यर्थियों के साथ मैरिट के आधार पर प्रवेश के लिए चयनित होता है तो उसे पैराग्राफ 2 के अधीन उस कोटि के लिए आरक्षित पदों से समायोजित नहीं किया जायेगा।

6. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अथवा नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों के अध्यापकों, जहाँ तक सम्भव हो, को निष्पक्ष प्रवेश को सुनिश्चित करने के लिए प्रवेश समितियों में प्रतिनिधित्व प्रदान किया जायेगा।

7. प्रवेश समिति का अध्यक्ष और किसी विश्वविद्यालय की दशा में उपकुलपति तथा वह अध्यक्ष एवं अन्य किसी भी दशा में संस्था का प्रधान इस आदेश के सम्यक पालन के लिए उत्तरदायी होगा।

8. जो कोई इच्छापूर्ण ढंग से ऐसी किसी रीति से कार्य करता है जो इस आदेश के प्रयोजनों का उल्लंघन कारित करने या उसे विफल बनाने के लिए आशयित है, दोषसिद्धि होने पर कारावास, जो 3 माह तक हो सकेगा या अर्थदण्ड से, जो एक हजार रुपये तक हो सकेगा अथवा दोनों से दण्डनीय होगा।

------

1. दिनांक 30-8-1994 की अधिसूचना संख्या 3509/XV-10-94-15(66)-89 द्वारा अन्तःस्थापित 30-8-1994 से प्रभावी।

THE UTTAR PRADESH STATE UNIVERSITIES (VALIDATION OF APPOINTMENTS) ACT, 1984[1]

[U. P. Act No. 18 of 1984]

(As passed by the Uttar Pradesh Legislature)

An Act to validate certain appointments, made in the State Universities

It is hereby enacted in the Thirty-fifth year of the Republic of India as follows :

1. Short title and commencement.—(1) This Act may be called the Uttar Pradesh State Universities (Validation of Appointments) Act, 1984.

(2) It shall be deemed to have come into force on August 16, 1984.

2. Validation of appointments.—Notwithstanding any judgment, decree or order of any Court or order of any officer or authority or anything contained in the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973 or Statutes framed thereunder, the appointment of every teacher made in any University governed by the said Act or in any affiliated or associated college thereof during the period July 1, 1978 and the date of commencement of this act, in excess of the number of posts advertised, shall be and be deemed always to have been valid and validity of such appointments shall not be called in question before any Court, tribunal, officer or authority merely on the ground that the post was not separately advertised or that the prescribed procedure was not followed.

3. Repeal and savings.—(1) The Uttar Pradesh State Universities (Validation of Appointment) Ordinance, 1984 (U.P. Ordinance No. 16 of 1984) is hereby repealed.

(2) Notwithstanding such repeal, anything done or any action taken under the Ordinance referred to in sub-section (1), shall be deemed to have been done or taken under this Act, as if this Act were in force at all material times.

---

1. Received the assent of the Governor on September 29, 1984 and published in U.P. Gazette, Extra., dated 1st October, 1984.

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (नियुक्तियों का वैधकरण) अधिनियम, 1984[1]

(1984 का उ० प्र० अधिनियम संख्या 18)

(उत्तर प्रदेश विधानमण्डल द्वारा यथा पारित)

राज्य विश्वविद्यालयों में की गयी कतिपय नियुक्तियों को वैधकृत करने का अधिनियम

भारतगण राज्य के पैंतीसवें वर्ष में एतद्द्वारा निम्नलिखित रूप में अधिनियमित किया जाता है—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ—(1) इस अधिनियम को उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (नियुक्तियों का वैधकरण) अधिनियम, 1984 के रूप में जाना जा सकेगा।

(2) इसका 16 अगस्त, 1984 को प्रभावी होना समझा जायेगा।

2. नियुक्तियों का वैधकरण—किसी भी न्यायालय के किसी भी निर्णय, डिक्री या आदेश के अथवा किसी अधिकारी या प्राधिकारी के आदेश अथवा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 अथवा उसके अधीन बनाये गये परिनियमों में अन्तर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए, उक्त अधिनियम द्वारा शासित किसी भी विश्वविद्यालय में अथवा 1 जुलाई, 1978 की अवधि के दौरान उसके किसी भी सम्बद्ध अथवा सहयुक्त महाविद्यालय में विज्ञापित पदों की संख्या के अतिरिक्त की गयी प्रत्येक अध्यापक की नियुक्ति इस कृत्य के प्रारंभ होने की तारीख से वैध होगी और उसका सदैव वैध होना समझा जायेगा और ऐसी नियुक्तियों की वैधता को मात्र इस आधार पर किसी भी न्यायालय, अधिकरण, अधिकारी अथवा प्राधिकारी के समक्ष प्रश्नगत नहीं किया जायेगा कि वह पद पृथक रूप से विज्ञापित नहीं किया गया था अथवा यह कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था।

3. निरसन और व्यावृत्तियाँ—उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (नियुक्तियों का वैधकरण) अध्यादेश, 1984 (1984 का उ० प्र० अध्यादेश संख्या 16) एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

(2) इस निरसन के होते हुए, उपधारा (1) में निर्दिष्ट अध्यादेश के अधीन किया गया कोई भी कार्य अथवा की गयी किसी भी कार्रवाई का इस अधिनियम के अधीन उसी प्रकार से किया जाना समझा जायेगा मानों यह अधिनियम सभी सुसंगत समयों पर प्रवृत्त था।

---

1. 29 सितम्बर, 1984 को राज्यपाल महोदय की स्वीकृति प्राप्त हुई और दिनांक 1 अक्टूबर, 1984 के उ० प्र० गजट, असाधारण में प्रकाशित किया गया।

THE UTTAR PRADESH STATE UNIVERSITIES (REGULATION OF ADMISSION TO COURSES OF INSTRUCTION FOR DEGREE IN EDUCATION IN AFFILIATED ASSOCIATED AND CONSTITUENT COLLEGES) ORDER, 1987[1]

In exercise of the powers under sub-section (5) of Section 28 of the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973 as amended and re-enacted by the Uttar Pradesh Universities (Re-enactment and Amendment) Act, 1974 (U.P. Act No. 29 of 1974) and in supersession of all previous Rules and Orders issued in this behalf, the Governor is pleased to make the following order—

CHAPTER I

GENERAL

1. Short title and commencement.—(i) These orders may be called the Uttar Pradesh State Universities (Regulation of Admission to Courses of Instruction for Degree in Education in Affiliated, Associated and Constituent Colleges) Order, 1987.

(ii) They shall come into force with effect from the academic session 1987-88.

2. Definitions.—In these orders unless the context otherwise requires—

(a) *"Act"* means the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973 as amended and re-enacted by the Uttar Pradesh Universities (Re-enactment and Amendment) Act, 1974;

(b) *"College"* means such college as is duly affiliated to or associated with or constitutent of a University established under the Act;

(c) *"Course of Instruction"* means such course of instruction as is imparted in a college for preparing students for admission to examination for B.Ed. or as the case may be, M.Ed. degree conducted by the University to which such college is affiliated or associated constituent;

(d) *"University"* means the University to or with which the college where admissions to a course of instruction is sought or made is affiliated or associated or constituent.

CHPATER II

ADMISSION TO B.Ed. CLASSES

3. Qualifications for admission and the responsibility of preparing the merit list.—[2][“(1) The minimum educational qualification requisite for the admission in B.Ed. Classes shall be—

---

1. *Vide* Noti. No. 451/XV-11-87-3 (58)-79, dated 5 May, 1987. Published in U.P. Gazette, Extra., Part-4, Section (ka), dated 5 May, 1987.
2. Para 3 sub-para (1) subs. by Noti. No. 416/LX-2-2007-3 (58)-79, dated 1 February, 2007. Published in U.P. Gazette, Extra., Part-4, Section (ka), dated 1, February, 2007.

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (सम्बद्ध, सहयुक्त और संघटक महाविद्यालयों में शिक्षा में उपाधि के लिए शिक्षा के पाठ्यक्रमों में प्रवेश का विनियमन) आदेश, 1987[1]

उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय (पुन: अधिनियमितीकरण और संशोधन) अधिनियम, 1974 (1974 का उ० प्र० "अधिनियम" संख्या 29) द्वारा यथा संशोधित और पुन: अधिनियमित उ० प्र० राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 28 की उपधारा (5) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस निमित्त जारी सभी पूर्व नियमों तथा आदेशों के अधिक्रमण में, माननीय राज्यपाल महोदय ने निम्नलिखित आदेश को करने में संतोष का अनुभव किया है।

अध्याय 1
सामान्य

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ—(1) इन आदेशों को उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (सम्बद्ध, सहयुक्त और संघटक महाविद्यालयों में शिक्षा में उपाधि के लिए शिक्षा के पाठ्यक्रमों में प्रवेश का विनियमन) आदेश, 1987 के नाम से जाना जा सकेगा।

(2) ये शैक्षिक सत्र 1987-88 से प्रभाव में आयेंगे।

2. परिभाषाएँ—इन आदेशों में जब तक प्रसंग में अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) *"अधिनियम"* उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय (पुन: अधिनियमितीकरण और संशोधन) अधिनियम, 1974 द्वारा यथा संशोधित और पुन: अधिनियमित उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 से अभिप्रेत है;

(ख) *"महाविद्यालय"* ऐसे महाविद्यालय से अभिप्रेत है जो अधिनियम के अधीन स्थापित विश्वविद्यालय से सम्यक रूप से, अथवा सहयुक्त है अथवा उसका संघटक है;

(ग) *"शिक्षा का पाठ्यक्रम"* ऐसे शिक्षा के पाठ्यक्रम से अभिप्रेत है जिसे महाविद्यालय में उस विश्वविद्यालय द्वारा संचालित, जिससे वह महाविद्यालय समबद्ध या सहयुक्त या उसका संघटक है, बी० एड०, अथवा जैसा विषय हो, एम० एड० की परीक्षा में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए महाविद्यालय में प्रदान किया जाता है;

(घ) *"विश्वविद्यालय"* ऐसे विश्वविद्यालय से अभिप्रेत है जिससे वह महाविद्यालय जहाँ शिक्षा के पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश की मांग की जाती है या प्रवेश किया जाता है, सम्बद्ध या सहयुक्त या संघटक है।

अध्याय 2
बी० एड० की कक्षाओं में प्रवेश

3. प्रवेश की अर्हताएँ और मेरिट सूची तैयार करने का उत्तरदायित्व—[2][(1) बी० एड० की कक्षाओं में प्रवेश के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता निम्न होगी—

---

1. देखें : दिनांक 5 मई, 1987 के उ० प्र० गजट, असाधारण, भाग-4, अनुभाग (क) में प्रकाशित दिनांक 5 मई, 1987 की अधिसूचना संख्या 451/XV-11-87-3(58)-79।
2. दिनांक 1 फरवरी, 2007 के उ० प्र० गजट, असाधारण, भाग 4, अनुभाग(क) में प्रकाशित दिनांक 1 फरवरी, 2007 की अधिसूचना संख्या 416/LX-2-2007-3 (58)-79 द्वारा पैरा 3 के उप-पैरा (1) को प्रतिस्थापित किया गया।

(a) a graduate or post graduate degree of University established by law in case of candidates belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes, and

(b) a graduate or post graduate degree of University established by law with a minimum of 50% marks in case of other candidates.

(2) It will be the responsibility of the State University conducting entrance test to prepare the merit list for admission to B.Ed. Courses in an affiliated, associated or a constitutent college. Admissions shall be made according to the merit list so prepared, unless a candidate is found in eligible for admission under sub-para (3) of Para 12."

4. Maximum number approved for admission to B.Ed. Classes.—(1) The maximum number of students to be admitted in every college shall be such, as may be, prescribed by the Vice-Chancellor of the University and no person shall be admitted in excess of such number in any case. In prescribing the maximum number of students to be admitted the Vice-Chancellor shall take into account the teachers available in the college concerned for B.Ed. instructions so as to maintain the teacher-pupil ratio at 1 : 15.

(2) (a) Number of seats for admission to Science graduates for B.Ed. training will be allotted by the Vice-Chancellor on the basis of availability of Science teachers in the B.Ed. Department so that teacher-pupil ratio is maintained at 1 : 15 provided such college fulfills the following conditions :

It has Science classes up to B.Sc. Standard.

or

It has high school standard science laboratory in the B.Ed. department itself.

or

The school in which actual teaching training is given has science recognition of high school standard.

(b) The colleges, other than the colleges mentioned in clause (a) recognised for B.Ed. training shall not admit Science graduates even if it has science teachers on its B.Ed. staff.

(3) The admissions in the candidates of outside states shall be given up to 5 per cent if such candidates are eligible for admission on the basis of merit list prepared under para 3. If the eligible candidates of other states on the basis of merit list are not available for admission the seats so reserved for them shall be filled by general candidates.

5. Reservation of Seats.—In every college, researvation of seats for admission to B.Ed. classes shall in relation to the total number of seats in such college be made in favour of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, Backward Castes and Handicapped candidates to the extent of 18 per cent, 2 per cent, 10 per cent and 2 per cent respectively :

Provided that where sufficient number of eligible candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Backward Castes and handicapped candidates is not available for admission such seats as are preserved for them and remain unfilled shall be filled by the general candidates.

(क) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों की दशा में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय की स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि, और

(ख) अन्य अभ्यर्थियों की दशा में 50 प्रतिशत के न्यूनतम अंक के साथ विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय की स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि।

(2) किसी सम्बद्ध, सहयुक्त या संघटक महाविद्यालय में बी० एड० के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए मेरिट सूची तैयार करने हेतु प्रवेश परीक्षा को संचालित करना राज्य विश्वविद्यालय का उत्तरदायित्व होगा। प्रवेश को इस प्रकार तैयार की गयी मेरिट सूची के अनुसार तैयार किया जायेगा जब तक कि पैरा 12 के उप-पैरा (3) के अधीन प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को अपात्र न पाया जाये।]

4. बी० एड० की कक्षाओं में प्रवेश के लिए अनुमोदित अधिकतम संख्या—(1) प्रत्येक महाविद्यालय में प्रवेश कराये जाने वाले विद्यार्थियों की अधिकतम संख्या उतनी होगी जितनी उस विश्वविद्यालय के उपकुलपति द्वारा निर्धारित की जाये और किसी भी व्यक्ति को किसी भी दशा में उस संख्या से अधिक भर्ती नहीं किया जायेगा। प्रवेश दिलाये जाने वाले विद्यार्थियों की अधिकतम संख्या को निर्धारित करने में उपकुलपति बी० एड० के शिक्षा निर्देशों के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय में उपलब्ध अध्यापकों पर विचार करेगा जिससे कि अध्यापक- शिष्य का अनुपात 1:15 पर बरकरार रखा जा सके।

(2) (क) बी० एड० के प्रशिक्षण के लिए विज्ञान स्नातकों के प्रवेश हेतु सीटों की संख्या उपकुलपति द्वारा बी० एड० विभाग में विज्ञान अध्यापकों की उपलब्धता के आधार पर आवंटित की जायेगी ताकि अध्यापक-शिष्य अनुपात को 1:15 पर बनाये रखा जाये बशर्ते वह महाविद्यालय निम्नलिखित शर्तों को पूरा कर दे :

उसमें बी० एस० सी० स्तर तक विज्ञान की कक्षाएं हैं।

अथवा

उसमें स्वयं बी० एड० विभाग में ही हाईस्कूल स्तर तक की विज्ञान प्रयोगशाला है।

अथवा

यह विद्यालय, जिसमें वास्तविक अध्यापन दिया जाता है, में हाईस्कूल स्तर की विज्ञान की मान्यता प्राप्त है।

(ख) बी० एड० के प्रशिक्षण के लिए मान्यता प्राप्त, खण्ड (क) में उल्लिखित महाविद्यालयों को छोड़कर अन्य महाविद्यालय विज्ञान स्नातकों को प्रवेश नहीं देंगे भले ही उसके पास अपने बी० एड० स्टाफ में विज्ञान अध्यापक क्यों न हो।

(3) बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों को प्रवेश उस समय 5 प्रतिशत तक प्रदान किया जायेगा जब वह अभ्यर्थी पैरा 3 के अधीन तैयार की गयी मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश के पात्र हो। यदि मेरिट सूची के आधार पर अन्य राज्यों के पात्र अभ्यर्थी प्रवेश के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो उनके लिए इस प्रकार आरक्षित सीटों को सामान्य अभ्यर्थियों द्वारा भरा जायेगा।

5. सीटों का आरक्षण—प्रत्येक महाविद्यालय में बी० एड० की कक्षाओं में प्रवेश के लिए सीटों का आरक्षण अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति और विकलांग अभ्यर्थियों के पक्ष में क्रमशः 18 प्रतिशत, 2 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और 2 प्रतिशत की सीमा तक, उस महाविद्यालय में सीटों की कुल संख्या के सम्बन्ध में किया जायेगा :

परंतु यह कि जहाँ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति और विकलांग अभ्यर्थियों में से पात्र अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या प्रवेश के लिए उपलब्ध नहीं है तो ऐसी सीटें जिन्हें उनके लिए परिरक्षित किया गया है और जो अभी भरी जानी शेष है, सामान्य अभ्यर्थियों द्वारा भरी जायेंगी।

Note.—A handicapped candidate shall have to submit along with his application a certificate from the Chief Medical Officer of the district to the effect that though he is handicapped he is not dumb, deaf, does not stammer, or does not suffer from skin disease or any other disease which is likely to spread among children or cause hindrance in class teaching.

6. Application for admission.—[1]["(1) Every candidate for admission of B.Ed. classes shall apply in the manner hereinafter provided in the prescribed form to be obtained from the office of the Registrar of the State University conducting entrance test or other prescribed places on prescribed fee. The last date for applying for admission shall ordinarily be the 31st day of May or such date in the month of June as the State University conducting entrance test may prescribe."

(2) The candidate shall send the application form by Registered post to the Registrar of the State University conducting entrance test.

(3) No application received in the office of the Registrar after such date as may be prescribed by the State University conducting entrance test in this behalf shall be entertained."

7. Examination for Admission.—[2]["Joint Entrance Examination will be conducted by a State University authorised by the State Government for admission to B.Ed. courses in each academic session. The date of examination will be determined by the State Government.

(a) in case the entrance examination for admission to B.Ed. Course is conducted by the State Level Association of self-financing institution, the date of this examination shall be other than the date of examination conducted by the State University."]

8. Examination Fee.—[3]["The examination fee for B.Ed. admission will be fixed with previous sanction of State Government, which shall be charged by the State University conducting entrance test."]

9. Courses for Examination and qualifying marks.—(1) 'There shall be following two papers in the admission examination.

Subject	*Marks*	*Time*
(a) Language and General Knowledge.	200	3 hours
(b) Aptitude test in which there shall be separate questions for Arts, Science and Commerce students.	200	3 hours

(2) Candidate securing at least 40 per cent marks in each paper shall be eligible for admission in B.Ed. Courses.

---

1. Para 6 subs. by Noti. No. 416/LXX-2-2007-3 (58)-79, dated 1 February, 2007. Published in U.P. Gazette, Extra., Part-4, Section (ka),dated 1 February, 2007.
2. Paras 7 and 8 subs. by Notification No. 416/LXX-2-2007-3 (58)-79, dated 1 February, 2007. Published in U.P. Gazette, Extra., Para-4, Section (ka), dated 1 February, 2007.
3. Paras 7 and 8 subs. by Noti. No. 416/LXX-2-2007-3 (58)-79, dated 1 February, 2007. Published in U.P. Gazette, Extra., Part-4, Section (ka), dated 1 February, 2007.

टिप्पण—विकलांग अभ्यर्थी को जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी से इस विषयक प्रमाण-पत्र को अपने आवेदन के साथ दाखिल करना पड़ेगा कि यद्यपि वह विकलांग है, लेकिन फिर भी वह मूक, बधिर नहीं है, हकलाता नहीं है अथवा त्वचा रोग से या ऐसे किसी अन्य रोग से पीड़ित नहीं है जिसका बच्चों के मध्य फैलना अथवा कक्षा अध्यापन में अवरोध कारित करना संभाव्य हो।

6. प्रवेश के लिए आवेदन—[1][(1) बी० एड० की कक्षाओं के प्रवेश के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा को आयोजित कर रहे राज्य विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के कार्यालय से या निर्धारित शुल्क पर अन्य निर्धारित स्थान से प्राप्त किये जाने वाले निर्धारित प्ररूप में एतद्पश्चात् उपबन्धित रीति से आवेदन करना होगा। प्रवेश के लिए आवेदन करने की तारीख साधारणतया मई का 31वां दिवस अथवा जून के माह में ऐसी तारीख होगी जिसे प्रवेश परीक्षा आयोजित करने वाला राज्य विश्वविद्यालय निर्धारित कर सकेगा।

(2) अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा को आयोजित करने वाले राज्य विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के समक्ष पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन प्ररूप को प्रेषित करेगा।

(3) उस तारीख के पश्चात् जिसे प्रवेश परीक्षा आयोजित करने वाला राज्य विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किया जा सकेगा, के पश्चात् रजिस्ट्रार के कार्यालय में प्राप्त किसी भी आवेदन को ग्रहण नहीं किया जा सकेगा।]

7. प्रवेश की परीक्षा—[2][प्रत्येक शैक्षिक सत्र के लिए बी० एड० के पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश हेतु राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत राज्य विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा संचालित की जायेगी। परीक्षा की तारीख को राज्य सरकार द्वारा नियत किया जायेगा।

(क) यदि बी० एड० पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा को स्वपोषित संस्था के राज्य स्तर के एसोसिएशन द्वारा संचालित किया जाता है तो इस परीक्षा की तारीख राज्य विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षा की तारीख के पश्चात् होगी।]

8. परीक्षा शुल्क—[3][बी० एड० के प्रवेश के लिए परीक्षा शुल्क राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से नियत किया जायेगा जिसे प्रवेश परीक्षा आयोजित करने वाले राज्य विश्वविद्यालय द्वारा लिया जायेगा।]

9. परीक्षा के पाठ्यक्रम और अर्हकारी अंक—(1) प्रवेश परीक्षा में निम्नलिखित दो प्रश्नपत्र होंगे—

	विषय	अंक	समय
(क)	भाषा एवं सामान्य ज्ञान	200	3 घण्टे
(ख)	अभिरुचि की जाँच जिसमें कला, विज्ञान और वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए पृथक प्रश्न होंगे।	200	3 घण्टे

(2) प्रत्येक प्रश्न पत्र में कम से कम 40 प्रतिशत अंकों को प्राप्त करने वाला अभ्यर्थी बी० एड० के पाठ्यक्रमों में प्रवेश का पात्र होगा।

---

1. दिनांक 1 फरवरी, 2007 के उ० प्र० गजट, असाधारण, भाग 4, अनुभाग (क) में प्रकाशित दिनांक 1 फरवरी, 2007 को अधिसूचना संख्या 416/LXX-2-2007-3 (58)-79 द्वारा पैरा 6 को प्रतिस्थापित किया गया।
2. दिनांक 1 फरवरी, 2007 के उ० प्र० गजट, असाधारण, भाग 4, अनुभाग (क) में प्रकाशित दिनांक 1 फरवरी, 2007 की अधिसूचना संख्या 416/LXX-2-2007-3 (पैरा 58)-79 द्वारा पैरा 7 तथा 8 को प्रतिस्थापित किया गया।
3. दिनांक 1 फरवरी, 2007 के उ० प्र० गजट, असाधारण भाग 4, अनुभाग (क) में प्रकाशित दिनांक 1 फरवरी, 2007 की अधिसूचना संख्या 416/LXX-2-2007-3 (58)-79 द्वारा पैरा 7 तथा 8 को प्रतिस्थापित किया गया।

[1][**10. Examination Centre.**—The centres of the admission examination shall be decided by the State University conducting entrance test but efforts shall be made for minimum number of Examination centres. The institutions which have reputation for conducting fair examinations shall only be selected as examination centres.

11. Allotment of extra marks.—A candidate falling under any of the categories specified below shall on furnishing such certificates as may be specified by the University in that behalf be allotted extra marks indicated against each, but the total of extra marks thus obtained shall not exceed twenty-five.

(a) Candidates taking part in National or State level or Inter University games and sports competition,—

(i) In individual items candidate obtaining—

First position	—	15 marks
Second position	—	10 marks
Third position	—	5 marks

(ii) In the team items the candidates being member of—

Champion team	—	15 marks
Runners-up team	—	10 marks
Participating team	—	5 marks

(iii) In Inter-Collegiate tournament or games or athletic meet organised by the University candidate being—

Member or Champion team	—	10 marks
First position in individual item	—	10 marks

Notes.—(1) The candidates shall be given benefit of only one item under the item Nos. (i) to (iii) mentioned above.

(2) Certificates of participation in the National or State level games or sprts competitions issued by the Government Sports Department only shall be accepted.

(b) Male candidates obtaining 'C' Certificates and female candidates obtaining G-2 Certificates in the National Cadets Corps;	—	15 Marks
Or		
Male candidates obtaining (B) Certificates and female candidates obtaining 'G-1' Certificates;	—	10 Marks
Or		
Candidates serving for 240 hours and participating in two or more special camps in National Service Scheme;	—	15 Marks
Or		

1. Para 10 subs. by Noti. No. 416/LXX-2-2007-3 (58)-79, dated 1 February, 2007.

[1][**10. परीक्षा केन्द्र**—प्रवेश परीक्षा के केन्द्रों को प्रवेश परीक्षा संचालित करने वाले राज्य विश्वविद्यालय द्वारा तय किया जायेगा, लेकिन प्रयास यही होगा कि परीक्षा केन्द्रों की संख्या न्यूनतम हो संस्थाएं, जिनकी प्रतिष्ठा निष्पक्ष परीक्षाओं को कराने की है, को ही परीक्षा केन्द्रों के रूप में चुना जायेगा।

11. अतिरिक्त अंकों का आबंटन—निम्न विनिर्दिष्ट कोटियों में से किसी के भी अधीन आने वाला अभ्यर्थी, ऐसे प्रमाण-पत्रों के प्रदान करने पर, जिन्हें विश्वविद्यालय द्वारा उस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जा सकेगा, को प्रत्येक के सामने बताये गये अतिरिक्त अंकों को आबंटित किया जायेगा, लेकिन इस प्रकार प्राप्त अतिरिक्त अंकों का कुल योग पच्चीस से अधिक नहीं होगा।

(क) राष्ट्रीय या राज्य स्तर के अथवा अन्तर्विश्वविद्यालयीय खेलकूदों और क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थी—

(i) व्यक्तिक मदों में निम्न को प्राप्त करने वाला अभ्यर्थी—

प्रथम पोजीशन ... ... 15 अंक

द्वितीय पोजीशन ... ... 10 अंक

तृतीय पोजीशन ... ... 5 अंक

(ii) टीम मदों में निम्न के सदस्य के रूप में अभ्यर्थी—

चैम्पियन टीम ... ... 15 अंक

रनरअप टीम ... ... 10 अंक

प्रतिभागी टीम ... ... 5 अंक

(iii) अन्तर महाविद्यालयीय टुर्नामेण्ट या खेलकूदों या एथलेटिक्स खेलकूद में जिन्हें विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जाता है, अभ्यर्थी निम्न होने पर—

टीम सदस्य या चैम्पियन ... ... 10 अंक

व्यक्तिक टीम में प्रथम पोजीशन ... ... 10 अंक

टिप्पण—(1) अभ्यर्थीगण को उपरोक्त उल्लिखित मद संख्या (i) से (iii) के अधीन केवल एक मद के लाभ को ही प्रदान किया जायेगा।

(2) केवल सरकारी खेलकूद विभाग द्वारा जारी राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर के खेलकूदों या क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रमाण-पत्रों को स्वीकार किया जायेगा।

(ख) नेशनल कैडेट कोर में ''सी'' प्रमाण पत्र को प्राप्त करने वाले पुरुष अभ्यर्थी और जी-2 प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने वाली महिला अभ्यर्थी ... 15 अंक

अथवा

''बी'' प्रमाण-पत्र को प्राप्त करते हुए पुरुष अभ्यर्थी और जी-1 प्रमाण-पत्रों को प्राप्त करते हुए महिला अभ्यर्थी ... 10 अंक

अथवा

राष्ट्रीय सेवा योजना में 240 घण्टे के लिए सेवारत तक अथवा दो या अधिक विशेष कैम्पों में भाग लेने वाले अभ्यर्थी ... 15 अंक

अथवा

---

1. दिनांक 1 फरवरी, 2007 की अधिसूचना संख्या 416/LXX-2-2007-3 (58)-79 द्वारा पैरा 10 को प्रतिस्थापित किया गया।

Candidates serving for 240 hours and participating in one special camp in National Service Scheme;	—	10 Marks
Or		
Candidates serving for 240 hours in National Scheme;	—	5 Marks
Or		
The candidates getting National Prize in Scouts & Guides;	—	15 Marks
Or		
The candidates getting Governors prize in Scouts and Guides;	—	10 Marks
Or		
The candidate trained as 'DHRUVA PAD' or 'GURU PAD' in Scouts and Guides.	—	5 Marks

Notes.—The candidates shall be given benefit of only one item under the item mentioned above.

(c)	Candidates related to a freedom fighter as his son or daughter or his son's son or the unmarried daughter of son.	—	15 Marks
(d)	Candidates being defence employee in active service or demobilised or related to such an employee or to a disabled, deceased or traceless defence employee as his son, daughter or wife.	—	15 Marks
(e)	Candidates employed in Police or B.S.F. or P.A.C. or S.S.B. or L.T.B. or C.R.P. or Home Guard (the certificate of Home Guard should be countersigned by Senior Superintendent of Police or Superintendent of Police) or related to such an employee whether in active service or retired, disabled or deceased as his son or daughter.	—	15 Marks
(f)	Candidates being widow or divorced or abandoned women (such candidates should furnish legal certificates to this effect).	—	15 Marks
(g)	Teaching and non-teaching staff (only of approved institutions) or his/her son/daughter/wife/husband.	—	15 Marks

Notes.—(1) The certificate signed by Regional Higher Education Officer/District Inspector of School/Basic Shiksha Adhikari/Regional Inspectress or Girls School in case of 11 (G) mentioned above will be accepted.

(2) If a candidate gets more than 25 marks in the items mentioned in (a) to (g) above, he shall be given benefit of only 25 marks and not more.

राष्ट्रीय सेवायोजना में 240 घण्टे के लिए सेवारत और एक विशेष कैम्प में भाग लेते हुए अभ्यर्थी ... 10 अंक

अथवा

राष्ट्रीय योजना में 240 घण्टे के लिए सेवारत अभ्यर्थी ... 5 अंक

अथवा

स्काउट्स एण्ड गाइड्स में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ... 15 अंक

अथवा

स्काउट्स एण्ड गाइड में राज्यपाल महोदय के पुरस्कार को प्राप्त करते हुए अभ्यर्थी ... 15 अंक

अथवा

स्काउट्स एण्ड गाइड में "ध्रुव पद" अथवा "गुरू पद" के रूप में प्रशिक्षित अभ्यर्थी ... 5 अंक

टिप्पण—अभ्यर्थियों को उपरोक्त उल्लिखित मदों के अधीन केवल एक मद का लाभ प्रदान किया जायेगा।

(ग) अभ्यर्थी स्वतन्त्रता सेनानी का उसके पुत्र या पुत्री, पुत्र के पुत्र या पुत्र की अविवाहित पुत्री के रूप में रिश्तेदार ... 15 अंक

(घ) अभ्यर्थीगण सक्रिय सेवा अथवा समाप्त सेवा में प्रतिरक्षा कर्मचारी अथवा कर्मचारी या निर्योग्य व्यक्ति, मृत व्यक्ति का रिश्तेदार अथवा लापता प्रतिरक्षा कर्मचारी का उसके पुत्र, पुत्री के रूप में रिश्तेदार ... 15 अंक

(ङ) अभ्यर्थी पुलिस या बी० एस० एफ० या पी० ए० सी० या एस० एस० बी० या आई० टी० बी० या सी० आर० पी० या होमगार्ड में नियोजित हो, (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस अधीक्षक द्वारा होमगार्ड के प्रमाण-पत्र पर प्रतिहस्ताक्षर किया जाना चाहिए (अथवा ऐसे कर्मचारी का, चाहे वह सक्रिय सेवा में हो या सेवानिवृत्त या निर्योग्य या मृतक हो उसके पुत्र या पुत्री के रूप में रिश्तेदार ... 15 अंक

(च) विधवा या तलाक शुदा या परित्यक्त स्त्रियाँ होने के कारण (ऐसे अभ्यर्थियों को इस विषयक विधिक प्रमाण-पत्र जारी करने चाहिए ... 15 अंक

(छ) शिक्षण तथा गैर-शिक्षण कर्मचारिवृन्द (केवल अनुमोदित संस्था के) अथवा उसके पुत्र/पुत्री/पति ... 15 अंक

टिप्पण—(1) उपरोक्त उल्लिखित 11(छ) के वाद में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी/क्षेत्रीय बालिका विद्यालय निरीक्षिका द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र को स्वीकार किया जायेगा;

(2) यदि अभ्यर्थी को उपरोक्त (क) से (छ) में उल्लिखित मदों में 25 अंकों से अधिक प्राप्त होते हैं उन्हें केवल 25 अंक के लाभ को ही प्रदान किया जायेगा न कि उससे अधिक।

[1][12. **Preparation of merit list.**—(1) Separate merit lists for reserved and general seats shall be prepared on the basis of marks obtained in admission examination and the marks obtained under Para 11 mentioned above.

(2) If the marks obtained by two or more candidates on the basis of admission examination and Para 11 are equal, preference shall be given to the candidates of the same University conducting entrance test or of college affiliated or associated with or constituent of the same University. If still the marks are equal then candidate being elder will be given preference.

(ii) a college or a school or an institution, by whatever name called, imparting professional courses, approved or recognized by the Competent Statutory Body leading to the award of a degree, diploma or a certificate, by whatever name called.

(f) *"Other Backward Classes or citizens"* means the Other Backward Classes or citizens specified in the Schedule-I to the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Act, 1994;

(g) *"Private Institution"* means an educational institution not established or maintained by State Government or any Public Body;

(h) *"Professional Course"* means a course of study notified as a professional course by the Competent Statutory Body leading to the award of a degree, diploma or certificate by whatever name called;

(i) *"Reserved Seat"* means a seat reserved for the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes of citizens;

(j) *"Sanctioned Intake"* means and implies the total number of seats sanctioned by an authority notified by the State Government for admitting students in each course of study in an Institution;

(k) *"State University"* means a University established or incorporated by an Act of the State Legislature;

(क) *''प्रवेश के सम्बन्ध में शैक्षिक वर्ग''* का अभिप्राय बारह माह की ऐसी अवधि से अभिप्रेत है जो कैलेण्डर वर्ष के जुलाई के प्रथम दिवस पर प्रारम्भ होती है जिसके भीतर प्रवेश की प्रक्रिया को प्रारम्भ किया जाता है;

(ख) *''सहायता प्राप्त संस्था''* अल्पसंख्यक संस्था को छोड़कर ऐसी निजी संस्था से अभिप्रेत है जिसे राज्य सरकार से या सहायता अनुदान अथवा वित्तीय सहायता को संवितरित करते हुए राज्य सरकार के नियन्त्रणाधीन किसी निकाय से पूर्णतः या आंशिक रूप से आवर्ती सहायता अनुदान या वित्तीय सहायता प्राप्त होती है;

(ग) *''सामान्य अभ्यर्थी''* किसी अनारक्षित सीट पर मैरिट के आधार पर चयन किए गए अभ्यर्थी से अभिप्रेत है;

(घ) *''संस्था का प्रधान''* संस्था को चलाने वाली सोसाइटी के अध्यक्ष या प्रबन्धक या सचिव से अभिप्रेत है और उसमें संस्था का निदेशक, प्रधानाचार्य या कोई प्रशासनिक प्रधान सम्मिलित है;

(ङ) *''शैक्षिक संस्था''* निम्न से अभिप्रेत है—

(i) राज्य विधानमण्डल के अधिनियम द्वारा स्थापित या निगमित निजी विश्वविद्यालय सहित किसी सक्षम वैधानिक निकाय द्वारा अनुमोदित या मान्यता प्राप्त और राज्य विधानमण्डल के अधिनियम द्वारा स्थापित या निगमित निजी विश्वविद्यालय सहित राज्य विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शिक्षा प्रदान करते हुए अथवा शिक्षा प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय होना समझे गए विश्वविद्यालय की संघटक इकाई, चाहे जिस भी नाम से जाना जाए महाविद्यालय या विद्यालय या संस्था;

(ii) उपाधि, डिप्लोमा या प्रमाण-पत्र, जिस भी नाम से जाना जाए, प्रदान करते हुए सक्षम वैधानिक निकाय द्वारा अनुमोदित या मान्यता प्राप्त व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को प्रदान करते हुए चाहे जिस भी नाम से जाना जाए महाविद्यालय या विद्यालय संस्था।

(च) *''नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग''* उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 की अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों से अभिप्रेत है;

(छ) *''निजी संस्था''* ऐसी शैक्षिक संस्था से अभिप्रेत है जिसे राज्य सरकार या किसी लोक निकाय द्वारा स्थापित या अनुरक्षित न किया जाता हो;

(ज) *''व्यावसायिक पाठ्यक्रम''* उपाधि, डिप्लोमा अथवा प्रमाण-पत्र, चाहे जिस भी नाम से जाना जाए के प्रदान करते हुए सक्षम वैधानिक निकाय द्वारा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के रूप में अधिसूचित अध्ययन के पाठ्यक्रम से अभिप्रेत है;

(झ) *''आरक्षित सीट''* नागरिकों के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित सीट से अभिप्रेत है;

(ञ) *''स्वीकृत ग्राह्यता''* राज्य सरकार द्वारा किसी संस्था में अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रवेश देने के लिए अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत सीटों की कुल संख्या से अभिप्रेत है एवं उसकी विवश करती है;

(ट) *''राज्य विश्वविद्यालय''* राज्य विधानमण्डल के अधिनियम द्वारा स्थापित अथवा निगमित विश्वविद्यालय से अभिप्रेत है;

(l) *"Unaided Institution"* means a private Educational Institution, not being an Aided Institution;

(m) *"Unreserved Seat"* means a seat other than reserved seats.

4. Reservation in favour of Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes.—(1) In admission to educational institutions, including private educational institutions, whether aided or unaided by the State, other than the minority educational institutions referred to in clause (1) of Article 30 of the Constitution of India, there shall be reservation at the stage of admission in the following percentage of sanctioned intake to which admission is to be made in favour of person belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes of citizens, in the academic year—

(a) in the case of Scheduled Castes — twenty one per cent

(b) in the case of Scheduled Tribes — two per cent

(c) in the case of Other Backward Classes of citizen — twenty-seven per cent

(2) In respect of any academic year if any vacancy reserved for any category of persons under sub-section (1) remains unfilled, another special admission drive shall be made to fill such vacancy from amongst the person belonging to that category.

(3) If in the special admission drive referred to in sub-section (2) suitable candidates belonging to the Scheduled Tribes are not available to fill the vacancy reserved for them, such vacancy shall be filled by persons belonging to the Scheduled Castes.

(4) Where, due to non-availability of suitable candidates, any of the seats reserved under sub-section (1) remains unfilled even after special admission drive referred to in sub-section (2), or sub-section (3), then such vacancy shall be filled by any other suitable candidate, on the basis of merit.

(5) If a person belonging to any of the categories mentioned in sub-section (1) gets selected on the basis of merit as a general candidate, and if he wants to remain as a general candidate, then he shall not be adjusted against the vacancies reserved for such category under sub-section (1).

5. Responsibility and powers for compliance of the Act.—The State Government may, by a notified order, entrust the Head of the Institution or any officer or employee of the Institution with the responsibility of ensuring the compliance of the provision of this Act.

6. Penalty and withdrawal of affiliation.—(1) Any Head of the Institution or any officer or employee of the institution entrusted with the responsibility under Section 5 wilfully acts in a manner intended to contravene or defeat the purpose of this Act shall be punishable with imprisonment which may extend to three months or with fine which may extend to one thousand rupees or with both.

(2) No Court shall take cognizance of an offence under this section except with the previous sanction of the State Government or an officer authorized in this behalf by the State Government by an order.

(ठ) *''असहायता प्राप्त संस्था''* ऐसी निजी शैक्षिक संस्था से अभिप्रेत है जो सहायता प्राप्त संस्था नहीं है;

(ड) *''अनारक्षित सीट''* आरक्षित सीटों को छोड़कर अन्य सीट से अभिप्रेत है।

4. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के पक्ष में आरक्षण— (1) भारत के संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थाओं को छोड़कर, चाहे राज्य द्वारा सहायता प्राप्त हो या असहायता प्राप्त, निजी शैक्षिक संस्थाओं सहित शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश में, स्वीकृत ग्राह्यता के निम्नलिखित प्रतिशत में प्रवेश के प्रक्रम पर आरक्षण होगा जिसके लिए शैक्षिक वर्ष में नागरिकों के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्ति के पक्ष में प्रवेश किया जाना चाहिए—

(क) अनुसूचित जातियों की दशा में — इक्कीस प्रतिशत

(ख) अनुसूचित जनजातियों की दशा में — दो प्रतिशत

(ग) नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों की दशा में — सत्ताइस प्रतिशत

(2) किसी शैक्षिक वर्ष के सम्बन्ध में, यदि उपधारा (1) के अधीन व्यक्तियों की किसी भी कोटि के लिए आरक्षित कोई भी रिक्ति भरे जाने के लिए शेष रह जाती है, तो उस रिक्ति को भरने के लिए उस कोटि के व्यक्तियों में से एक अन्य विशेष प्रवेश अभियान चलाया जाएगा।

(3) यदि उपधारा (2) में निर्दिष्ट विशेष प्रवेश अभियान में, अनुसूचित जनजातियों के उपयुक्त अभ्यर्थी उनके लिए आरक्षित रिक्ति को भरने के लिए उपलब्ध नहीं है, तो उस रिक्ति का अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों द्वारा भरा जायेगा।

(4) जहां उपयुक्त अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण, उपधारा (1) के अधीन आरक्षित सीटों में से कोई सीट, उपधारा (2) या उपधारा (3) में निर्दिष्ट विशेष प्रवेश अभियान के पश्चात् भी भरे जाने के लिए शेष रह जाती है, तो उस रिक्ति को मेरिट के आधार पर अन्य किसी उपयुक्त अभ्यर्थी द्वारा भरा जायेगा।

(5) यदि उपधारा (1) में उल्लिखित कोटियों में से किसी कोटि का कोई व्यक्ति सामान्य अभ्यर्थी के रूप में मेरिट के आधार पर चयनित होता है और यदि वह सामान्य अभ्यर्थी के रूप में बना रहना चाहता है, तो उसे उपधारा (1) के अधीन उस कोटि के लिए आरक्षित रिक्तियों से समायोजित नहीं किया जाएगा।

5. अधिनियम के अनुपालन के लिए उत्तरदायित्व और शक्तियां—राज्य सरकार, अधिसूचित आदेश के माध्यम से संस्था के प्रधान अथवा संस्था के किसी अधिकारी या कर्मचारी को इस अधिनियम के प्रावधान का अनुपालन सुनिश्चित करने का दायित्व सौंप सकेगा।

6. शास्ति और सम्बद्धता को वापस लेना—(1) संस्था का कोई प्रधान या संस्था का कोई अधिकारी या कर्मचारी, जिसे धारा 5 के अधीन दायित्व सौंपा गया है, इच्छायुक्त ढंग से इस अधिनियम के उद्देश्य का अतिलंघन करने या उसे विफल बनाने के लिए आशयित रीति से कार्य करता है, तो वह कारावास से, जो तीन माह तक हो सकेगा अथवा अर्थदण्ड से जो एक हजार रुपये तक हो सकेगा अथवा दोनों से दण्डनीय होगा।

(2) कोई भी न्यायालय राज्य सरकार या राज्य सरकार द्वारा आदेश से इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना इस धारा के अधीन अपराध का संज्ञान नहीं लेगा।

(3) An offence punishable under sub-section (1) shall be tried summarily by a Metropolitan Magistrate or a Judicial Magistrate of the first class and the provisions of sub-section (1) of Section 262, Section 263, Section 264 and Section 265 of the Code of Criminal Procedure, 1973 shall *mutatis mutandis* apply.

(4) Where the State Government or any officer or an authority authorised by it is satisfied that any institution has violated any provision of this Act or the rules or the orders made thereunder by the State Government, it may recommend to the appropriate statutory body for the withdrawal of the affiliation of (*sic* for) recognition of such institution.

7. Power to call for record.—If it comes to the notice of the State Government that any person belonging to any of the categories mentioned in sub-section (1) of Section 4 has been adversely affected on account of non-compliance of the provisions of this Act or the rules made thereunder or the Government orders, it may call for such records from the concerned institution and take such action as it may consider necessary.

8. Admission committee.—The State Government may, by order, provide for nomination of officers for giving representation to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes of citizen in the Admission Committee to such extent and in such manner as may be prescribed.

9. Caste certificate.—For the purpose of reservation provided under this Act, caste certificate shall be issued by such authority or officer as may be notified by the State Government and in such manner and in such form as the State Government may, by order, provide.

10. Removal of difficulties.—If any difficulty arises in giving effect to the provisions of this Act, the State Government may, by a notified order, make such provisions not inconsistent with the provisions of this Act as appears to it to be necessary or expedient for removing the difficulty.

11. Protection of action taken in good faith.—No suit, prosecution or any other legal proceeding shall lie against the State Government or any person for anything which is in good faith done or intended to be done, in pursuance of this Act or the rules made thereunder.

12. Power to make rules.—The State Government may, by notification, makes rules for carrying out the purpose of this Act.

13. Laying of Order etc.—Every order made under Section 5 and Section 9 shall be laid, as soon as may be, before both the Houses of the State Legislature and the provisions of sub-section (1) of Section 23-A of the Uttar Pradesh General Clauses Act, 1904 shall apply as they apply in respect of rules made by the State Government under any Uttar Pradesh Act.

14. Repeal and saving.—(1) The Uttar Pradesh Admission to Educational Institutions (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Ordinance, 2006 (U.P. Ordinance No. 2 of 2006) is hereby repealed.

(2) Notwithstanding such repeal, anything done or any action taken under the Ordinance referred to in sub-section (1) shall be deemed to have been done or taken under this Act as if the provisions of this Act were in force at all material times.

(3) उपधारा (1) के अधीन दण्डनीय अपराध का महानगरीय मजिस्ट्रेट अथवा प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा संक्षिप्ततः विचारण किया जाएगा और दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 262 की उपधारा (1), धारा 262, धारा 264 एवं धारा 265 के प्रावधान यथा आवश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

(4) जहां राज्य सरकार अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी या प्राधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि किसी संस्था के इस अधिनियम अथवा राज्य सरकार द्वारा उसके अधीन बनायी गयी नियमावली के किसी भी प्रावधान या किए गए आदेश का उल्लंघन किया है, तो वह समुचित वैधानिक निकाय से उस संस्था की सम्बद्धता अथवा मान्यता को वापस लेने की सिफारिश कर सकेगा।

7. अभिलेख को मंगाने की शक्ति—यदि राज्य सरकार के संज्ञान में यह बात आती है कि धारा 4 की उपधारा (1) में उल्लिखित कोटियों में से किसी कोटि का कोई भी व्यक्ति इस अधिनियम या उसके अधीन बनायी गयी नियमावली के प्रावधानों के अथवा सरकार के आदेशों के अननुपालन के कारण प्रतिकूल ढंग से प्रभावित हुआ है, तो वह सम्बन्धित संस्था से उन अभिलेखों को मंगा सकेगा और ऐसी कार्रवाई कर सकेगा जिसे वह आवश्यक समझे।

8. प्रवेश समिति—राज्य सरकार, आदेश के माध्यम से, प्रवेश समिति में नागरिकों के अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग को ऐसी सीमा तक एक और ऐसी रीति से जिसे विहित किया जा सकेगा, प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए अधिकारियों के मनोनयन का प्रावधान कर सकेगी।

9. जाति प्रमाण-पत्र—इस अधिनियम के अधीन उपबन्धित आरक्षण के प्रयोजनार्थ ऐसे प्राधिकारी या अधिकारी द्वारा जिसे राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जा सकेगा जाति प्रमाण-पत्र ऐसी रीति और ऐसे प्ररूप में जारी किया जायेगा जिसका राज्य सरकार आदेश से प्रावधान कर सकेगी।

10. कठिनाइयों का अपसारण—यदि इस अधिनियम के प्रावधानों को प्रभावी बनाने के लिए कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो राज्य सरकार, ऐसे प्रावधानों को बना सकेगी जो इस अधिनियम के प्रावधानों से असंगत नहीं है जिनका उसे उस कठिनाई का अपसारण करने के लिए आवश्यक तथा समीचीन होना प्रकट होता हो।

11. सद्भाव में की गयी कार्रवाई का संरक्षण—इस अधिनियम या उसके अधीन बनायी गयी नियमावली के अनुसरण में ऐसी किसी भी बात के लिए, जिसे सद्भाव में किया गया है अथवा किया जाना आशयित है, राज्य सरकार अथवा किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई भी वाद, अभियोजन या अन्य कोई भी कार्यवाही दाखिल नहीं की जायेगी।

12. नियमों को बनाने की शक्ति—राज्य सरकार अधिसूचना के माध्यम से इस अधिनियम के उद्देश्य को कार्यान्वित करने के लिए नियमों को बना सकेगी।

13. आदेश का प्रस्तुत किया जाना आदि—धारा 5 और धारा 9 के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश, यथा संभव शीघ्र राज्य विधानमण्डल के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 की धारा 23-क की उपधारा (1) के प्रावधान उसी प्रकार से लागू होंगे जैसे कि वे किसी भी उत्तर प्रदेश अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के सम्बन्ध में लागू होते हैं।

14. निरसन और व्यावृत्ति—उत्तर प्रदेश शैक्षिक संस्था (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों का आरक्षण) में प्रवेश अध्यादेश, 2006 (2006 का उ० प्र० अध्यादेश संख्या 2) को एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

(2) उस निरसन के होते हुए भी, उपधारा (1) में निर्दिष्ट अध्यादेश के अधीन की गयी कोई बात या की गयी किसी भी कार्रवाई का इस अधिनियम के अधीन उसी प्रकार से किया जाना समझा जायेगा मानों इस अधिनियम के प्रावधान सभी सुसंगत समयों पर प्रवृत्त रहे हों।

THE UTTAR PRADESH PRIVATE PROFESSIONAL EDUCATIONAL INSTITUTIONS (REGULATION OF ADMISSION AND FIXATION OF FEE) ACT, 2006[1]

(Act No. 24 of 2006)

(As passed by the Uttar Pradesh Legislature)

An Act to provide for the regulation of admission and fixation of fee in private professional educational institutions and the matters connected therewith or incidental thereto

It is hereby enacted in the Ffty-seventh Year of the Republic of India as follows :

Prefatory Note—Statement of Objects and Reasons.—The State Government has been empowered by the Constitution Ninety-third Amendment to make special provisions regarding admission to the educational institutions including private educational institutions whether aided or unaided by the State other than the minority educational institutions referred to in clause (1) of Article 30 of the Constitution of India in favour of the persons belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes of citizen. Besides, the Ministry of Human Resources, Government of India had suggested that the legislation should also be made for the regulation of admission and fixation of fee in such educational institutions. In the light of the suggestions given by the Ministry of Human Resources, Government of India it has been decided to make law to provide for the regulation of admission and fixation of fee in private educational institutions and the matter connected therewith and incidental thereto.

Since the State Legislature was not in session and immediate legislative action was necessary to implement the aforesaid decision the Uttar Pradesh Private Professional Educational Institutions (Regulation of Admission and Fixation of Fee) Ordinance, 2006 (U.P. Ordinance No. 1 of 2006) was promulgated by the Governor on July 10, 2006.

This Bill is introduced to replace the aforesaid Ordinance.

CHAPTER I

PRELIMINARY

1. Short title and commencement.—(1) This Act may be called the Uttar Pradesh Private Professional Educational Institutions (Regulation of Admission and Fixation of Fee) Act, 2006.

(2) It shall be deemed to have come into force on July 10, 2006.

2. Applicability.—This Act shall be applicable to the private aided or unaided professional educational institutions, excluding minority institutions.

3. Definitions.—In this Act, unless the context otherwise requires,—

(a) *"aided institution"* means a private professional educational institution, other than a minority institution receiving recurring financial grant-in-aid or assistance in whole or in part from the State Government or from any body, under the control of State Government disbursing grants-in-aid or financial assistance;

---

1. Received the Governor on September 7, 2006 and published in the U.P. Gazette, Extra., Part-1, Section (Ka), dated 8th September, 2006.

उत्तर प्रदेश निजी व्यावसायिक शिक्षा संस्था (प्रवेश का विनियमन और शुल्क का स्थिरीकरण) अधिनियम, 2006[1]

(2006 का अधिनियम संख्या 24)

(उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा यथा पारित)

निजी व्यावसायिक शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश के विनियमन और शुल्क के स्थिरीकरण और उनसे सम्बद्ध तथा उनसे आनुषंगिक मामलों के लिए प्रावधान करने का अधिनियम भारत गणराज्य के सत्तावनवें वर्ष में द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो।

प्रारम्भिक टिप्पण—उद्देश्यों एवं कारणों का कथन—राज्य सरकार को संविधान के तिरानवे संशोधन द्वारा निजी शैक्षिक संस्थाओं, चाहे वे राज्य द्वारा सहायता प्राप्त हो या असहायता प्राप्त हो सहित, भारत के संविधान के अनुच्छेद 30 के खण्ड 1 में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक शैक्षित संस्थाओं को छोड़कर अन्य शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश के सम्बन्ध में नागरिकों के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों के पक्ष प्रावधानों को करने के लिए सशक्त किया गया है। मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार ने यह सुझाव दिया था कि विधान की ऐसी शैक्षिक संस्थाओं के पक्ष में प्रवेश के विनियमन तथा शुल्क के स्थिरीकरण के लिए भी बनाया जाना चाहिए मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये गये सुझावों के प्रकाश में, निजी शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश के विनियमन तथा शुल्क के स्थिरीकरण और उससे सम्बद्ध एवं उससे आनुषंगिक मामले का प्रावधान करने के लिए विधि की रचना करने का निर्णय लिया गया है।

चूंकि राज्य विधान मण्डल का सत्र नहीं चल रहा था और तत्काल विधायी कार्यवाही पूर्वोल्लिखित विनिश्चय के अनुपालन के लिए आवश्यक थी, इसलिए उत्तर प्रदेश निजी व्यावसायिक शैक्षिक संस्था (प्रवेश का विनियमन और शुल्क का स्थिरीकरण), अध्यादेश, 2006 (2006 का उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 1) राज्यपाल महोदय द्वारा 10 जुलाई, 2006 को प्राख्यापित किया गया था। यह विधेयक पूर्वोल्लिखित अध्यादेश को प्रतिस्थापित करने के लिए सम्मिलित किया गया है।

अध्याय 1

प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) यह अधिनियम उत्तर प्रदेश निजी व्यावसायिक शैक्षिक संस्था (प्रवेश का विनियमन और शुल्क का स्थिरीकरण) अधिनियम, 2006 के नाम से जाना जा सकेगा।

(2) उसका 10 जुलाई, 2006 को प्रभावी होना समझा जाएगा।

2. प्रयोज्यता—यह अधिनियम अल्पसंख्यक संस्थाओं को छोड़कर निजी सहायता प्राप्त अथवा असहायता प्राप्त व्यावसायिक शैक्षिक संस्थाओं के लिए प्रयोज्य होगी।

3. परिभाषाएं—इस अधिनियम में जब तक प्रसंग में अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) *''सहायता प्राप्त संस्था''* का अभिप्राय राज्य सरकार से या राज्य सरकार के नियंत्रण किसी निकाय से पूर्णतः या आंशिक रूप से आवर्ती वित्तीय सहायता अनुदान या सहायता प्राप्त करती है जो सहायता अनुदान या वित्तीय सहायता का संवितरण करता है;

---

1. दिनांक 25 जुलाई, 1975 के उ० प्र० गजट असाधारण में प्रकाशित दिनांक 25 जुलाई, 1975 की अधिसूचना सं० 4546/XV-10-75 शिक्षा अनुभाग 10।

(b) *"Committee"* means the Admission and Fee Regulatory Committee constituted under Section 4;

(c) *"Common Entrance Test"* means an Entrance Test, conducted by the State Government or an Agency authorized by it for admission to a Professional Course, run by a professional educational institution;

(d) *"Fee"* means all fees including tution fee and development charges;

(e) *"general category"* means and implies seats from out of the sanctioned intake of professional educational institution, not being seats in the management category;

(f) *"management category"* shall mean and imply seats from out of the sanctioned intake allotted by the State Government to the management of the institutions;

(g) *"minority"* means a minority defined under clause (f) of Section 2 of the National Commission for Minority Educational Institutions Act, 2004 (Act No. 2 of 2005);

(h) *"minority institution"* means an institution, established and administered by a minority and notified as such by the State Government;

(i) *"private professional educational institution"* means a professional educational institution not established or maintained by the Central Government, the State Government or any public body;

(j) *"professional course"* means a course of study notified as a professional course by the State Government;

(k) *"professional educational institution"* means a College or a School or an Institution by whatever name called, imparting professional education,—

(i) affiliated to a State University, including a Private University established or incorporated by an Act of the State Legislature or constitutent unit of a deemed to be University defined under Section 3 of University Grant Commission Act, 1956.

(ii) approved or recognized by the Competent Statutory Body established by State Government, regulating professional education.

(j) *"sanctioned intake"* means and implies the total number of seats sanctioned by an authority notified by the State Government for admitting students in each course of study in a professional institution;

(m) *"senior administrative officer"* means an Officer of the Indian Administrative Service or Provincial Civil Service of Uttar Pradesh;

(n) *"State University"* means a University established or incorporated by an Act of the State Legislature;

(o) *"unaided institution"* means a private professional educational institution, not being an aided institution;

(ख) *"समिति"* का अभिप्राय धारा 4 के अधीन गठित प्रवेश एवं स्वतन्त्र विनियमनकारी समिति से है;

(ग) *"सामान्य प्रवेश परीक्षा"* का अभिप्राय ऐसी प्रवेश परीक्षा से है जिसे राज्य सरकार या उसके द्वारा प्राधिकृत अभिकरण द्वारा ऐसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश देने के लिए किया जाता है जिसे व्यावसायिक शैक्षिक संस्था द्वारा संचालित किया जाता है;

(घ) *"शुल्क"* का अभिप्राय ट्यूशन फ्री और विकास प्रभारों सहित सभी शुल्कों से है;

(ङ) *"सामान्य कोटि"* का अभिप्राय और विवक्षा व्यावसायिक शैक्षिक संस्था की स्वीकृति भर्ती में से सीटों से है न कि प्रबन्ध तन्त्र में सीटों से;

(च) *"प्रबन्धतन्त्र कोटि"* का अभिप्राय एवं विवक्षा संस्थाओं के प्रबन्धन के लिए राज्य सरकार द्वारा आवंटित स्वीकृति भर्ती में से सीटों से अभिप्रेत है;

(छ) *"अल्पसंख्यक"* का अभिप्राय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्था राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2004 (2005 का अधिनियम संख्या 2) की धारा 2 के खण्ड च के अधीन परिभाषित अल्पसंख्यक से है।

(ज) *"अल्पसंख्यक संस्था"* का अभिप्राय ऐसी संस्था से है जिसे अल्पसंख्यक द्वारा स्थापित एवं प्रशासित किया जाता है और जिसे इस रूप में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया हो;

(झ) *"निजी व्यावसायिक शैक्षिक संस्था"* का अभिप्राय ऐसी व्यावसायिक शिक्षा संस्था से है जिसे केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या किसी लोक निकाय द्वारा स्थापित एवं अनुरक्षित न किया गया हो;

(ञ) *"व्यावसायिक पाठ्यक्रम"* का अभिप्राय ऐसे अध्ययन पाठ्यक्रम से है जिसे राज्य सरकार द्वारा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के रूप में अधिसूचित किया गया हो;

(ट) *"व्यावसायिक शैक्षिक संस्था"* का अभिप्राय महाविद्यालय या विद्यालय या किसी संस्था, चाहे जिस भी नाम से पुकारी जाये, से अभिप्रेत है जो व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करती है—

(i) राज्य विधान मण्डल के अधिनियम द्वारा स्थापित या निगमित निजी विश्वविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1966 की धारा 3 के अधीन परिभाषित विश्वविद्यालय के रूप में समझे गए संघटक इकाई सहित राज्य विश्वविद्यालय से सम्बद्ध;

(ii) व्यावसायिक शिक्षा को विनियमित करते हुए राज्य सरकार द्वारा स्थापित सक्षम वैधानिक निकाय द्वारा अनुमोदित या मान्यता प्राप्त है;

(ठ) *"स्वीकृत ग्राह्यता"* से अभिप्राय और विवक्षा विद्यार्थियों के व्यावसायिक संस्था में अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति सीटों की संख्या से है;

(ड) *"वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी"* का अभिप्राय भारतीय प्रशासनिक सेवा या उत्तर प्रदेश की प्रान्तीय सिविल सेवा के अधिकारी से है;

(ढ) *"राज्य विश्वविद्यालय"* राज्य विधान मण्डल के अधिनियम द्वारा प्रशासित या निगमित विश्वविद्यालय से है;

(ण) *"असहायता प्राप्त संस्था"* ऐसी निजी व्यावसायिक शैक्षिक संस्था से अभिप्रेत है जो सहायता प्राप्त संस्था नहीं है;

(p) *"University Grants Commission"* means the University Grants Commission established under the University Grants Commission Act, 1956.

CHAPTER II
THE COMMITTEE

4. Composition, disqualification and functions.—(1) There shall be a Committee for admission and fee regulation to be constituted in such manner as may be prescribed. The Committee shall be presided over by a person who is or who has been a Senior Administrative Officer of the State or Vice-Chancellor of a Central University or a State University or a deemed to be University; who shall be called the Chairman of the Committee and shall include two other Members having experience in matters of finance or administration.

(2) The State Government shall appoint the Chairman and the Members of the Committee mentioned in sub-section (1).

(3) The term of the Chairman and every Member of the Committee shall be three years from the date of its notification; and, in case of any vacancy arising earlier, for any reason, the State Government shall fill such vacancy for the remainder of the term.

(4) No act or proceedings of the Committee shall be deemed to be invalid by reason merely of any vacancy or any defect in the constitution of the Committee.

(5) No person who is associated with a private aided or unaided instiution shall be eligible for being a Member of the Committee.

(6) The Chairman or any Member of the Committee shall be removed, if he performs any act, which in the opinion of the State Government is unbecoming of Chairman or Member of the Committee :

Provided that, no such Chairman or any Member shall be removed by the State Government, without giving him an opportunity of being heard.

(7) The Committee may frame its own procedure in such manner as may be prescribed.

(8) The Committee may require a private aided or unaided professional educational institution or, a deemed to be University or a private University to furnish, by a prescribed date, information as may be necessary for enabling the Committee to determine the fee as prescribed under Section 10 of this Act that may be fixed by the institution in respect of each professional course, and the fee so determined shall be valid for such period as notified by the State Government.

(9) The State Government or the Committee may, if satisfied that a professional educational institution has violated any provisions of this Act or is charging more fee, than as determined under Section 10 of this Act then it will recommend to the appropriate statutory body for the withdrawal of the affiliation or recognition of such institution.

CHAPTER III
ADMISSION

5. Eligibility.—The eligibility for admission to a private aided or unaided professional educational institution shall be such as may be notified by the State Government.

(त) *"विश्वविद्यालय अनुदान आयोग"* का अभिप्राय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के अधीन स्थापित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से है।

अध्याय 2

समिति

4. संरचना, अनहर्ता और कार्य—(1) प्रवेश तथा शुल्क विनियमन के लिए ऐसी रीति से, जिसे विहित किया जाये, समिति का गठन किया जायेगा। उस समिति की अध्यक्षता ऐसे व्यक्ति द्वारा की जायेगी को राज्य का वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी है अथवा जो इस प्रकार रह चुका है अथवा केन्द्रीय विश्वविद्यालय या राज्य विश्वविद्यालय या ऐसा विश्वविद्यालय जिसका इस प्रकार होना समझा जाता है, के उपकुलपति द्वारा की जायेगी जिसे समिति का अध्यक्ष कहा जायेगा और जिसमें वित्त अथवा प्रशासन के मामलों में अनुभव रखने वाले दो अन्य सदस्य सम्मिलित होंगे।

(2) राज्य सरकार उपधारा (1) में उल्लिखित समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यों की नियुक्ति करेगी।

(3) समिति के अध्यक्ष तथा प्रत्येक सदस्य का कार्यकाल उसकी अधिसूचना की तारीख से तीन वर्ष होगा और किसी भी कारण से इसके पूर्व उत्पन्न होने वाली किसी भी रिक्ति की दशा में राज्य सरकार शेष अवधि के लिए उस रिक्ति को भरेगी।

(4) समिति का कोई भी कार्य या कार्यवाही मात्र किसी भी रिक्ति या समिति के गठन में किसी दोष के कारण अवैध होना नहीं समझी जायेगी।

(5) कोई भी व्यक्ति, जो किसी निजी सहायता प्राप्त अथवा असहायता प्राप्त संस्था से संयुक्त है, समिति का सदस्य बनने के लिए पात्र नहीं होगा।

(6) समिति के अध्यक्ष या किसी भी सदस्य को उस दशा में अपसारित किया जायेगा जब वह किसी ऐसे कृत्य को सम्पादित करता है जो राज्य सरकार की आय में, समिति के अध्यक्ष अथवा सदस्य के लिए अशोभनीय है :

परन्तु यह कि ऐसे किसी भी अध्यक्ष अथवा किसी भी सदस्य को राज्य सरकार द्वारा उसे सुने जाने का अवसर प्रदान किये बिना अपसारित नहीं किया जायेगा।

(7) समिति अपनी निजी प्रक्रिया को ऐसी रीति से तैयार कर सकेगी जिसे विहित किया जाये।

(8) समिति निजी सहायता प्राप्त या असहायता प्राप्त व्यावसायिक शैक्षिक संस्था या समझे गये विश्वविद्यालय या निजी विश्वविद्यालय से यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह निर्धारित तारीख तक ऐसी सूचना को प्रदान कर सकेगी जो इस अधिनियम की धारा 10 के अधीन यथा निर्धारित शुल्क का अवधारण करने के लिए समिति को समर्थ बनाते हुए आवश्यक हो सकेगी जिसे प्रत्येक व्यावसायिक पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में संस्था द्वारा नियत किया जा सकेगा और इस प्रकार अवधारित शुल्क राज्य सरकार द्वारा यथा अभिसूचित ऐसी अवधि के लिए वैध होगा।

(9) राज्य सरकार अथवा समिति, यदि यह समाधान हो जाये कि व्यावसायिक शैक्षिक संस्था में अधिनियम के किसी प्रावधान का उल्लंघन किया गया है अथवा उससे अधिक शुल्क ले रहा है जिसका इस अधिनियम की धारा 10 के अधीन अवधारण किया जा चुका है तो वह उस संस्था की सम्बद्धता अथवा मान्यता को वापस लेने के लिए समुचित वैधानिक निकाय से सिफारिश करेगी।

अध्याय 3

प्रवेश

5. पात्रता—निजी सहायता प्राप्त अथवा असहायता प्राप्त व्यावसायिक शैक्षिक संस्था में प्रवेश की पात्रता ऐसी होगी जिसे राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जा सकेगा।

6. Allocation of seats.—(1) The State Government may, by notified order, reserve seats out of sanctioned intake, in an unaided professional educational private institution, other than minority institution, under management category.

(2) Notwithstanding anything to the contrary contained in any other law for the time being in force, there shall be no reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes of citizens in the seats reserved for management category.

7. Manner of admission.—An unaided professional educational institution,—

(a) shall make admission to a seat under the general category, on the basis of the Common Entrance Test, in such manner as may be prescribed by the State Government.

(b) may make admission to a seat reserved under management category, in such manner, as may be prescribed by the State Government, through a notified order.

8. Common entrance test.—In aided professional educational institution, admission to sanctioned intake shall be on the basis of the Common Entrance Test in such manner as may be prescribed.

9. Admission.—(1) Every admission to an aided or unaided educational institution, shall be made in accordance with the provisions of this Act or the rules made thereunder and every admission made in contravention thereof shall be void.

(2) The State Governmemnt or the Committee if satisfied that an aided or unaided professional educational institution has taken admission in violation of any provision of this Act or the rules or an order of the State Government issued in this behalf, it may recommend to the appropriate statutory body for the withdrawal of the affiliation or recognition of such institution.

CHAPTER IV

FIXATION OF FEE

10. Factors.—(1) The Committee shall determine, the fee to be charged by a private aided or unaided professional educational institution having regard to—

(i) the nature of the professional course;

(ii) the available infrastructure;

(iii) a reasonable surplus required for growth and development of the professional institution;

(iv) the expenditure on administration and maintenance;

(v) the expenditure on teaching and non-teaching employees of the institution;

(vi) any other relevant factor.

(2) The Committee, shall give the institution an opportunity of being heard before fixing any fee :

Provided that no such fee, as may be fixed by the Committee, shall amount to profiteering or commercialization of education.

6. सीटों का आबंटन—(1) राज्य सरकार, अधिसूचित आदेश से प्रबन्धतन्त्र की कोटि के अन्तर्गत अल्पसंख्यक संस्था को छोड़कर अन्य असहायता प्राप्त व्यावसायिक शैक्षिक निजी संस्था में स्वीकृत ग्राह्यता में से सीटों का आरक्षण कर सकेगी।

(2) तत्समय प्रवृत्त अन्य किसी विधि में अन्तर्विष्ट प्रतिकूल किसी भी बात के होते हुए कि प्रबन्ध तन्त्र की कोटि के लिए आरक्षित सीटों में नागरिकों के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए कोई आरक्षण नहीं होगा।

7. प्रवेश की रीति—असहायता प्राप्त व्यावसायिक शैक्षिक संस्था—

(क) सामान्य प्रवेश परीक्षा के आधार पर सामान्य कोटि के अधीन किसी सीट में ऐसी रीति से प्रवेश दे सकेगी जिसे राज्य सरकार द्वारा विहित किया जाये;

(ख) प्रबन्धतन्त्र की कोटि के अधीन आरक्षित सीट के लिए ऐसी रीति से प्रवेश दे सकेगी जिसे राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित आदेश के माध्यम से निर्धारित किया जा सकेगा।

8. सामान्य प्रवेश परीक्षा—सहायता प्राप्त व्यावसायिक शैक्षिक संस्था में स्वीकृत सहायता में प्रवेश सामान्य प्रवेश परीक्षा के आधार पर ऐसी रीति से होगा जिसे विहित किया जाये।

9. प्रवेश—(1) सहायता प्राप्त या असहायता प्राप्त शैक्षिक संस्था में प्रत्येक प्रवेश को इस अधिनियम अथवा इसके अधीन बनायी गयी नियमावली के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा और उसके अतिलंघन में किया गया प्रत्येक प्रवेश शून्य होगा।

(2) राज्य सरकार अथवा समिति यदि समाधान हो जाये की सहायता प्राप्त अथवा असहायता प्राप्त व्यावसायिक शैक्षिक संस्था में इस अधिनियम अथवा नियमावली के किसी भी प्रावधान का अथवा इस निमित्त जारी राज्य सरकार के आदेश का उल्लंघन करते हुए प्रवेश लिया है, तो वह उस संस्था की सम्बद्धता अथवा उसकी मान्यता के वापस लिए जाने के लिए समुचित वैधानिक निकाय से सिफारिश कर सकेगी।

अध्याय 4

शुल्क का स्थिरीकरण

10. घटक—(1) समिति निम्न को ध्यान में रखते हुए निजी सहायता प्राप्त या असहायता प्राप्त व्यावसायिक शैक्षिक संस्था द्वारा लिये जाने वाले शुल्क का अवधारण करेगी—

(i) व्यावसायिक पाठ्यक्रम की प्रकृति;

(ii) उपलब्ध मूलभूत ढांचा;

(iii) व्यावसायिक संस्था की प्रगति और विकास के लिए अपेक्षित युक्तियुक्त अतिरेक;

(iv) प्रशासन और अनुरक्षण पर व्यय;

(v) संस्था के अध्यापन और गैर अध्यापन कर्मचारियों पर व्यय;

(vi) अन्य कोई सुसंगत घटक।

(2) समिति संस्था को किसी शुल्क को नियत करने के पुर्व सुने जाने का अवसर प्रदान करेगी :

परन्तु यह कि ऐसा कोई भी शुल्क, जिसे समिति द्वारा नियत किया जा सकेगा, शिक्षा के लाभकरण या वाणिज्य करण की कोटि में नहीं आयेगा।

CHAPTER V
MISCELLANEOUS

11. Appeals.—The State Government shall appoint an Appellate Authority, headed by a peson who has been a Judge of the High Court, before which a person or professional institution aggrieved by an order of the Committee may file an appeal, within a period of 30 days, from the date of receipt of such an order.

12. Act to have overrding effect.—The provisions of this Act shall have effect notwithstanding anything inconsistent therewith contained in any other law for the time being in force or in any instrument having effect by virtue of any law other than this Act.

13. Power to make rules.—The State Government may, by notification, make rules for carrying out the purposes of this Act.

14. Power to make regulations.—(1) The State Government or any authority authorized by the State Government may, by notification, make regulations conssitent with this Act and the rules made thereunder.

(2) In particular, and without prejudice to the generality of the foregoing power, such regulations may provide for all or any of the following matters, namely—

(a) the constitution and working and, terms and conditions of the Committee;

(b) the manner or criterion of determination of fee to be charged by a Private Professional Educational Institution from the students;

(c) the fees to be charged by the Private Professional Educational Institution from the students.

15. Power to remove difficulties.—(1) If any difficulty arises in giving effect to the provisions of this Ordinance, the State Government may, by notified order, make such provisions not inconsistent with the provisions of this Act, as appears to it to be necessary or expedient, for removing the difficulty.

(2) Every order made under this section shall, as soon as may after it is made, be laid before each House of Legislature.

16. Protection of action taken in good faith.—No suit, prosecution of other legal proceeding shall lie against the State Government or any officer of the State Government or the Appellate Authority, or Chairman and Members of the Committee for anything, which is in good faith done or intended to be done under this Act.

17. Repeal and saving.—(1) The Uttar Pradesh Private Professional Educational Institutions (Regulation of Admission and Fixation of Fee) Ordinance, 2006 (U.P. Ordinance No. 1 of 2006) is hereby repealed.

(2) Notwithstanding such repeal anything done or any action taken under the Ordinance referred to in sub-section (1) shall be deemed to have been done or taken under this Act as if the provisions of this Act were in force at all material times.

अध्याय 5

प्रकीर्ण

11. अपीलें—राज्य सरकार किसी ऐसे व्यक्ति के नेतृत्व में अपील प्राधिकरण की नियुक्ति करेगी जो उच्च न्यायालय का न्यायाधीश रह चुका है, जिसके समक्ष समिति के आदेश से क्षुब्ध व्यक्ति या व्यावसायिक संस्था ऐसे आदेश के प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन की अवधि के भीतर अपील दाखिल कर सकेगा।

12. अधिनियम का अध्यारोही प्रभाव होगा—इस अधिनियम के प्रावधान, तत्समय प्रवृत्त अन्य किसी भी विधि में अथवा इस अधिनियम को छोड़कर अन्य किसी विधि के आधार पर प्रभाव रखने वाले किसी भी लिखत में अन्तर्विष्ट, उससे असंगत किसी भी बात के होते हुए प्रभाव रखेंगे।

13. नियम बनाने की शक्ति—राज्य सरकार अधिसूचना के माध्यम से इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियमों की विरचना कर सकेगी।

14. विनियमों को बनाने की शक्ति—(1) राज्य सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई भी प्राधिकारी, अधिसूचना के माध्यम से, इस अधिनियम अथवा उसके अधीन बनायी गयी नियमावली से सुसंगत विनियमों की विरचना कर सकेगी।

(2) विशेष कर और शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे विनियमों में निम्नलिखित मामलों में से सभी के लिए या उनमें से किसी एक के लिए प्रावधान किये जा सकेंगे, अर्थात्—

(क) समिति के गठन तथा कार्य प्रणाली और निबन्धन एवं शर्तें;

(ख) निजी व्यावसायिक शैक्षिक संस्था द्वारा विद्यार्थियों से लिए जाने वाले शुल्क के अवधारण की रीति अथवा मापदण्ड;

(ग) निजी व्यावसायिक शैक्षिक संस्था द्वारा विद्यार्थियों से लिये जाने वाले शुल्क।

15. कठिनाईयों का अपसारण करने की शक्ति—(1) यदि इस अध्यादेश के प्रावधानों को प्रभावी बनाने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो राज्य सरकार अधिसूचित आदेश के माध्यम, ऐसे प्रावधानों को बना सकेगी जो इस अधिनियम के प्रावधानों से असंगत न हो, जिनका उसे कठिनाई को दूर करने के लिए आवश्यक अथवा समीचीन होना प्रकट होता हो।

(2) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक आदेश, जैसे ही उसे किया जाता है, विधान सभा के प्रत्येक सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

16. सद्भाव में की गयी कार्रवाई का संरक्षण—ऐसी किसी भी बात के लिए जिसे सद्भाव में किया जाता है अथवा इस अधिनियम के अधीन किया जाना आशयित है, राज्य सरकार अथवा राज्य सरकार के किसी भी अधिकार अथवा अपील प्राधिकारी या समिति के अध्यक्ष अथवा सदस्यों के विरुद्ध कोई भी वाद, अभियोजन अथवा अन्य विधिक कार्यवाही नहीं की जायेगी।

17. निरसन एवं व्यावृत्ति—(1) उत्तर प्रदेश निजी व्यावसायिक शैक्षिक संस्था (प्रवेश का विनियमन और शुल्क का स्थिरीकरण) अध्यादेश, 2006 (वर्ष 2006 का उ० प्र० अध्यादेश संख्या 1) को एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट अध्यादेश के अधीन की गयी किसी भी बात अथवा की गयी किसी भी कार्रवाई की, उस निरसन के बावजूद, इस अधिनियम के अधीन उसी प्रकार से किया जाना समझा जायेगा मानो इस अधिनियम के प्रावधान सभी तात्विक समयों पर प्रवृत्त रहे हों।

———————